राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 338
लखनऊ, रविवार 9 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



फर्रुखाबाद में शिवभक्ति की अनूठी मिसाल 10

नफरत फैलाने की राजनीति लेकर प्रयागराज आ रहे राहुल गांधी : केशव प्रसाद मौर्य 03

### रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका कसेगा शिकंजा

# सीनेट में 100 फीसदी टैरिफ विधेयक पास

- विधेयक 86-11 से पारित, भारत पर भी पड़ सकता है असर
- अंतिम रूप से कानून के लिए आगे की विधायी प्रक्रिया महत्वपूर्ण



**एजेंसी, वाशिंगटन।**

रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों के लिए अमेरिका संकट खड़ा कर सकता है। अमेरिकी सीनेट ने ऐसे देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का प्रावधान करने वाला विधेयक भारी बहुमत से पारित कर दिया है। प्रस्ताव के पक्ष में 86 सांसदों ने मतदान किया, जबकि 11 ने इसका विरोध किया। भारत उन प्रमुख देशों में शामिल है, जिन पर इस प्रस्ताव का असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी भारत पर नया टैरिफ लागू नहीं हुआ है। विधेयक को कानून का रूप लेने से पहले अमेरिकी संसद की आगे की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

अमेरिका का यह कदम रूस की ऊर्जा आय पर चोट करने और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच मॉस्को पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। प्रस्ताव में रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदने वाले देशों के उत्पादों पर भारी अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रावधान किया गया है। भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता है और इसी वजह से अमेरिकी कदम का संभावित असर भारत पर पड़ सकता है। सीनेट में विधेयक के पक्ष में पड़े 86 वोट इस मुद्दे पर अमेरिकी संसद में मौजूद व्यापक समर्थन को दर्शाते हैं। विरोध में केवल 11 वोट पड़े। भारी बहुमत से पारित होने के बाद अब इस प्रस्ताव पर आगे की विधायी प्रक्रिया महत्वपूर्ण हो गई है। अंतिम रूप से कानून बनने और उसके प्रावधान लागू होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि भारत समेत प्रभावित देशों पर कितना शुल्क लगाया जाएगा। भारत पर अमेरिकी दबाव बढ़ने की आशंका इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रूस से मिलने वाला कच्चा तेल भारतीय ऊर्जा जरूरतों का एक अहम हिस्सा बन चुका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने अपेक्षाकृत रियायती दरों पर कच्चा तेल उपलब्ध कराया। इसके बाद भारतीय तेल कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद बढ़ाई। इससे भारत को अपनी ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद मिली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के दबाव के बीच देश की जरूरतें पूरी करने में सुविधा हुई। भारत का रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्रोतों से कच्चा तेल खरीदता है।

**संभावित असर**

**निर्यात को झटका :** भारतीय सामान अमेरिका में महंगा होगा, जिससे ऑर्डर घट सकते हैं।
**उद्योगों पर दबाव :** कंपनियों को कीमत घटाकर बाजार बचाना पड़ सकता है, जिससे मुनाफा कम होगा।
**रोजगार प्रभावित :** निर्यात व उत्पादन घटने पर श्रम क्षेत्रों में नौकरियों पर असर पड़ सकता है।
**दवा-इंजीनियरिंग क्षेत्र :** दवा, इंजीनियरिंग, कपड़ा व रत्न-आभूषण के निर्यात क्षेत्रों पर दबाव बढ़ेगा।
**बाजार हिस्सेदारी का खतरा :** अमेरिकी खरीदार दूसरे देशों का रुख कर सकते हैं, जिससे भारत की हिस्सेदारी घट सकती है।
**रूसी तेल पर दोहरा दबाव :** रूस से सस्ता तेल खरीदने पर शुल्क का खतरा और खरीद घटाने पर महंगे तेल का बोझ बढ़ सकता है।
**तेल आयात बिल बढ़ेगा :** रूसी तेल की जगह महंगे स्रोतों से खरीद बढ़ी, तो भारत का आयात खर्च बढ़ सकता है।
**महंगाई का जोखिम :** महंगे तेल से परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ने पर महंगाई का दबाव बढ़ सकता है।
**रुपये पर दबाव :** निर्यात घटने से विदेशी मुद्रा आय कम हो सकती है, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका है।
**भारत-अमेरिका व्यापार तनाव :** भारत जवाबी शुल्क लगाता है तो दोनों देशों में व्यापारिक तनाव और बढ़ सकता है।

# सिस्टम युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा रहा : राहुल गांधी

**छात्रों की गूंज**



- बेरोजगारी, पेपर लीक व एआई को लेकर सरकार पर निशाना

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रयागराज में छात्रों से संवाद करते हुए बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितता और युवाओं के भविष्य को लेकर सरकार पर निशाना साधा। 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भारत के पास करीब 40 करोड़ युवा हैं और यही देश की सबसे बड़ी ताकत हैं, लेकिन मौजूदा व्यवस्था युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा रही है।

राहुल गांधी ने दावा किया कि 1000 युवाओं में केवल 12 को स्थायी नौकरी मिलती है। उन्होंने कहा कि परिवार शिक्षा पर लाखों रुपये खर्च करते हैं, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी के दरवाजे बंद दिखाई देते हैं। उन्होंने रोजगार के लिए विनिर्माण, स्टार्टअप और सरकारी नौकरी के क्षेत्र को लेकर भी सवाल उठाए।

राहुल ने कहा कि युवाओं से कहा जाता है कि जितनी रील देखनी है और बनानी है, बनाओ। उन्होंने रील को '21वीं सदी का नशा' बताते हुए कहा कि युवाओं का ध्यान रोजगार और भविष्य के सवालों से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एआई का आधार युवाओं का डेटा है।

राहुल ने आरोप लगाया कि युवाओं का डेटा बड़ी कंपनियों को दिया जा रहा है। 20वीं सदी में पेट्रोल ताकत था, जबकि 21वीं सदी में डेटा ताकत है। राहुल गांधी ने कहा कि छोटे व्यापारियों को बैंकों से ऋण नहीं मिलता, जबकि बड़े उद्योगपतियों को बड़ी रकम उपलब्ध कराई जाती है।

**पुष्प वर्षा**



शनिवार को मेरठ में कावड़ यात्रियों पर फूल बरसाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# यूपीआई भुगतान पर नहीं लगेगा शुल्क

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के जरिए भुगतान करने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यूपीआई लेनदेन उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त बने रहेंगे और उनसे किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। दरअसल, लोकसभा में टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल, 2026 पारित होने के बाद यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाए जाने को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। विधेयक में बैंकों को कुछ मर्चेंट लेनदेन पर शुल्क लेने की अनुमति से संबंधित प्रावधान का उल्लेख है। इसके बाद सवाल उठने लगा था कि क्या अब यूपीआई से भुगतान करने पर आम लोगों को भी शुल्क देना पड़ेगा।

सरकार ने इस आशंका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि आम उपयोगकर्ताओं के लिए यूपीआई भुगतान मुफ्त रहेगा।

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,52,550/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,39,850/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,14,460/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,45,000/किग्रा |



# बनेगा राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने न्यायाधिकरणों में सुधार से जुड़े न्यायाधिकरण सुधार विधेयक को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश में राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग गठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार की योजना है कि इस विधेयक को अब लोकसभा में पेश किया जाएगा।

संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने शुक्रवार को राज्यसभा में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधेयक में राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग एक स्वतंत्र निकाय के रूप में काम करेगा। यह देशभर में कार्यरत करीब 16 न्यायाधिकरणों से संबंधित नियुक्तियों, प्रशासनिक कामकाज और आधारभूत सुविधाओं की निगरानी करेगा।

आयोग का उद्देश्य न्यायाधिकरणों के कामकाज में बेहतर समन्वय और प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करना बताया गया है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग के अध्यक्ष पद पर सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की नियुक्ति की जाएगी। अध्यक्ष का कार्यकाल पांच वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, निर्धारित किया गया है।

आयोग के गठन से न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों और प्रशासनिक मामलों को एक केंद्रीय व्यवस्था के तहत लाने की कोशिश की जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### पीएम मोदी से मिले योगी, चुनाव पर चर्चा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के लिए प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। बैठक को 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, सरकार के कामकाज और चुनावी रणनीति पर चर्चा की संभावना है। इसके बाद योगी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात करेंगे।

### अरुणाचल के 27 स्थानों के बदले नाम

**नई दिल्ली।** चीन के अरुणाचल प्रदेश पर क्षेत्रीय दावों के बीच भारत ने 27 स्थानों के नाम बदलकर उन्हें आधिकारिक मानचित्र में शामिल किया है। नए नाम स्थानीय पहचान, ऐतिहासिक महत्व और भौगोलिक विशेषताओं के आधार पर रखे गए हैं। भारत पहले ही चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे और भारतीय क्षेत्रों के नाम बदलने के प्रयासों को खारिज कर चुका है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।

### छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान पर भारत की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। संसद की रक्षा मामलों की स्थायी समिति ने रक्षा मंत्रालय से ऐसे विमानों के विकास और अधिग्रहण की विस्तृत कार्ययोजना मांगी है। भारत फ्रांस के नेतृत्व वाले 'फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम' कार्यक्रम में शामिल होने की संभावनाएं तलाश रहा है। समिति ने बदलती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाने की भी सिफारिश की है।

# सवाल नहीं, समाधान खोजें युवा : प्रधानमंत्री

**आईआईटी में बोले**

- असल जिंदगी में सब कुछ पाठ्यक्रम से बाहर होता है

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी की अपनी चुनौतियां और जिम्मेदारियां होती हैं। आज की पीढ़ी के लिए आने वाला समय बेहद चुनौतीपूर्ण है। अगले 35 वर्षों में युवा जो काम करेंगे, वही विकसित भारत की नींव तैयार करेगा।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि केवल सवाल पूछना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन सवालों के समाधान तलाशने की आदत भी विकसित करनी चाहिए। उन्होंने आईआईटी के पूर्व विद्यार्थियों का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी समस्याओं की पहचान की, जिन पर पहले किसी का ध्यान नहीं गया था।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ हल्के-फुल्के अंदाज में संवाद भी किया। उन्होंने कहा, 'मैं बाबा बागेश्वर नहीं हूं, लेकिन कुछ तो आपके मन में चलता होगा।' प्रधानमंत्री की इस बात पर समारोह में मौजूद विद्यार्थियों और अतिथियों के बीच हंसी का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी आने वाले कल के लिए कोई न कोई सपना देख रहा होगा। कोई पहली नौकरी और वेतन का इंतजार कर रहा होगा, कोई अपना नया व्यवसाय शुरू करना चाहता होगा और कोई किसी नई प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा होगा। सभी के सपने अलग हैं। मोदी ने कहा कि विद्यार्थी ऐसे समय में संस्थान से निकल रहे हैं, जब पूरी दुनिया तेजी से बदल रही है। शिक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन और तकनीक के क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक की गति इतनी तेज है कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अगले 20 से 30 वर्षों में दुनिया कैसी होगी।



# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, पांच गिरफ्तार



**बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़**

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

नानपारा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के पुलिस और बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह के बीच मुठभेड़ हो गई। सरयू नहर की पटरी पर हाड़ा बसेड़ी के पास हुई इस कार्रवाई में पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मौके से उसके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के बिजली तार, तार काटने के उपकरण, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर नानपारा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली तार चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात भी चोरों ने क्षेत्र में बिजली के तार काटकर चोरी किए थे।

पुलिस टीम गिरोह की गतिविधियों पर नजर रख रही थी और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई जा रही थी। शनिवार सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बिजली तार चोरी करने वाला गिरोह चोरी के माल को ठिकाने लगाने और किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हाड़ा बसेड़ी के पास सरयू नहर की पटरी पर इकट्ठा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, खुद को चारों तरफ से घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया और उसके चार साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

घायल बदमाश समेत पांच गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, घायल बदमाश की पहचान कदीर पुत्र शफीक निवासी सिद्दबहि, थाना माती, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। गोली लगने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को कदीर के खिलाफ हत्या समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों की पहचान कृष्णा कुमार, कुलदीप गुप्ता, हरेन्द्र गुप्ता और उदयराज चौहान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चारों आरोपी खारोह, थाना रेउसा, जनपद सीतापुर के रहने वाले हैं। वहीं, गिरोह का एक अन्य सदस्य पुलिस की घेराबंदी से निकलकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, मारुति ईको कार, चोरी कर काटे गए बिजली के तारों के कई बंडल और तार काटने के उपकरण बरामद किए हैं। बरामद सामान के आधार पर पुलिस गिरोह से जुड़ी अन्य चोरी की घटनाओं की भी कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

## एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव समेत संबंधित अधिकारी फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटनास्थल से मिले सबूतों को जांच के लिए सुरक्षित कराया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर बिजली तार चोरी की अन्य घटनाओं, गिरोह के नेटवर्क और फरार आरोपी के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।

# एसपी ने सुनी जनसमस्याएं निस्तारण के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



को जनपद बहराइच के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने राजस्व विभाग की टीम के साथ थाना कैसरगंज में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा प्राप्त जनशिकायतों की निष्पक्ष एवं विधिसम्मत जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

साथ ही निर्देशित किया कि जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन्हें आवश्यक आख्या संलग्न कर संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रेषित किया जाए। साथ ही एसपी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों में राजस्व विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गये।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा ई-रिक्शा चोरी करने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा,4 बैटरी व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल बरामद की है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आज को मुअसं 575/ 2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तो शिवा पुत्र कैलाश निवासी पक्का तालाब थाना चिनहट जनपद लखनऊ,सूरज पुत्र रामभरत कन्नौजिया निवासी पक्का तालाब थाना चिनहट जनपद लखनऊ, रामजीपाल पुत्र बृजलाल पाल निवासी बिशुनपुरा थाना करनैलगंज जनपद गोंडा को शुगर मिल रोड, बाराबंकी से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से चोरी का एक अदद ई-रिक्शा यूपी 41 सीटी 1728, 4 अदद ई-रिक्शा बैटरी, 350 रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल स्पलेंडर यूपी 41 बीएल 2228 बरामद की गई।पूछताछ एवं जाँच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तो का एक संगठित गिरोह बनाकर ई-रिक्शा चोरी करते हैं और उनके पुर्जे अलग-अलग कर उन्हें कबाड़ या अन्य माध्यमों से बेच देते थे।

### आत्महत्या करने की कोशिश कर रहे युवक को बचाया

**बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में दौलतपुर गाँव के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर किमी 36 पर शनिवार की सुबह एक युवक पुल पर चढ़कर जान देने की कोशिश करने लगा।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे समझा- बुझाकर नीचे उतारकर थाने लाकर उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया। युवक थाना असंद्रा के ममारापुर गांव निवासी पवन कश्यप 20 वर्ष बताया जाता है।पिता राम निवास ने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है।एक सप्ताह पहले कमाने की बात कहकर घर से चला गया था।उसका पता नहीं चल रहा था। पुलिस से पता चला कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के पुल पर चढ़कर कूद कर जान देने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने बचा लिया।कोतवाल अनिल कुमार पाण्डेय ने समझा-बुझाकर कर युवक को पुल से नीचे उतारकर थाने लाकर परिजनों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया।

### बाइक की टक्कर से सायकिल सवार घायल

**बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ बछरावां रोड पर शनिवार की दोपहर बाद मोटरसाइकिल सवार द्वारा पीछे से टक्कर मार देने से साइकिल सवाल गंभीर रूप से घायल हो गया एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाये गए घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली के जासेपुर गाँव निवासी अंसार अली पुत्र अब्दुल वाहिद 37 वर्ष शनिवार की दोपहर बाद साइकिल से हैदरगढ़ की ओर आ रहे थे जब वह हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर धनी सिंह चक्की से थोड़ा आगे पहुंचे कभी पीछे से आया मोटरसाइकिल सवार टक्कर मारते हुए फरार हो गया।

### सीएमओ ने अनुपस्थिति स्टाफ का रोका रोका

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने विशेश्वरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिल रही शिकायतों का जायजा लिया तो अस्पताल खुला मिला। सफाईकर्मी और चौकीदार उपस्थित मिले। इसको अलावा को भी कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला।इस पर सीएमओ ने पूरे स्टाफ का वेतन रोककर उनसे जवाब मांगा है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरा का शनिवार दोपहर 12 बजे निरीक्षण किया तो उन्हें अस्पताल तो खुला मिला। लेकिन सफाईकर्मी और चौकीदार के अलावा कोई भी स्टाफ उपस्थित नहीं मिला इससे नाराज मुख्य चिकित्साधिकारी ने पूरे स्टाफ का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी किया है। सीएमओ ने बताया लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरा पहुंचे वहां पर दो स्टाफ के अलावा कोई और स्टाफ नहीं मिला। और सफाईकर्मी भानु द्वारा अस्पताल में कोई भी सफाई नहीं की थी। जमीन पर एवं डस्टबिन में कुछ दिन पुरानी गंदी चीजें पड़ी थी। अपने कार्यों एवं दायित्वों के प्रति संवेदनहीनता दिखाने के लिए पूरे स्टाफ का वेतन रोका जा रहा है।और संतोषजनक स्पष्टीकरण न आने की स्थिति में विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि पर विचार किया जाएगा।

### जनपद भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह एवं सदस्यगण बृजेश कुमार (सेवानिवृत्त जिला जज), सन्तोष कुमार विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त अपर जिला जज), डॉ0 अरविन्द कुमार चौरसिया (सेवानिवृत्त आईएएस) जनपद बलरामपुर के भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जनपद भ्रमण के दौरान आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण द्वारा विकास खण्ड तुलसीपुर देहात में ग्राम तुलसीपुर देहात में बैठक एवं जनसुनवाई की गई। इस दौरान आयोग ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक परिस्थितियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आयोग द्वारा ग्राम स्तर पर विभिन्न वर्गों की आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पक्षों के विचार जाने गए तथा उनसे सुझाव प्राप्त किए गए।

# एक ही गांव में दो घरों में चोरी से हड़कंप

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



- तीसरे घर का ताला तोड़ने में नाकाम रहे चोर
- थाना प्रभारी को नहीं है चोरी के घटना की जानकारी

मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरांकलां में बुधवार की रात चोरों ने एक के बाद एक तीन घरों को निशाना बनाया। दो घरों में घुसकर चोर सोने के जेवर, मोबाइल फोन, नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए, जबकि तीसरे घर का ताला तोड़ने में असफल रहे।

घरवालों के जागने और शोर मचाने पर चोर मौके से भाग निकले। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात करीब तीन बजे चोर ग्राम पंचायत सरांकलां निवासी उमरावती देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र के घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखे पुश्तैनी सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सुबह नींद खुलने पर उमरावती देवी ने घर का सामान बिखरा देखा। सामान की जांच करने पर जेवर गायब मिले, जिसके बाद घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी गई।इसके बाद चोरों ने इसी ग्रामसभा के निवासी चेतराम पुत्र बद्दल के घर को निशाना बनाया। चोर घर में घुसकर एक आईफोन, चार्जर और करीब दस हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने तीसरी वारदात संजय पुत्र कांग्रेस के घर में करने का प्रयास किया। चोर ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी घरवालों की नींद खुल गई। शोर-शराबा होने पर चोर मौके से भाग निकले। ग्रामीण युवक अमन पुत्र छोटेलाल, उम्र करीब 20 वर्ष, ने बताया कि वह सेना भर्ती की तैयारी करता है। उसके अनुसार, सुबह करीब चार बजे संजय ने फोन कर घर में चोरी के प्रयास की जानकारी दी। इसके बाद वह दौड़कर वापस आ रहा था। इसी दौरान छोटू पुरवा के पास जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर उसे दो बाइक पर पांच लोग सवार दिखाई दिए। इनमें एक अपाचे और दूसरी प्लेटिना बाइक थी।

अमन ने शक होने पर बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि बाइक सवारों ने तमंचा निकालकर उसे धमकाया। अमन ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी संदिग्ध मौके से फरार हो गए। घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष और भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है।वहीं थाना प्रभारी मोतीपुर ब्रह्मागौंड ने बताया कि उन्हें घटना के संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

# टांडा में रविदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प

समृद्धि न्यूज, अंबेडकर नगर।



भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आवाहन पर 4 माह चलने वाली समरसता संकल्प अभियान के तहद चलने वाले वंदन कलश यात्रा का आज टाण्डा विधानसभा के नगर मंडल के शक्ति केंद्र काशमिरिया, अर्खापुर, अलहदादपुर, रसूलपुर हरिजन, मुबारकपुर में आगमन हुआ जहां बड़ी संख्या में माताएं बहने भैया लोगो सहित कार्यकर्ताओ ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन से जुड़े विषय वक्ताओं से सुने और कलश को पुष्पों से स्वागत कर रविदास जी को नमन कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया!

कलश वंदन सभा को सम्बोधित करते हुए हिंदूवादी भाजपा नेता श्याम बाबू ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा को अपने भक्ति को भक्ति के बल पर चरितार्थ कर समाज में व्याप्य आडंबरों से दूर रहने का जो रविदास जी ने संदेश दिया उसे लोगो को स्मरण रहे इस निमित्त यह यात्रा निकाली गई है। श्याम बाबू ने कहा मोची का काम करने वाले रविदास जी सासतार्थ में हारने का मंसूबा लेकर आने वाले खुद हारे और रविदास जी के शिष्य बनकर भक्ति का मार्ग अपनाया !उन्होंने समाज से ऊंच नीच,जातिपाति के बंधन से समाज को बाहर आने का प्रयास जीवन पर्यन्त किया।

सभा को परशुराम चौधरी,रमेश गुप्ता, बच्चू लाल भारती, नगर उपाध्यक्ष राकेश गौड़ में सम्बोधित किया। नगर मंडल अध्यक्ष तेजश्वी जायसवाल ने कहा आज़ादी के पूर्व और फिर आज़ादी के बाद अपनी सरकार बनाने के बाद हमारे महापुरुषो को सम्मान देने के बजाय उन्हें समान हेय भरी निगाह से देखे ऐसा प्रयास किया जाता रहा पर मोदी जी सभी महापुरुषो को उनके द्वारा किये गए समाज के हित मे कार्यो का बखान कर समाज के बीच परिचय कराया।

और यथा सम्भव सम्मान देने का काम किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष लता श्रीवास्तव, बबिता चौरसिया, अधिवक्ता दीपिका साह, सुमन गुप्ता, तारा देवी कन्नौजिया, मनोज मिश्रा, शिवम मौर्या, अशोक विश्वकर्मा, आशिष सोनी, जयपाल मौर्य, दीपक, जंगबहादुर, दुर्गेश पाठक, पिंटू जायसवाल, आशिष यादव, मनोज यादव, रोहित गौड़, राजेश जायसवाल, कमलेश उर्फ गुड्डू प्रधान, कुलदीप कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह को दी श्रद्धांजलि

- शारदाकुंज पहुंचकर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की
- परिजनों से भेंटकर व्यक्त की शोक संवेदना

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री बृजेश पाठक ने बलरामपुर प्रवास के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हनुमंत सिंह के शारदा कुंज स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय हनुमंत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया।

उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने स्वर्गीय हनुमंत सिंह के भाई श्री शिवप्रताप सिंह एवं पुत्र श्री अखिलेश सिंह 'गुड्डू' से भेंटकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हनुमंत सिंह का सार्वजनिक जीवन और क्षेत्र के विकास में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय हनुमंत सिंह ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समाज और क्षेत्र के हितों के लिए निरंतर कार्य किया। उनका सरल व्यवहार,जनसेवा के प्रति समर्पण और लोगों से आत्मीय संबंध हमेशा याद किए जाएंगे। श्री बृजेश पाठक ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## किशोरियों के स्वस्थ व सुरक्षित भविष्य की दिशा में प्रभावी रूप से जारी एचपीवी टीकाकरण अभियान

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान 01 अप्रैल से 31 अगस्त 2026 तक चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद में निर्धारित 28,836 किशोरियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 22,158 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं, 08 अगस्त 2026 को विशेष प्रयासों के तहत 800 से अधिक किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया गया। एचपीवी टीकाकरण में जनपद अम्बेडकरनगर मंडल में प्रथम स्थान पर प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है।

# कृति पब्लिक स्कूल में सावन उत्सव की धूम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज



भगवानपुर स्थित कृति पब्लिक स्कूल में शनिवार को सावन उत्सव के दौरान महिलाओं ने मेहंदी, मटकी सजावट, नेल आर्ट, राखी निर्माण, गायन, नृत्य और रैंप वॉक में प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में सावन क्वीन का चयन भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. फरजाना शकील अली ने बच्चों की दादियों और नानियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया।

सावन उत्सव में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। रैंप वॉक और सावन के गीतों पर नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। पूजा गुप्ता, शिल्पी जैन और पूजा साहनी को सावन क्वीन का ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।

# इश्क़ इज़ फ़ॉर एवर | इतिहास की पृष्ठभूमि में प्रेम व प्रतिरोध की कथा

रत्नेश कुमार, समीक्षक



**बाराबंकी।** किसी भी उपन्यास की सार्थकता केवल इस बात में नहीं होती कि वह पाठक को एक रोचक कहानी सुनाए, बल्कि उसकी असली सफलता तब होती है जब कथा समाप्त होने के बाद भी उसके पात्र, घटनाएँ और सवाल पाठक के भीतर बने रहें। मूसा ख़ान आशांत बाराबंकवी का उपन्यास 'इश्क़ इज़ फ़ॉरएवर' इसी कसौटी पर अपने लिए एक अलग जगह बनाने का प्रयास करता है। यह रचना राष्ट्रप्रेम और प्रेम को केंद्र में रखते हुए उन्नीसवीं सदी के आरंभिक दशकों के मध्य भारत की राजनीतिक हलचल, पिंडारी जीवन और अंग्रेज़ी सत्ता के विस्तार को कथा का आधार बनाती है।

इश्क़ इज़ फ़ॉरएवर में केवल घटनाएँ गढ़ने पर नहीं, बल्कि एक ऐसे समय और परिवेश को रचने पर है जिसमें पात्र अपने निजी जीवन और तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के बीच लगातार जूझते दिखाई देते हैं।

उपन्यास का कालखंड लगभग 1813 से 1823 के बीच का है।

पिंडारियों को इतिहास में प्रायः लूट और हिंसा से जोड़कर देखा गया है। उपन्यासकार इस छवि के दूसरे पहलू की पड़ताल करता हैं। उसका आग्रह यह समझने का है कि किसी ऐतिहासिक समुदाय को केवल उसके बारे में लिखे गए आधिकारिक विवरणों से नहीं समझा जा सकता; उसके पीछे मौजूद राजनीतिक परिस्थितियों और जीवन-संघर्ष को भी देखना आवश्यक है। इस दृष्टि से उपन्यास इतिहास का अंतिम निष्कर्ष देने के बजाय एक वैकल्पिक प्रश्न खड़ा करता है।

कथा को विश्वसनीय वातावरण देने में जबलपुर, मदनमहल, गढ़ा-कटंगा और नर्मदा अंचल की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये स्थान उपन्यास में केवल पृष्ठभूमि नहीं बनते, बल्कि कथा के वातावरण को आकार देते हैं। उपन्यास का सबसे प्रभावशाली रचनात्मक पक्ष वासील ख़ान और ब्रिटिश युवती मारिया वॉरेन हेस्टिंग्स के बीच विकसित होने वाला संबंध है। दोनों की पहली मुलाकात ही ऐसी परिस्थितियों में होती है जहाँ जीवन और मृत्यु का प्रश्न सामने है।

लेखक कथा को एक व्यापक मानवीय अर्थ देते हैं। वासील और मारिया का संबंध किसी तात्कालिक आकर्षण की कथा नहीं, बल्कि उस दौर की राजनीतिक सीमाओं के भीतर पैदा हुआ एक ऐसा रिश्ता है, जो अपने आसपास मौजूद पूर्वाग्रहों और विरोधों से लगातार टकराता है।

प्रेम यहाँ कथा का भावनात्मक पक्ष है, लेकिन उसके माध्यम से लेखक संस्कृति, सत्ता और मनुष्य के बीच संबंधों पर भी विचार करते हैं। उपन्यास में ऐतिहासिक पात्रों और काल्पनिक चरित्रों का संयोजन भी ध्यान देने योग्य है। लेखक ने अंग्रेज़ी शासन की राजनीतिक रणनीतियों को भी कथा में जगह दी है। सत्ता विस्तार के साथ स्थानीय शक्तियों के बीच पैदा किए गए मतभेद, सैन्य दबाव और पिंडारियों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के प्रयास उपन्यास के राजनीतिक पक्ष को मजबूत करते है।

कथानक इस उपन्यास की प्रमुख शक्ति है। घटनाएँ लगातार आगे बढ़ती हैं और पाठक को यह जानने की उत्सुकता बनी रहती है कि पात्र अगली परिस्थिति में किस निर्णय तक पहुँचेंगे। युद्ध और संघर्ष वाले प्रसंगों के साथ प्रेम और भावनात्मक स्थितियों को जोड़ने से कथा में विविधता आती है। यही विविधता उपन्यास को एकरेखीय होने से बचाती है।

शिल्प की दृष्टि से भी रचना में विशेष संभावनाएँ दिखाई देती हैं। लेखक ने भाषा को बोझिल बनाने के बजाय सहज और प्रवाहपूर्ण रखने की कोशिश की है। संवाद में अंग्रेजी शब्द कथा को गति प्रदान करते हैं और वर्णनात्मक अंश वातावरण निर्माण में सहायक होते हैं। अंग्रेजी शब्दों के कारण वाक्य-विन्यास में प्रवाह है, जिसके कारण ऐतिहासिक सामग्री होने के बावजूद कथा दस्तावेज़ जैसी नहीं लगती।

इस उपन्यास को पढ़ते समय यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ऐतिहासिक उपन्यास इतिहास की पाठ्यपुस्तक नहीं होता। जहाँ वास्तविक ऐतिहासिक पात्र और घटनाएँ कथा का आधार बनती हैं, वहीं

लेखक की कल्पना उन्हें एक साहित्यिक संरचना प्रदान करती है। इसलिए इसकी सफलता इस बात में है कि कल्पना इतिहास की आत्मा को कितना विश्वसनीय रूप दे पाती है। 'इश्क़ इज़ फ़ॉरएवर' इसी चुनौती को स्वीकार करता हुआ दिखाई देता है। उपन्यास यह संकेत देता है कि समय और सत्ता बदल सकती है, राजनीतिक सीमाएँ मिट सकती हैं, लेकिन मनुष्य की मूल भावनाएँ अपने अर्थ में कहीं अधिक स्थायी होती हैं। यही विचार कथा को उसके रोमांटिक धरातल से उठाकर मानवीय धरातल तक ले जाता है। कुल मिलाकर 'इश्क़ इज़ फ़ॉरएवर' प्रेम, इतिहास और संघर्ष के मेल से तैयार की गई एक महत्वाकांक्षी रचना है।

इसकी विशेषता इसका विषय भर नहीं, बल्कि उस विषय को कथा में ढालने की लेखक की कोशिश है।

# शिक्षा सम्पन्नता का द्वार खोलती है : नवीन कुमार पाठक

- यूनीफार्म, बस्ता पाकर चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के छात्रों के खिले चेहरे

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।



शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के वंचित और अवसरों से दूर वर्ग के लिए सम्पन्नता एवं सम्मान के द्वार खोलने का सबसे सशक्त माध्यम है। गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराना उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

यह विचार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने ग्राम छन्दवल में स्वयंसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के विद्यार्थियों को यूनीफार्म एवं स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जब कोई बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में उन्नति करता है तो उससे सबसे अधिक आत्मसंतुष्टि उस शिक्षक को होती है, जिसने उसे पढ़ाया और आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में शिक्षा की रोशनी को उन घरों तक पहुंचाते हैं, जहां संसाधनों का अभाव है।

समाजसेवी देवेश गुप्ता ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन के साथ पढ़ाई करने और अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

## परिस्थितियां किसी बच्चे की प्रतिभा को रोक नहीं सकतीं

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां किसी बच्चे की प्रतिभा को रोक नहीं सकतीं, यदि उसे सही मार्गदर्शन और अवसर मिल जाए। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल की स्थापना के पीछे के उद्देश्य, प्रयासों और संघर्षों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्था का संकल्प है कि आर्थिक अभाव किसी बच्चे की शिक्षा के मार्ग में बाधा न बने और प्रत्येक बच्चे को सीखने, आगे बढ़ने तथा अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिले।

इस अवसर पर विद्यालय के 100 बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म एवं स्कूल बैग वितरित किए गए। यूनिफार्म और स्कूल बैग प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। स्कूल परिसर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पौध रोपण किया। इस मौके पर स्कूल का नवनिर्मित प्रशासनिक कक्ष का फीता काटकर बीएसए ने उद्घाटन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रिया मौर्या, सरिता यादव, इलावती, शिक्षक सुनील कुमार, आर.एन. रावत, पलक कनौजिया, अर्चना, छाया देवी, जियालाल एवं सरोज सहित करीब एक सैकड़ा बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रदेश के बड़े अफसर अब स्कूलों में देंगे दस्तक

- छात्रों से करेंगे संवाद
- मंडलायुक्त की निगरानी में चलेगा कार्यक्रम
- छात्रों का किया जाएगा संपूर्ण विकास

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



युवाओं को अपडेट करने के साथ उनको नई तकनीकी से रूबरू करने के लिए प्रदेश के नामी अफसर अब स्कूलों में दस्तक देंगे। उनके सर्वांगीण विकास, उनकी क्षमताओं के समुचित उपयोग और उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, रोजगार एवं उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एवं भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारी इंटर स्तर के विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद कर उन्हें प्रेरित करेंगे और करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समस्त मंडलायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त कार्यक्रम की समय-समय पर अपने स्तर पर समीक्षा करें। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, समस्त मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) तथा समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे संबंधित विद्यालयों को कार्यक्रम के संबंध में अपने स्तर से अवगत कराएं तथा संबंधित अधिकारी और विद्यालय के प्रबंध तंत्र के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित कराएं, ताकि कार्यक्रम का सुचारु एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके।

### विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस, और आईएफएस के युवा अधिकारी हर माह कम से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करें। इस दौरान अधिकारियों के अनुभव, कार्यशैली और जीवन संघर्ष विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे, वहीं संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनकी आकांक्षाओं को सही दिशा देने में मदद मिलेगी।

# नफरत फैलाने की राजनीति लेकर प्रयागराज आ रहे राहुल गांधी : केशव प्रसाद मौर्य

- विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा प्रयागराज
- आस्था-अनास्था पर सवाल करना ठीक नहीं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बचकानी राजनीति के प्रतीक बन चुके राहुल गांधी अपनी कथित 'मोहब्बत की दुकान' से 'नफरत फैलाने' की राजनीति लेकर आज प्रयागराज आ रहे हैं। मौक़ा मिले तो स्थल ही नहीं, बल्कि आनंद भवन और उसके आसपास भी घूम लीजिए।

आपको खुद एहसास होगा कि आपके परिवार ने अपना घर होने के बावजूद प्रयागराज को सालों तक 'उपेक्षित' छोड़ रखा था। उपमुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रयागराज आज भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां अब केवल छात्रों की आवाज़ ही नहीं, बल्कि विकास की गूंज भी सुनाई देती है। आपकी आस्था-अनास्था पर सवाल करना ठीक नहीं है लेकिन अगर समय मिले तो पवित्र संगम और पुण्य धाम श्रृंगवेरपुर के भी दर्शन जरूर कीजिएगा।

हो सकता है कि तब आप भी डबल इंजन सरकार के 'विरासत के साथ विकास' के संकल्प और उसके परिणामों को बेहिचक स्वीकार कर लें।

## खबरें एक नजर में

### कार में मिली लाश मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र में बीते छह अगस्त को सालहे तिराहे पर खड़ी एक कार में मिले शव के मामले में पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। युवक की मारपीट कर हत्या के बाद दो लोग शव को कार में रखकर फरार हो गये थे। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि सालेहनगर तिराहे पर छह अगस्त को कार में एक युवक की लाश मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से मृत्यु की पुष्टि हुई थी। वहीं, मृतक ज्ञानेंद्र के भाई शशिवेंद्र सिंह ने हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू की। तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर अशियाना निवासी सचिन उर्फ चाइना और जितेंद्र उर्फ जीतू को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि पुलिस की जांच में पाया गया कि गिरफ्तार आरोपितों और मृतक ज्ञानेंद्र ने घटना वाले दिन देशी शराब की दुकान में शराब पी। इसके बाद किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद उनके बीच मारपीट हो गई। इस दौरान गिरफ्तार आरोपित ने ज्ञानेंद्र की मारपीट कर हत्या कर दी और शव को कार में पीछे की सीट पर लेटाकर सालेहनगर तिराहे पर खड़ी करके भाग गये थे। पुलिस ने आरोपितों ने अपना जुर्म कबूल किया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नकली नोटों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने नकली भारतीय करेंसी की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 500-500 रुपये के 201 नकली नोट बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत एक लाख पांच सौ रुपये हैं। एटीएस की ओर से शनिवार को बताया गया कि कुछ लोग भारत के बांग्लादेश अन्तरराष्ट्रीय सीमा मालदा पश्चिम बंगाल से उच्च गुणवत्ता की भारतीय करेंसी लाकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तस्करी की जा रही है। इसकी वजह से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। इसी मामले में जांच कर रही एटीएस ने एक सूचना के आधार पर शुक्रवार को कासगंज निवासी अजीम खान और राज उर्फ समीरुल को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच सौ-पांच सौ के 201 नोट बरामद हुए हैं। बरामद नोटों की भारतीय रिजर्व बैंक के मानकों के अनरूप चेक करने पर प्रथम दृष्टया जांच में पाया कि नोट हाई क्वालिटी की प्रतीत हो रही हैं। जांच के लिए नोटों को प्रयोगशाला भेजा गया है। साथ ही आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके गिरोह में शामिल अन्य लोगों के बारे में पता किया जा रहा है।

### भाजपा के क्षेत्र व मोर्चों के प्रभारी घोषित



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के क्षेत्र एवं मोर्चा प्रभारियों के नामों की घोषणा शनिवार को कर दी। पार्टी कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार भाजपा के प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान को पश्चिम, प्रदेश महामंत्री गीता शाक्य को ब्रज और प्रदेश महामंत्री शंकरलाल लोधी को कानपुर क्षेत्र को प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल को अवध, प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा को गोरखपुर और प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह को काशी क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश चौधरी को युवा मोर्चा, संजय राय को पिछड़ा मोर्चा और शंकर गिरि को किसान मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार डॉ. धर्मेन्द्र सिंह को अनुसूचित मोर्चा, कामेश्वर सिंह को महिला मोर्चा, प्रियंका रावत को अनुसूचित जनजाति मोर्चा और देवेश कोरी को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला को मुख्यालय प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा को मीडिया प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर को विस्तारक योजना का संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना मिश्रा को मन की बात का संयोजक और प्रदेश मंत्री राहुल वाल्मीकि को मन की बात का सह संयोजक बनाया गया है।

# भोजपुरी संस्कृति व संगीत से गूंजा भोजपुरी महोत्सव

- कार्यक्रम में मनोज तिवारी, पंकज चौधरी जैसे बड़े दिग्गज हुए शामिल
- विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियां सम्मानित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




राजधानी लखनऊ शनिवार को भोजपुरी लोक संस्कृति और संगीत के रंग में रंगने जा रही है। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज की ओर से आयोजित 42वें भोजपुरी महोत्सव में लोक कलाकारों के साथ राजनीति और सामाजिक क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल होंगी। कार्यक्रम का आयोजन लोक निर्माण विभाग स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में किया जा रहा है।

महोत्सव में दिल्ली से भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता-गायक मनोज तिवारी भी पहुंचे। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। वहीं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख जनप्रतिनिधिय मौजूदगी रहेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

महोत्सव में भोजपुरी भाषा, लोकगीत और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित भी किया गया। केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मनोज तिवारी, सूर्य प्रताप शाही और जयवीर सिंह को भोजपुरी शिरोमणि सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अलावा महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और वरिष्ठ पत्रकारों को भोजपुरी रत्न सम्मान दिया जाएगा। कार्यक्रम में भोजपुरी लोकगायक गोपाल राय, असम की चर्चित गायिका कल्पना पटवारी समेत 50 से अधिक लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दी।

दोपहर तीन बजे से शुरू होकर महोत्सव शाम आठ बजे तक चलेगा। आयोजकों का कहना है कि महोत्सव का उद्देश्य भोजपुरी भाषा और संस्कृति की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। लखनऊ में होने वाला यह आयोजन भोजपुरी समाज के लोगों के लिए सांस्कृतिक मिलन का भी बड़ा मंच बनेगा।

# बसपा सर्वसमाज हितैषी पार्टी : मायावती

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा गिरगिट की तरह रंग बदलती है, जबकि बसपा सर्वसमाज हितैषी अम्बेडकरवादी पार्टी है।

बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि, सर्वविदित है कि बसपा सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति व सिद्धान्त पर अमल करने वाली सर्वसमाज हितैषी अम्बेडकरवादी पार्टी है। इसी आधार पर बसपा ने यूपी में अपनी सरकार चलायी है, जबकि सपा अपनी संकीर्ण जातिवादी राजनीति व चुनावी स्वार्थ आदि की ख़ातिर जगज़ाहिर तौर पर गिरगिट की तरह रंग बदलती रहती है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा के प्रचारित इनका कथित पीडीए अर्थात (पिछड़ा, दलित, अक्लियत) में पहले पी से पिछड़े प्रचारित करने के बाद अब, अपर कास्ट समाज में ख़ासकर ब्राह्मण समाज को बसपा से तेज़ी से जुड़ता हुआ देख व उसी के आधार पर पार्टी उम्मीदवार भी बनाये जाने से विचलित होकर सपा ने अब पी से पण्डित कर दिया है, जो इनके राजनीतिक छल व छलावे का एक और प्रमाण है। ऐसे राजनीतिक छल व छलावे कि राजनीति से किसी व्यक्ति विशेष का कुछ समय के लिए वक्ती तौर पर थोड़ा भला तो हो सकता है किन्तु इससे उस सम्पूर्ण समाज का भला कभी नहीं हो सकता है।

# वानस्पतिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा रहा : डॉ. जितेंद्र




- वैज्ञानिक संस्थान सामाजिक जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित कर रहे

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के वैज्ञानिक संस्थान अब केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं बल्कि समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थानों को उभरती पर्यावरणीय एवं जलवायु संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी का समन्वय करना चाहिए।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को यहां इको-एजुकेशनल हब का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने पर्यावरण शिक्षा, जैव विविधता संरक्षण तथा भारत की समृद्ध वनस्पति विरासत को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई), लखनऊ ने बन्थरा स्थित महर्षि पराशर बायोरिसोर्स सेंटर (एमपीबीसी) में विकसित प्रकृति ज्ञानधाम राष्ट्र को समर्पित किया। यह एकीकृत परिसर देश का अपनी तरह का पहला इको-एजुकेशनल हब है, जिसे वैज्ञानिक अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण, संस्कृति और जन-जागरूकता को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। अपने संबोधन में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह इको-एजुकेशनल हब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस परिकल्पना को साकार करता है, जिसमें विज्ञान, सतत विकास और जनभागीदारी को एकीकृत करते हुए देश की वानस्पतिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा रहा है। यह केंद्र विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए पर्यावरण शिक्षा, जैव विविधता संरक्षण तथा अनुभवात्मक अधिगम का एक अनूठा मंच सिद्ध होगा।

उन्होंने किसानों, उद्योगों तथा आम जनता के हित में वैज्ञानिक अनुसंधान को उपयोगी प्रौद्योगिकियों और उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए सीएसआईआर-एनबीआरआई के प्रयासों की सराहना की।

# पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट को लेकर सपा का जोरदार प्रदर्शन

- हजरतगंज में जमकर की नारेबाजी
- पुलिस ने इको गार्डन भेजा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



पेट्रोल में एथनॉल की मिलावट के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजधानी लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पेट्रोल में एथनॉल मिलाये जाने को लेकर सवाल उठाए।

सपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि पेट्रोल में एथनॉल की मिलावट बढ़ने से आम वाहन चालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उनका कहना था कि सरकार को इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और जनता को यह बताया जाना चाहिए कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से वाहन चालकों को वास्तविक रूप से क्या लाभ मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि महंगाई के दौर में पहले से ही आम आदमी पेट्रोल-डीजल की कीमतों से परेशान है। ऐसे में ईंधन की गुणवत्ता और वाहनों के माइलेज को लेकर भी उपभोक्ताओं के बीच चिंता बनी हुई है। कार्यकर्ताओं ने सरकार से एथनॉल मिश्रण की नीति की समीक्षा करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान हजरतगंज चौराहे पर कुछ समय के लिए माहौल गरमा गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने और प्रदर्शन समाप्त करने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर मौके पर डटे रहे। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

पुलिस सभी हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को बसों के जरिए इको गार्डन लेकर रवाना हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी जारी रखी।

सपा नेताओं ने कहा कि पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी लगातार आवाज उठाती रहेगी। उनका कहना था कि सर को नीतियां बनाते समय आम उपभोक्ताओं और वा चालकों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता साइकिल रैली

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



नशे के खिलाफ जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकारी तंत्र के साथ आम लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। इसी क्रम में शनिवार को जन भवन से 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में जन भवन के करीब 150 कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसका उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा।

राज्यपाल के निर्देशन पर साइकिल रैली जन भवन से रवाना होकर लखनऊ के विभिन्न वार्डों से होते हुए पुनः जन भवन पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने नशे के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया। रैली के विभिन्न पड़ावों पर जनसमुदाय को नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। जन भवन के कार्मिकों ने स्वयं सड़क पर उतरकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विभिन्न जगहों से गुजरने के दौरान रैली ने बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नशामुक्त समाज के संकल्प को मजबूत किया। अभियान के माध्यम से विशेष रूप से युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने, परिवारों को जागरूक करने और समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करने का संदेश दिया गया। राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आर.एल राजवंशी ने कहा कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है।

### लखनऊ में मेडिकल टूरिज्म के विकास की अपार संभावनाएं : मुख्य सचिव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने शनिवार को गोमती नगर विस्तार स्थित हेल्थसिटी विस्तार सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि संस्थान की ओर से बड़ी संख्या में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मरीजों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नई सुपरस्पेशियलिटी सेवाओं तथा अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को निरंतर शामिल किया जाना सराहनीय है। मुख्य सचिव ने कहा कि विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

## शियासत — सपा की नई कोशिश ला रही रंग, जन चौपाल यात्रा का दिखा सकारात्मक प्रभाव

# पीडीए जन चौपाल बना समाज के पिछड़े व वंचित वर्गों तक पहुंचने का सेतु

- बूथ व गांव स्तर तक संगठन को सक्रिय करने की पहल
- स्थानीय कार्यकर्ताओं की भूमिका बनी महत्वपूर्ण

अनुराग शुक्ल।




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी ने संगठन को बूथ और गांव के स्तर तक सक्रिय करने के साथ सामाजिक समीकरणों को विस्तार देने की रणनीति पर काम तेज कर दिया है। पार्टी की पीडीए जन चौपाल और जनसंपर्क गतिविधियों के जरिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के बीच संवाद स्थापित करने का प्रयास लगातार जारी है। इस अभियान में प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ स्थानीय पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी अहम मानी जा रही है।

समाजवादी पार्टी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बड़े नेताओं के कार्यक्रमों तक सीमित रहने के बजाय स्थानीय संगठन के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाई जाए। जन चौपालों में स्थानीय समस्याओं, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, किसानों और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को उठाकर पार्टी अपने पारंपरिक सामाजिक आधार को मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

इसी क्रम में पार्टी ने अब ब्राह्मण समाज के बीच भी अपनी राजनीतिक पहुंच बढ़ाने की कवायद तेज की है। छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की जयंती को पार्टी इस अभियान के लिए महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देख रही है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, ब्राह्मण समाज के साथ संवाद का उद्देश्य केवल चुनावी गणित तक सीमित रखना नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा और जनेश्वर मिश्र की सामाजिक सरोकारों वाली राजनीति को इस वर्ग तक पहुंचाना भी है। पार्टी की ओर से ब्राह्मण नेताओं की भूमिका बढ़ाने, संगठन में प्रतिनिधित्व मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर संवाद कायम करने पर जोर दिया जा रहा है। वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग भदौरिया के मुताबिक पीडीए का अर्थ किसी वर्ग को अलग करना नहीं, बल्कि समाज के उन सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है जो सामाजिक न्याय, समान अवसर और लोकतांत्रिक अधिकारों की बात करते हैं। जन चौपाल के जरिए हम गांव और मोहल्ले तक पहुंच रहे हैं। जनेश्वर मिश्र की विचारधारा भी समाज के कमजोर और वंचित तबकों को मुख्यधारा में लाने की रही है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह राजनीतिक दृष्टि से सपा की यह कवायद उसके पुराने सामाजिक आधार को बनाए रखते हुए नए वर्गों तक पहुंच बनाने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के बीच जन चौपालों के माध्यम से सक्रियता और दूसरी ओर ब्राह्मण समाज के बीच जनेश्वर मिश्र की विरासत के जरिए संवाद—दोनों अभियानों को जोड़कर पार्टी 2027 के लिए व्यापक सामाजिक गठजोड़ तैयार करने की कोशिश करती दिखाई दे रही है।

हालांकि इस रणनीति का वास्तविक प्रभाव चुनाव के दौरान ही स्पष्ट होगा, लेकिन इतना जरूर है कि सपा ने चुनावी तैयारियों को केवल लखनऊ के राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय जिलों और स्थानीय संगठन के स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

### तामसी आहार से भक्ति संभव नहीं : शंकरदास



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** तामसी आहार करने वालों को प्रभु की भक्ति नही मिल सकती है। यह बात शंकरदास ने विराजखंड गोमतीनगर कालोनी में स्थित विराजेश्वर मंदिर में श्री राम कथा के सातवें दिन कहीं। उन्होंने कहा रावण को पता था राम भगवान हैं। उसने सोचा कि अब वो तामसी हो गया है इसलिए प्रभु की भक्ति संभव नहीं है। इसलिए प्रभु से बैर कर उनके तीर से मरकर अपना कल्याण करू। यही सोच कर उसने राम से बैर करने के लिए माता सीता का हरण किया।

# बैंक की योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे : डॉ. विवेक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के नवनिर्वाचित सभापति डॉ. विवेक सिंह तोमर जी द्वारा आज बैंक की शाखा एवं जनपद लखनऊ का भ्रमण कर बैंकिंग कार्यों की समीक्षा की गई।

शाखा पहुंचने पर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभापति का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभापति ने शाखा में संचालित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा बैंक की कार्यप्रणाली, ऋण वितरण एवं ऋण वसूली की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान सभापति ने प्रधान कार्यालय द्वारा आवंटित ऋण वितरण एवं ऋण वसूली के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बैंक की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

सभापति महोदय ने विशेष रूप से कैंप आयोजित कर ऋण वितरण प्रक्रिया को सुगम एवं प्रभावी बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्र के किसानों एवं जरूरतमंद लाभार्थियों को बैंक की योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### आवारा सांड की टक्कर से प्रधान पुत्र घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत सुनारा बुजुर्ग के प्रधान पुत्र 25 वर्षीय विकास पाण्डेय व गांव सुनारा खुर्द निवासी लालन गिरी शुक्रवार की शाम को बाइक से किसी काम से पुवायां आए थे। पुवायां से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी रास्ते मे विराज वाटरपार्क के पास बाइक सांड की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों युवक गम्भीर घायल हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची एम्बुलेंस घायलों को सीएचसी लेकर पहुँची। जहां डॉक्टर ने घायलों का इलाज किया उसके बाद परिजन उन्हें शाहजहांपुर के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** गाँव मियांपुर निवासी सतीश चन्द्र के नवनिर्मित मन्दिर में शिव लिंग , माँ दुर्गा, हनुमान जी, शिव मूर्ति स्थापना से पहले निकली झांकी कस्बा स्थित बाबा कालसेन मन्दिर, कस्बा तिराहा स्थित कालिका देवी मंदिर के अलावा गाँव कुतुआपुर के ऐतिहासिक माँ जालिपा देवी, भैरों बाबा, काली मां तथा हनुमान मन्दिर पर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर सतीश चन्द्र सूरज कुमार सौरभ कुमार, प्रवीण कुमार सिंह उर्फ सोनू, संदीप कुमार श्रीवास्तव ,अमित कुमार मिश्र ,रमाकांत मिश्रा आदि भारी संख्या में शिव भक्त साथ में जयकारा लगाते हुए शामिल हुए।

### थाना समाधान दिवस में 4 शिकायतें प्राप्त

**कांट, शाहजहांपुर।** शनिवार को कोतवाली कांट में थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई।अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

इस मौके पर नायब तहसीलदार आशीष कुमार, प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सहित संबंधित कानूनगो, लेखपाल एवं थाना स्टाफ मौजूद रहा।

### बलिया के बाप बेटे 36 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एसटीएफ व कोतवाली पुलिस ने नगर में गांजा की डिलीवरी देने आये बाप बेटे को 36 किलो गांजा समेत हाइवे से घर दबोचा। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार रात करीब साढ़े सात बजे कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई हरि किशोर मौर्य, एसटीएम फील्ड यूनिट बरेली के एसआई अजयवीर सिंह ने टीम के साथ सरऊ पुलिया से आगे सरसों तेल की बंद पड़ी फैक्ट्री के सामने तीन बोरियों समेत दो लोगों को संदिग्ध हालत में खड़े देख उन्हें हिरासत में लेते हुए बोरियों को खोलकर देखा तो उनमें गांजा भरा पाया गया। दोनो तस्करों को कोतवाली लाया गया। पूंछताछ में पकड़े गये तस्करों ने परस्पर बाप बेटा होना बताते हुए जनपद बलिया के नगरा थाना क्षेत्र के गांव तिवरा हैदरपुर निवासी जगजीत सिंह पुत्र स्व रामअशीष सिंह व उसका बेटा आयुष होना बताया है। तस्करों के मुताबिक वह बलिया से गांजा लाकर तिलहर में किसी को बेंचने आए थे।



### आज निकाली जायेगी भगवान शिव की विशाल शोभायात्रा

**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।** कस्बे के मोहल्ला बहेरिया से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कल रविवार सुबह दस बजे भगवान भोलेनाथ की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। यह शोभा यात्रा ग्राम बहेरिया में उद्योगपति सुनील गुप्ता के आवास के समीप बने शिवमन्दिर से शुरू होकर मिर्ज़ापुर,जरियनपुर,पृथ्वीपुर व ढाई गांव से ग्राम इस्माइलपुर,कमरपुर मिर्ज़ापुर चौराहा होते हुए दैत्यगुरु शुक्राचार्य की तपोस्थली पटना देवकली शिवमन्दिर पर विशाल भंडारे के साथ विसर्जित की जायेगी। शोभा यात्रा के आयोजक सुनील गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनसहयोग से निकाली जाने वाली तीसरी शोभायात्रा में वाहनों पर बनाए गए विशेष प्रकार के रथों पर भगवान शिव परिवार,श्रीराम दरबार,माता दुर्गा आदि की सुंदर और आकर्षक झलकियां सजाई जाएंगी। झाकियों के आगे आगे बैंडबाजे की धुन पर भूत पिशाच बने कलाकार नृत्य करते हुए अपनी अद्भुत कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। सावन के पवित्र माह में निकाली जाने वाली इस शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त महिलाएं और पुरुष नृत्यगान करते हुए चलेंगे। कस्बे के व्यापारियों ने शोभा यात्रा का जगह जगह फूल वर्षा कर स्वागत करने के लिए कई कुंटल गुलाब,गेंदा,चमेली आदि के फूल मंगवा लिए हैं। शोभायात्रा का समापन यहां से लगभग 24 किलोमीटर दूर महाभारत कालीन दैत्यगुरू शुक्राचार्य की तपोस्थली पटना देवकली स्थित प्राचीन शिवमन्दिर में विशाल भंडारे के साथ होगा।

# बाढ़ ने दी दस्तक, गांव की सड़कें व गलियारे हुए जलमग्न

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।**



पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश से गंगा पर बना नरौरा बैराज ओवरफ्लो हो गया है। जिससे बृहस्पतिवार रात को नरौरा बैराज से गंगा में छोड़ा गया 2,12,680 क्यूसेक पानी ने यहां गंगा के खादर के गांवों में दस्तक दे दी है। पिछली बाढ़ से ही जलमग्न ग्राम पैलानी उत्तर, कटैला नगला,लोहार नगला आदि गांवों में एकबार फिर बाढ़ का पानी पहुंचने लगा है। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरविन्द कुमार की ओर से बाढ़ पर कड़ी नजर रखने तथा बाढ़ से निबटने के लिए, तहसील प्रशासन को जारी की गई एडवाइजरी को गम्भीरता से नहीं लिया गया है। जिससे बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों को पुनः बाढ़ आने की जानकारी तक जिम्मेदारों ने नहीं दी है। जिससे बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि अखबार वाले उनके गांवों में न आएं तो उन्हें पता भी नहीं चले कि बाढ़ आने वाली है। जिससे वे खाने पीने की सामग्री लाकर बाढ़ से निबटने की तैयारी कर सकें। हालांकि अभी तक गांवों की सड़कों और गलियारों में ही बाढ़ का पानी आया है। किसी गांव के किसी के घर में फिलहाल बाढ़ का पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह गंगा बढ़ती रही तो गांवों के निचले इलाके में बने घरों में पानी पहुंच जाएगा। बीते दिवस अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविन्द कुमार ने एडवाइजरी जारी करके कलान तहसील में गंगा के तटवर्ती गांवों में बनी बाढ़ चौकियों को एलर्ट मोड़ पर रखने के निर्देश दिए थे। यही नहीं एडीएम ने जारी की एडवाइजरी में गंगा के निचले इलाके में बसे गांवों में बाढ़ की संभावित स्थिति से ग्रामीणों को अवगत करवाये जाने के लिए मुनादी करवाने के निर्देश भी दिए थे। किंतु तहसील प्रशासन ने मुनादी करवाना तो दूर बाढ़ क्षेत्र की ओर मुंह उठाकर भी नहीं देखा है। बाढ़ चौकियां भी सूनी पड़ी हुई हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों का कहना है कि पिछली बाढ़ के समय कलान तहसील के अधिकारी उन बाढ़पीड़ित गांवों का निरीक्षण करने आए थे। जिन गांवों को जाने आने के लिए सड़कें खुली थीं और उनके वाहन बिना किसी खतरे के आ जा सकते थे। कुल मिलाकर बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों में बाढ़ राहत कार्यों की शुरुआत ही कागज़ों पर होने से भारी रोष व्याप्त है।

अधिकारियों के बाढ़ आने की जानकारी नहीं दिए पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष इसी तरह की बाढ़ झेलना उनकी नियति बन गयी है।

# हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, मदनापुर, शाहजहांपुर।**

पुलिस ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक मिस कारतूस बरामद किया है।

8 अगस्त मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्तों ने वादी को जान से मारने की नीयत से फायर किया था।।मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दिनेश पुत्र रामसरन और हुकुम सिंह पुत्र रामसरन ग्राम चन्दपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहांपुर को चन्दपुर-सैनाखेड़ा तिराहे से ग्राम सेना की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से रात करीब 03:27 बजे गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के दौरान हुकुम सिंह के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस एवं एक मिस कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है।

## आढ़ती व्यापार मंडल ने थानाध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



रोजा मंडी समिति में आये दिन बढ़ती चोरियों की रोकथाम को लेकर आढ़ती व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रोजा पुलिस को एक मांग पत्र सौंपा। आढ़ती व्यापारियों मंडी परिसर के अंदर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त किये जाने की मांग की हैं।

आढ़ती व्यापार मंडल के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता कि कुछ समय से मंडी परिसर में चोरियों की संख्या काफी बढ़ गई हैं। किसान से उपज खरीदने के बाद प्रतिष्ठान के बाहर लगी बोरियां रात में बाइक सवार चोर चुराकर ले जाते हैं, जबकि प्रांगण के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरें में भी कैद हो जाते हैं। महामंत्री अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि विगत दिनों के व्यापारी के प्रतिष्ठान से इंवेटर का बैटरा चोरी हो गया था। लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। उन्होंने मंडी परिसर के अन्दर चोरियों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए सुरक्षा की मांग की हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने व्यापारियों को पूर्ण सहयोग व सुरक्षा का आश्वासन दिया हैं।

# मखौल बन कर रह गया थाना समाधान दिवस

- जिम्मेदार पुलिस अफसर भी रहे नदारद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



प्रदेश में योगी सरकार के प्राथमिकता बाला थाना समाधान दिवस अधिकारियों के लापरवाही के चलते मखौल बन कर रह गया । माह के दूसरे शनिवार को तिलहर कोतवाली में आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में सुबह दस बजे से कोतवाली क्षेत्र के गांवों के क्षेत्रीय लेखपाल व सदर तहसील के लेखपालों के आने का क्रम शुरू हुआ । दोपहर करीब 12 बजे तक कोई जिम्मेदार अधिकारी न पहुंचने से मुख्य कुर्सियां सुनी नजर आई । इस के बाद एसडीएम नीलिमा यादव ने थाना दिवस में शिरकत की । एक बजते बजते वह भी उठकर चली गई। यहीं नहीं पुलिस महकमे के मात्र एक दरोगा जी ही थाना दिवस की कुर्सी पर विराजमान नजर आए। उधर राजस्व टीम उमस भरी गर्मी में जब बर्दाश्त नहीं कर सकी तो उन्होंने शेड में लगे पंखे चालू किए जाने के मद्देनजर शिकायती पत्र भी लिख डाला । गनीमत रही कि इसी दौरान शेड के पंखों को गति प्रदान कर दी गई । कोतवाली में लगे वाटर कूलर के ठप्प होने से राजस्व टीम व फरियादियों की हलक सूखने लगी । लेकिन पानी तक मयस्सर नहीं हो सका । ऐसे में सबल उठता है कि जब सक्षम अधिकारी व चार घंटे तह हाजिर रहने वाले कर्मियों के लिए उचित व्यवस्था भी नहीं हो सकती तो फरियादियों की समस्याओं का भला समाधान क्या होगा ?



## संकीर्तन से जगती है अध्यात्मिक चेतनाः संजय

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

शहर के कृष्णा नगर मंदिर में श्री राधा नाम संकीर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले, संस्थापक श्री गुरु कृपा जनकल्याण ट्रस्ट ने बतौर श्रद्धालु सम्मिलित होकर कीर्तन का आनंद लिया और आयोजन में अपना सहयोग भी दिया।इस अवसर पर संजय गुप्ता ने कहा कि इस तरह के भक्तिमय आयोजन समाज में सकारात्मकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि राधे-श्याम के नाम संकीर्तन से न सिर्फ आध्यात्मिक शांति मिलती है, बल्कि समाज के लोगों को एक साथ जोड़ने का भी काम करती है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजनों की मधुर धुन में झूमते नजर आए।

## राना पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज उत्सव की धूम

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



राना पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का पर्व बड़े उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने हरे रंग के सुंदर परिधानों में भाग लेकर पूरे वातावरण को हरियाली और उल्लास से भर दिया। बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय की डायरेक्टर नवनीत कौर ने स्वयं प्रतियोगिता का निरीक्षण करते हुए बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को जज किया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही बच्चों द्वारा मनमोहक डांस प्रस्तुतियां भी दी गई, जिसने सभी का मनमोह लिया। गीत, नृत्य, मेहंदी और पारंपरिक परिधानों ने तीज उत्सव को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर डायरेक्टर नवनीत कौर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को हमारी समृद्ध भारतीय परंपराओं और त्योहारों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

# बीमार पालतू बिल्ली की गलत दवा से मौत का आरोप

- पशुचिकित्सक के खिलाफ दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।**



बीमार पालतू बिल्ली को इलाज के दौरान गलत दवा दिए जाने से मौत होने का आरोप लगाते हुए बिल्ली पालनहार ने पशुचिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी है । नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी इस्तेखार अंसारी ने पुलिस को बताया कि उसकी पालतू बिल्ली बीमार होने पर वह ब्लॉक में पशु चिकित्सक के पास गया था । आरोप है कि उन्होंने बिल्ली को देखे बिना ही कम्पाउंडर से दवा पिलवा दी और घर ले जाने को कहा । उसने बताया कि वह जैसे ही उक्त बिल्ली को घर लेकर पहुंचा । उसकी सबसे थम गई। इस्तेखार अंसारी ने शिकायत में कहा कि पालतू बिल्ली की मौत से उन्हें मानसिक पीड़ा के साथ आर्थिक नुकसान भी हुआ है। उन्हें आशंका है कि उपचार में बरती गई कथित लापरवाही के कारण बिल्ली की मौत हुई । पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

# ऑल सेंट इंटर स्कूल में आपदा प्रबंधन-प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ऑल सेंट इंटर स्कूल में निरीक्षक भीम सिंह टीम कमांडर के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक जानकारी एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, सीपीआर, श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी की विधियां तथा विभिन्न आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त टीम द्वारा तकनीकों का प्रभावी व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिससे उपस्थित प्रतिभागियों ने आपदा की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सहायता करने से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया तथा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। एनडीआरएफ द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को आपदाओं के प्रति जागरूक, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।


### सूचना

मैं SANDIPA KUNWAR (संदीपा कुँवर) मेरे पति आर्मी नं0 5353813, रैंक–NK, SUJAN KUNWAR के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम SANDIPA GURUNG त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम SANDIPA KUNWAR (संदीपा कुँवर) है।

भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।


# पॉइंटस मैन के साथ बैठक कर लाभ से अवगत कराया गया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



ऑल इंडिया रेलवे मैन्स फेडरेशन एवं एनआरएमयू की मांग पर महामन्त्री शिवगोपाल मिश्रा के निरन्तर प्रयास से वित्त मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के बाद ऑपरेटिंग विभाग के पॉइंटमैन कैडर की कैडर रिश्चयरिंग लागू कर दी गयी है। सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ,शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना अपनी टीम के साथ रेलवे यातयात ट्रेनिंग स्कूल कचहरी हाल्ट पहुंचे। मुरादाबाद मण्डल से ट्रेनिंग को आए पॉइंटस मैन के साथ बैठक कर उनको मिलने वाले लाभ से अवगत कराया। सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने बताया कि कैडर रिस्टचरिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमे कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलता है। महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा, जिनके रेलकर्मी आभारी है के अथक प्रयास से यातायात विभाग के गेटमैन, पोंट्समैन, लिबरमैन, स्वीचमैन, केवीनमैन सभी को मर्ज कर पॉइंटसमैन ग्रेड 1,2,3,4 कर दिया गया है इसमें सम्पूर्ण रेलवे के ग्रेड 1 ,लेवल 5 में 4.54 फीसदी कुल 3,017 पद ग्रेड-2 लेवल 4 में 13.63 फीसदी कुल 9,052 पद कुल 66388 कर्मचारियों को 3 अप्रैल 2026 से पुनर्गठन का लाभ मिल सकेगा। साथ ही पदोन्नति के लिए सामान्यतः 2 वर्ष की न्यूनतम सेवा अवधि लागू रहेगी। शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना ने कहा कि महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा का सभी कर्मचारी आभार प्रकट करते है, कि उनकी सोच हमेशा कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक रहती है। जिस परिणाम स्वरूप 66 हजार से अधिक यातायात कर्मचारियों को लाभ मिल रहा है। मुख्य रूप से पीएस तोमर, अमित कुमार , चंदा, यतेंद्र त्रिवेदी, अविनाश तिवारी, टिंकू कुमार, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में परौर थाने में हुआ थाना दिवस



**समृद्धि न्यूज, परौर, शाहजहांपुर।**

शनिवार को परौर थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी कलान आशुतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कई शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जे और राजस्व अभिलेखों से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। एसडीएम आशुतोष कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कराकर शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखा जाए और फरियादियों को अनावश्यक रूप से अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें।

वहीं थाना समाधान दिवस में कुछ लेखपालों के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचने पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।


### सूचना

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020, अनुक्रमांक 0885156 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024, अनुक्रमांक 2245720181की अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं।

मानसी सक्सेना
पुत्री श्री सुरेश कुमार सक्सेना
नि. मो. महमंद जलालनगर
शाहजहांपुर।

### सूचना

मैं ( कोंकी सरस्वती) मेरे पति आर्मी नं0-4288180 रैंक-नायक कोंकी सत्यनारायण निवासी ग्राम-मडियालिवनिपेटा पोस्ट नंदीगाम, पुलिस स्टेशन-नंदीगाम, जिला श्रीकाकुलम राज्य आन्ध्र प्रदेश पिन कोड-532201 के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम एल सरस्वती त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम कोंकी सरस्वती है। आधार कार्ड के अनुसार कोंकी सरस्वती सही नाम है व आधार संख्या-3477 68321178 व पैन कार्ड सं0-XVPS2362M है।

# गुरुद्वारा व जिला अस्पताल रोड पर नजूल की दुकानों पर कार्रवाई क्यों नहीं

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

शहर की गुरुद्वारा रोड स्थित तामसेनगंज मोहल्ले में नजूल भूमि पर हाल में बने व्यावसायिक निर्माणों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क किनारे सानिया होजरी, फैंसी सूट एम्पोरियम, दीपक चिरानिया रेडीमेड, चतुर्वेदी ट्रांसपोर्ट और मेसर्स सरन एम्पोरियम जैसी बिल्डिंगों व दुकानों के निर्माण को लेकर नजूल भूमि पर कब्जे और निर्माण की स्थिति स्पष्ट किए जाने की जरूरत है।

**नोटिस के बाद भी नहीं रुका था निर्माण**

तामसेनगंज में नजूल भूमि पर बेसमेंट व भूतल के निर्माण के मामले में नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/नगर मजिस्ट्रेट की ओर से तुफैल अहमद को 28 मार्च 2022 को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस 5 अप्रैल 2022 को प्राप्त होने के बाद भी जवाब नहीं दिया गया था। इसके बावजूद प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण कर लिया गया। मामले में अगस्त 2024 में दोबारा नोटिस जारी कर समुचित जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की चेतावनी दी गई, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी।



**दूसरे मामले में भी नोटिस, कार्रवाई अभी भी लंबित**

लालबाग चौराहे से जिला अस्पताल रोड पर नजूल भूमि पर अधोतल, भूतल और प्रथम तल के निर्माण के मामले में दिनेश चतुर्वेदी व मेसर्स सरन ट्रांसपोर्ट के विरुद्ध 21 मार्च 2022 को आरबी एक्ट 1958 की धारा 10 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अगस्त 2024 तक जवाब न मिलने पर पुनः नोटिस जारी किया गया था ।लेकिन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हुई।

नजूल भूमि पर अवैध निर्माण के मामलों में वर्षों पहले नोटिस जारी होने के बावजूद कार्रवाई धरातल पर नहीं उतर सकी। वहीं इसी क्षेत्र में नए व्यावसायिक निर्माण सामने आते जा रहे हैं।

सवाल यह है कि जब नजूल भूमि पर निर्माण को लेकर वर्ष 2022 में ही नोटिस जारी हो चुका था, तो निर्माण रोकने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई? नजूल भूमि की जांच, निर्माण की अनुमति और वर्तमान स्थिति को लेकर संबंधित विभागों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन पुराने प्रकरणों में कार्रवाई करता है या नजूल भूमि पर नोटिस जारी होने का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की होनहार छात्रा श्रद्धा वर्मा का अंडर-17 राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा नौ की प्रतिभाशाली छात्रा श्रद्धा वर्मा ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में स्थान हासिल किया है। श्रद्धा के चयन की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने बरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।राज्य स्तरीय टीम में चयन श्रद्धा के लिए महज व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों का



भी परिणाम माना जा रहा है। फुटबॉल जैसे प्रतिस्पर्धी खेल में राज्य स्तर तक पहुंचना खिलाड़ी के शारीरिक फिटनेस, तकनीकी दक्षता, मानसिक दृढ़ता, टीम भावना और निरंतर अभ्यास की कठिन परीक्षा से गुजरने के बाद संभव होता है। श्रद्धा ने इन सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और समर्पण का परिचय देकर यह मुकाम हासिल किया है।

श्रद्धा की उपलब्धि पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रा की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और विषम परिस्थितियों में संघर्ष करने का जज्बा विकसित होता है।उन्होंने श्रद्धा को राज्य स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखने और विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

## खबरें एक नजर में

### अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली नगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर इमरान उर्फ कालिया और निसार निवासी डेयोडी डीह, तंबौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 315 बोर के तीन तमंचे, 12 बोर के चार तमंचे, एक अद्धी, अर्धनिर्मित तमंचा, 10 कारतूस, कूटरचित नंबर प्लेट लगी बाइक और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक इमरान के खिलाफ कई जिलों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। मामले में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**धौरहरा, लखीमपुर खीरी।** कस्बा के मोहल्ला राम वाटिका में शनिवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला राम वाटिका निवासी जास्मिन (30) पत्नी अनीस ने शनिवार को अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। तीन साल पहले नेपाल गुलरिया अड्डा में शादी हुई थी।बताया जा रहा है कि महिला का किसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।पुलिस की अनुसार मामले की जांच कर और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चेहल्लुम का मेला देखने निकला मासूम रास्ता भटका

**पीलीभीत।** चेहल्लुम का मेला देखने की मासूम इच्छा एक बालक को घर से दूर ले गई और रास्ता भटकने के बाद वह आधी रात अनजान जगह पर अकेला रोता मिला। गनीमत रही कि अमरिया बॉर्डर पर एक ट्रक चालक की नजर उस पर पड़ गई। चालक ने तत्काल आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता से बालक को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचा दिया गया। जानकारी के अनुसार, 8 अगस्त 2026 की रात करीब 12 बजे एक ट्रक चालक ने 112 नंबर पर सूचना दी कि अमरिया बॉर्डर के पास एक नाबालिग बालक अकेला रो रहा है। पूछताछ में पता चला कि वह बरेली जिले के नवाबगंज से पीलीभीत पहुंच गया है और रास्ता भटक जाने के कारण परेशान है।सूचना मिलते ही 112 पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे थाना सुनगढ़ी लाया गया। पुलिस ने मामले की जानकारी तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को दी। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह के निर्देश पर टीम पर्यवेक्षक त्रिभुवन सिंह एवं केस वर्कर प्रतुल सिंह थाना सुनगढ़ी पहुंचे। टीम ने बालक को अपनी सुपुर्दगी में लेकर उसकी काउंसलिंग की।

### सामूहिक विवाह के बाद नहीं हुई विदाई

**बरखेड़ा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुई शादी के बाद पत्नी की विदाई न होने और शादी के दौरान दिए गए सामान को ससुराल पक्ष द्वारा अपने पास रख लेने का मामला सामने आया है। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव खमरिया पंडरी निवासी आशिक पुत्र मोहम्मद नवी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।शिकायतकर्ता के मुताबिक करीब डेढ़ वर्ष पहले उसका रिश्ता गुलचमन पुत्री सगीर अहमद के साथ तय हुआ था। रिश्ता पक्का होने के दौरान उसने अपनी हैसियत के अनुसार दो जोड़ी कपड़े, चांदी की एक जोड़ी पायल, सोने की अंगूठी और 10,786 रुपये नकद दिए थे। इसके बाद दोनों परिवारों की सहमति से शादी तय हो गई थी और मार्च 2026 में ईद के आसपास विवाह होना प्रस्तावित था।आशिक का आरोप है कि 10 मार्च 2026 को पीलीभीत मंडी परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी दौरान लड़की पक्ष के लोगों ने उसे फोन कर बुलाया और हस्ताक्षर कराने की बात कही। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे और उसके परिवार को पूरी जानकारी दिए बिना सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गुलचमन का विवाह करा दिया गया। उसका कहना है कि बाद में सरकार की ओर से विवाह के दौरान उपलब्ध कराए गए सामान, कपड़े, बर्तन और अन्य सामग्री को लड़की पक्ष के लोग अपने साथ ले गए।

### गांधी नगर में निकली कलश वंदन यात्रा

**पीलीभीत।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं पावन जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत माला कॉलोनी-गांधी नगर स्थित शिव मंदिर पर आयोजित कलश वंदन यात्रा में महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से प्रभु की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को नमन करते हुए सामाजिक समरसता और एकता का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाता है। उन्होंने समाज को जाति-पंथ और ऊंच-नीच की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर एक-दूसरे के सम्मान और सहयोग के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# तिरंगे के रंग में रंगा पीलीभीत, गांधी स्टेडियम से निकली भव्य 'हर घर तिरंगा' रैली

- डीएम व एसपी ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर किया नेतृत्व
- देशभक्ति के नारों से गूंज उठा शहर

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच शनिवार को पीलीभीत देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गांधी स्टेडियम से निकली विशाल तिरंगा रैली ने शहर में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण उत्साह से भर गया।

रैली का शुभारंभ गांधी स्टेडियम में 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर रैली की अगुवाई की। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्यारे लाल मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी इंतजार खान सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, एनसीसी कैडेट्स, अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस बल ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वीरांगना अवंतीबाई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, लिटिल एंजिल्स, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और हाफिज रहमत खां इंटर कॉलेज समेत अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए। गांधी स्टेडियम से शुरू हुई रैली गौहनिया चौराहा होते हुए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंची। मार्गभर विद्यार्थियों और प्रतिभागियों के देशभक्ति से ओतप्रोत नारों ने माहौल को राष्ट्रभक्ति की भावना से भर दिया।

ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' को केवल एक सरकारी कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह ऐसा अभियान है, जो नागरिकों को राष्ट्र के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव और जिम्मेदारी का एहसास कराता है। उन्होंने जिले के नागरिकों, व्यापारियों, चिकित्सकों, शिक्षकों और विभिन्न वर्गों के लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर, प्रतिष्ठान और कार्यालयों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, इसलिए इसके प्रति सम्मान और गौरव की भावना प्रत्येक नागरिक के मन में होनी चाहिए।

# अग्रवाल सभा की नव निर्वाचित कमेटी ने ली शपथ, विधिवत संभाला कार्यभार



**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

अग्रवाल सभा भवन में श्री अग्रवाल सभा की नव निर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण एवं कार्यभार हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक अग्रवाल, पुरानी कमेटी एवं नव निर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर महाराज अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ किया।समारोह के दौरान चुनाव संचालन समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक अग्रवाल सहित डॉ. प्रदीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल सीए, रजत अग्रवाल सीए, विनीत अग्रवाल 'पिंकू', प्रदीप पेशकार एवं दिलीप अग्रवाल 'गुड्डू' को दुशाला पहनाकर सम्मानित किया गया।इसके बाद श्याम बाबू ने नव निर्वाचित अध्यक्ष राजीव अग्रवाल 'टी.टी.' को पद की शपथ दिलाई। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल 'टी.टी.' ने इसके बाद सभा के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

पूर्व कमेटी के मंत्री राहुल अग्रवाल एडवोकेट ने पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा एवं विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने संस्था के रजिस्टर, चेक बुक सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज नव निर्वाचित कमेटी को सौंपे। इसके साथ ही पुरानी कमेटी ने विधिवत रूप से नई कमेटी को संस्था का कार्यभार हस्तांतरित कर दिया।समारोह में मौजूद अग्र समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज की एकता, सेवा और विकास को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में रवि गहना, राकेश आदर्श, अश्वनी ओम राइस मिल, उमेश वकील, लक्का बाबू, ज्ञानेंद्र वकील, कुमकुम अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, अक्षिता अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, रितिका अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में राजेश अग्रवाल बिचले ने सभी अग्र बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

# राजकीय बालिका हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका सम्मानित




**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद यू0 पी0बोर्ड परीक्षा 2026 एवं परिषद संबंधी कार्यों के प्रभावी संचालन, शैक्षिक नेतृत्व तथा उत्कृष्ट प्रशासनिक योगदान के लिए जनपद जिले के राजकीय बालिका हाई स्कूल गूम फूलबेहड की प्रधानाध्यापिका डॉ0 शशी तिवारी को 7 अगस्त 2026 माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव भगवती सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ0 शशी तिवारी ने इससे पूर्व में भी गत 15 वर्षो से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लखीमपुर- खीरी की बोर्ड परीक्षा प्रभारी तथा विभिन्न प्रशासनिक प्रतियोगी प्रतियोगिताओं के संचालन में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है । विद्यालय गूम का छात्र अमन पाल जनपद के बोर्ड परीक्षा 2026 टॉप 10 सूची में अपना परचम लहरा चुका है।

### हाईवे पर हादसे से बाल-बाल बचे कोतवाल प्रिंस शर्मा

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर क्षेत्र से लौट रहे कोतवाल प्रिंस शर्मा की सरकारी बुलेरो को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो रगड़ती हुई निकल गई । इस हादसे में गाड़ी पलटने से बाल बाल बच गई । जिसे पीछा कर कोतवाल ने कटरा के समीप से पकड़ लिया । और उक्त गाड़ी को तिलहर लाकर उ होने अधीनस्थों को सीज करने के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को अपरान्ह करीब तीन बजे कोतवाल प्रिंस शर्मा हमराही व चालक के साथ सरकारी बुलेरो गाड़ी से क्षेत्र से कोतवाली वापस लौट रहे थे । इसी दौरान हाइवे पर भक्सी तिराहे के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो उनकी गाड़ी को रगड़ती हुई आगे निकल गई । इस हादसे में कोतवाली की गाड़ी पलटने से बाल बाल बच गई।

# भोलेनाथ के जयकारों के बीच रवाना हुए शिवभक्त कांवड़िये, स्वामी प्रवक्तानंद ने दिया भक्ति और सेवा का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से ग्राम पंचायत करोड़ का वातावरण शिवमय हो उठा। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड मरौरी अंतर्गत ग्राम करोड़ में शिवभक्त कांवड़ियों की पावन यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया और भगवान भोलेनाथ से उनकी यात्रा के निर्विघ्न एवं मंगलमय होने की कामना की। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज भी मौजूद रहे। उन्होंने कांवड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव की भक्ति केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि संयम, सेवा, त्याग और सद्भाव का मार्ग भी है। कांवड़ यात्रा हमें कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ आगे बढ़ने और समाज में भाईचारे की भावना मजबूत करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि शिवभक्त जब कांवड़ लेकर यात्रा पर निकलते हैं तो उनके मन में केवल भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा और आस्था होती है। इस पवित्र यात्रा में अनुशासन और सेवा का विशेष महत्व है। प्रत्येक कांवड़िये को चाहिए कि वह यात्रा के दौरान दूसरों की भावनाओं का सम्मान करे, स्वच्छता बनाए रखे और जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सहायता के लिए आगे आए।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि भगवान शिव सबके आराध्य हैं और उनकी भक्ति समाज को जोड़ने का संदेश देती है। शिव की साधना हमें अहंकार त्यागने, परोपकार करने और सभी के प्रति समान भाव रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा के साथ-साथ सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव का भी प्रतीक है। उन्होंने कांवड़ियों से अपील की कि यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा एवं यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी यात्रा पूरी करें। उन्होंने कहा कि सभी शिवभक्त सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और भगवान भोलेनाथ की कृपा से प्रत्येक परिवार में सुख-शांति बनी रहे, यही उनकी कामना है। इससे पहले सिद्धपीठ बाबा गौरी शंकर नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया गया। मंदिर में विधिवत दर्शन एवं पूजन के दौरान समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्या, जिला महामंत्री महादेव गाइन, जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह गंगवार, अमित कुशवाहा, सतपाल वर्मा, विकास वाल्मीकि तथा बरखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांवड़ मार्गों का भ्रमण कर एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत एसपी डॉ0 ख्याति गर्ग नें जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों का भ्रमण करते हुए स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को लेकर मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कांवड़ मार्गो जैसे- लखीमपुर सिसैया जालिमनगर मार्ग, लखीमपुर शारदानगर ढखेरवा मार्ग, लखीमपुर फरधान गोला मार्ग, गोला हैदराबाद गोमती मोड़ मोहम्मदी मार्ग, मोहम्मदी अमीरनगर सिकंदराबाद मार्ग, सिकंदराबाद शिवाला मोड़ कस्ता मार्ग, कस्ता बेहजम ओयल मार्ग तथा ओयल से लखीमपुर मार्ग पर पड़ने वाले कांवड ड्यूटी प्वाइंट तथा बैरियर प्वाइंट ड्यूटी को चेक किया गया । जहाँ पर ड्यूटी में कमियां पायी गई वहाँ पर सुधार हेतु संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। इस दौरान महोदया द्वारा कांवड मार्गो पर कांवडियो की सुगम व सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात व्यवस्था, डार्यवर्जन, बैरिकेडिंग आदि का निरीक्षण किया गया । साथ ही मार्ग में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने एवं निरन्तर पेट्रोलिंग पार्टी ड्यूटी के लिये निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों एवं आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सर्व समाज के लोगों को संगठन प्रभारी सपा से जोड़ें

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**




संगठन प्रभारी क्षेत्र में सर्व समाज के लोगों को समाजवादी पार्टी से जोडने का कार्य करें। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने पार्टी की मासिक बैठक में व्यक्त किये। उन्होने संगठन प्रभारियों से कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक है इसलिए हमें अपने अपने क्षेत्रों में हर वर्ग और हर समाज के लोगों को जोडने के प्रयास करने होंगे। बडा दिल करके उन्हे साथ लाना होगा। उन्होने सेक्टर प्रभारियों से कहा कि उनके सेक्टरों में जो बूथ कमेटियां बन गयी है उन्हे एक सप्ताह में जिला कार्यालय में जमा करा दे और जो शेष रह गयी है उन्हे भी शीघ्र बनवाये। स्नातक एमएलसी चुनाव में जो अभी तक मतदाता नही बने है वे आवेदन कर सकते है।

उन्होने कहा कि शिक्षित युवा व किसान परेशान है उनकी समस्याओं पर यह सरकार ध्यान नही दे रही है जिससे वह आन्दोलित है परन्तु सरकार उनकी समस्याओं के समाधान करने बजाय उन पर लाठियां चला रही है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाजवादी पार्टी कतई बर्दासत नही करेगी। बैठक का संचालन पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।

# शिव का गुणगान करते हुए छोटी काशी को हुए रवाना

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

पवित्र सावन माह में शिव-भक्ति में डूबे करीब सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त एनएच 730 पर स्थित सरयू नदी में स्नान कर कावड़ में जल लेकर छोटी काशी के लिए रवाना हो रहे है। यह कांवरिया अलग अलग गांवों से जत्थे में शिव के गुणगान करते हुए पैदल ही छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए,जिसमें बच्चे महिला व पुरुष भी शामिल हैं। इनकी सुरक्षा के लिए पुलिस जगह जगह मौजूद है धौरहरा,पढुआ व औघड़ बाबा स्थान के पास क्षेत्र से गजियापुर पुल के समीप सरयू नदी तट से जल भरकर शिव भक्त कांवड़ लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ महादेव मंदिर में दर्शन कर भगवान शिव का जलाभिषेक करें करेंगे। क्षेत्र ही नहीं आस पास के जिलों से श्रद्धालु सरयू नदी तट पर आकर पवित्र जल भरकर मन्दिरों में भगवान शिव को अर्पण करते हैं। सोमवार को गोला गोकर्णनाथ व बूढ़ेश्वर नाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए फूलबेहड़ क्षेत्र के तेतारपुर पाश्चिम सहित अन्य दर्जनों गांवों के साथ साथ पड़ोसी जनपद सीतापुर व बहराइच से हजारों कांवरिया अलग अलग जत्थों में पवित्र सरयू नदी तट पर पहुचकर स्नान दान कर कांवड़ में जलभर छोटी काशी के लिए रवाना हो रहे है। हजारों की संख्या में कांधे पर कांवर लेकर पैदल छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जा रहे बच्चे, पुरुष व महिलाएं कांवरिया बोल बम,जय शिव व हर हर,बम-बम के नारे लगाते हुए शिव के भजनों पर नृत्य कर चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी की परवाह किए बगैर चले जा रहे हैं। इस दौरान पीला वस्त्र धारण किए कांवरियों के जत्थे सड़कों पर लोगों का मनमोह रहे हैं। तपती सड़क ऊपर से धूप व उमस भरी गर्मी की परवाह किए बगैर कांवरियों के जत्थे शिव भजनों पर झूमते गाते छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ को प्रस्थान कर रहे हैं। जो दो से तीन दिनों तक सफर कर रात्रि विश्राम करते हुए सोमवार को छोटी काशी में भोलेशंकर का जलाभिषेक करेंगे। इस बाबत हाइवे से गुजर रहे तेतारपुर पश्चिम गांव के कांवड़िया धर्मेन्द्र निषाद, रामू निषाद,शिवा, रोहित निषाद,मिथुन निषाद,राहुल,अमित , कैलास,अजय सिंह ,बाटू, दुर्गेश,श्यामू,तिलक ,गोबिन्द, प्रेम, लल्लन निषाद तेतारपुर वाले, प्रियांशु आदि कावड़ के अध्यक्ष धर्मेंद्र निषद ने बताया कि दो से तीन दिन की पद यात्रा करने के बाद छोटी काशी पहुचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे,इससे पुण्य प्राप्त होगा कांवड़ियों को सरयू नदी तट से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ तक सुरक्षित पहुचाने के दौरान किसी को कोई बाधा उत्पन्न न हो उसके लिए पुलिस की अगुवाई में हाइवे पर बनाए गए पॉइंट के साथ ही क्षेत्रीय व ग्रामीण रास्तों पर भी अलग अलग बने पॉइंटों पर कावड़ियों को उनकी मंजिल तक पहुचाने में सहयोग कर रहे है। साथ ही कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई के कलाकार लेडीज पूनम रमेश अंशिका,राहुल पलिया से आकर भाग लिया।

## पुलिस को भी प्रतिकार का अधिकार

लोकतंत्र में असहमति का अपना महत्व है। सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करना, अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना और शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए यह आवश्यक भी है। लेकिन जब यही विरोध प्रदर्शन हिंसा, पथराव, आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस पर हमले में बदल जाए, तब परिस्थितियां बदल जाती हैं। उस स्थिति में केवल प्रदर्शनकारियों के अधिकारों की चर्चा पर्याप्त नहीं है, बल्कि पुलिस और आम नागरिकों की सुरक्षा तथा कानून के शासन की रक्षा के अधिकार को भी समान गंभीरता से देखना होगा। हाल में दिल्ली के जंतर-मंतर पर काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कथित रूप से पैलेट गन के प्रयोग को लेकर बहस छिड़ी है। घटना की जांच भी शुरू हो चुकी है। यह जांच ही तय करेगी कि वास्तव में पैलेट गन का प्रयोग हुआ या नहीं और यदि हुआ तो किन परिस्थितियों में हुआ। लेकिन इस पूरे विवाद का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि हिंसक और गैर-कानूनी भीड़ से निपटने के लिए कानून पुलिस को कौन-कौन से अधिकार देता है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में पुलिस को मनमाना बल प्रयोग करने का अधिकार नहीं है। इसके विपरीत कानून पुलिस से संयम, विवेक और जवाबदेही की अपेक्षा करता है। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि पुलिस हिंसक भीड़ के सामने हाथ बांधकर खड़ी रहे। यदि कोई भीड़ पुलिसकर्मियों पर हमला करे, सरकारी वाहनों में आग लगाए, सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करे या लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा करे तो ऐसी स्थिति में पुलिस की निष्क्रियता भी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 189 में गैर-कानूनी जमावड़े से संबंधित प्रावधान हैं। पांच या उससे अधिक लोगों का ऐसा समूह, जिसका उद्देश्य कानून के विरुद्ध कार्य करना, सरकारी कार्य में बाधा डालना, अपराध करना अथवा सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना हो, गैर-कानूनी जमावड़ा माना जा सकता है। ऐसी स्थिति में केवल हिंसा करने वाला व्यक्ति ही नहीं, बल्कि जानबूझकर ऐसे गैर-कानूनी जमावड़े का हिस्सा बनने वाले लोग भी कानून के दायरे में आ सकते हैं। यहीं से पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में गैर-कानूनी जमावड़े को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और प्रशासन को आवश्यक अधिकार दिए गए हैं। सामान्य सिद्धांत यह है कि कार्रवाई चरणबद्ध होनी चाहिए। पहले भीड़ को समझाने, चेतावनी देने और तितर-बितर होने का अवसर दिया जाए। यदि भीड़ आदेश नहीं मानती और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बनी रहती है तो आवश्यक बल का प्रयोग किया जा सकता है। इसका अर्थ है कि पुलिस का पहला विकल्प बल प्रयोग नहीं, बल्कि संवाद और चेतावनी होना चाहिए। सार्वजनिक घोषणा, समझाइश और चेतावनी के बाद भी स्थिति नियंत्रित न हो तो आंसू गैस, जलतोप और अन्य गैर-घातक उपायों का सहारा लिया जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर सीमित लाठीचार्ज किया जा सकता है। इसके बाद भी यदि भीड़ हिंसक बनी रहती है और लोगों के जीवन तथा सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है, तो परिस्थितियों के अनुसार विशेष भीड़-नियंत्रण उपकरणों का इस्तेमाल किया जा सकता है। यहीं पैलेट गन जैसे साधनों को लेकर सावधानी सबसे अधिक आवश्यक हो जाती है। ऐसे उपकरणों का उद्देश्य किसी व्यक्ति की जान लेना नहीं, बल्कि हिंसक भीड़ को नियंत्रित करना होना चाहिए। इनका इस्तेमाल प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा निर्धारित नियमों और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार का बल प्रयोग आवश्यकता, अनुपात और परिस्थिति के अनुरूप होना चाहिए। इसलिए जंतर-मंतर की घटना में भी दो सवाल अलग-अलग देखे जाने चाहिए। पहला, क्या प्रदर्शनकारियों ने कानून की सीमा का उल्लंघन किया? दूसरा, क्या पुलिस ने अपनी कार्रवाई में निर्धारित नियमों का पालन किया? दोनों सवालों के जवाब जांच और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मिलने चाहिए। केवल इस आधार पर पुलिस को दोषी मान लेना कि बल प्रयोग हुआ, उतना ही गलत है जितना पुलिस की हर कार्रवाई को बिना जांच के सही मान लेना। लोकतंत्र में पुलिस जनता की विरोधी नहीं है।

पुलिस उसी समाज का हिस्सा है जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे सौंपी गई है। दंगा नियंत्रण के दौरान सामने खड़ा पुलिसकर्मी भी किसी परिवार का सदस्य होता है। उस पर पत्थर फेंकना, उसके वाहन में आग लगाना या उसकी जान को खतरे में डालना किसी सरकारी संस्था पर ही हमला नहीं, बल्कि कानून के शासन को चुनौती है। साथ ही पुलिसकर्मियों को यह समझना होगा कि वर्दी उन्हें असीमित अधिकार नहीं देती। यदि कोई अधिकारी आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग करता है, निर्दोष नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करता है या कानून की निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस की शक्ति जितनी महत्वपूर्ण है, उसकी जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। वास्तविक लोकतंत्र का अर्थ यही संतुलन है। नागरिकों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार मिले और पुलिस को हिंसा रोकने का वैधानिक अधिकार। प्रदर्शनकारियों को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता हो, लेकिन उन्हें यह भी समझना होगा कि विरोध की आड़ में हिंसा, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति का विनाश स्वीकार्य नहीं हो सकता।

### दो टूक




# संसद में गतिरोध से नहीं चलेगा लोकतंत्र, संवाद ही समाधान


ललित गर्ग



लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है। लोकतंत्र की खूबसूरती ही इस बात में है कि उसमें अलग-अलग विचारों, मतों और दृष्टिकोणों के लिए स्थान होता है। सत्ता पक्ष से सवाल पूछना, सरकार की नीतियों की आलोचना करना और जनहित के मुद्दों को सदन में उठाना विपक्ष का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन जब असहमति संवाद का रास्ता छोड़कर लगातार टकराव में बदल जाती है और विरोध का उद्देश्य संसद की कार्यवाही को ही बाधित करना बन जाता है, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या हम लोकतांत्रिक विरोध की मर्यादा से आगे बढ़कर संसदीय व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में तो नहीं जा रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में संसद का स्थान सर्वोपरि है। संसद केवल कानून बनाने की जगह नहीं है, बल्कि यह वह मंच है जहां देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाएं, समस्याएं और चिंताएं प्रतिनिधियों के माध्यम से सामने आती हैं। सरकार अपनी नीतियों और फैसलों का स्पष्टीकरण देती है, विपक्ष सत्ता की कमियों को उजागर करता है और व्यापक बहस के माध्यम से देश की दिशा तय होती है। इसलिए संसद का चलना केवल सरकार की जरूरत नहीं है, यह पूरे लोकतंत्र की आवश्यकता है। संसद का ठप होना किसी एक राजनीतिक दल का नुकसान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के अधिकारों का नुकसान है।

वर्तमान मानसून सत्र में जिस प्रकार लगातार गतिरोध की स्थिति बनी हुई है, वह लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति गंभीर चिंता पैदा करती है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर मतभेद होना नई बात नहीं है। लोकतंत्र में मतभेद होने ही चाहिए। लेकिन मतभेदों का समाधान बहस, संवाद और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जाना चाहिए। यदि बातचीत के बजाय सदन की कार्यवाही रोकना राजनीतिक रणनीति बन जाए तो इससे संसद की मूल भावना ही कमजोर पड़ती है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच गतिरोध दूर करने के लिए हुई बातचीत का किसी ठोस परिणाम तक न पहुंच पाना भी बताता है कि राजनीतिक दलों के बीच संवाद की गुंजाइश लगातार संकुचित होती जा रही है।

यह स्थिति किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। संसद में सरकार के पास बहुमत है तो विपक्ष के पास जनता की आवाज उठाने का अधिकार और जिम्मेदारी है। दोनों की भूमिकाएं अलग हो सकती हैं, लेकिन दोनों का अंतिम उद्देश्य राष्ट्रहित ही होना चाहिए। सरकार को यह समझना होगा कि बहुमत उसे शासन करने का अधिकार देता है, लेकिन विपक्ष की आवाज को नजरअंदाज करने का अधिकार नहीं देता। उसी प्रकार विपक्ष को भी यह समझना होगा कि सरकार की आलोचना करना उसका अधिकार है, लेकिन संसद को अनिश्चितकाल तक बाधित करना उसका उद्देश्य नहीं हो सकता। लोकतंत्र में विरोध की अपनी गरिमा होती है। संसद में नारेबाजी, प्रदर्शन और विरोध के माध्यम से अपनी बात रखने की परंपरा रही है। कई बार विपक्ष के तीखे विरोध के कारण सरकार को अपने फैसलों पर पुनर्विचार भी करना पड़ा है। इसलिए विरोध को लोकतंत्र के लिए खतरा मानना भी उचित नहीं होगा। समस्या तब पैदा होती है जब विरोध ही संसदीय कार्यवाही का स्थान ले लेता है। यदि किसी मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगना है तो सवाल पूछे जाएं, चर्चा की मांग की जाए, स्थगन प्रस्ताव लाया जाए, संसदीय समितियों का सहारा लिया जाए और जनता के बीच राजनीतिक अभियान चलाया जाए। लेकिन यदि सदन में बहस का अवसर ही समाप्त कर दिया जाए तो विपक्ष अपनी सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक शक्ति का इस्तेमाल करने से स्वयं वंचित हो जाता है। संसद में होने वाली बहस का महत्व इसलिए भी है क्योंकि वहां कही गई बात आधिकारिक संसदीय रिकॉर्ड का हिस्सा बनती है। सरकार को अपने निर्णयों का उत्तर देना पड़ता है और विपक्ष को अपने आरोपों तथा तर्कों को प्रमाण और तथ्य के साथ प्रस्तुत करना पड़ता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यही स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। लेकिन जब सदन में लगातार शोर और नारेबाजी होती है, तब गंभीर मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। जनता यह देखने से वंचित रह जाती है कि उसके प्रतिनिधि किसी विषय पर वास्तव में क्या सोचते हैं और उनके पास समस्या का समाधान क्या है। संसद का समय बेहद मूल्यवान है। संसद के संचालन पर सार्वजनिक धन खर्च होता है। सांसदों को जनता ने इसलिए चुना है कि वे राष्ट्रीय और जनहित के विषयों पर विचार करें, कानूनों की समीक्षा करें और सरकार को जवाबदेह बनाएं। यदि संसद का बड़ा हिस्सा हंगामे और गतिरोध में बीत जाता है तो यह केवल सरकारी संसाधनों की बर्बादी नहीं है, बल्कि जनता द्वारा दिए गए जनादेश का भी अपमान है। जिस नागरिक के वोट से सांसद संसद तक पहुंचते हैं, उसे यह जानने का अधिकार है कि उसका प्रतिनिधि संसद में क्या काम कर रहा है। दुर्भाग्य यह है कि पिछले कुछ वर्षों में संसद में गतिरोध एक सामान्य राजनीतिक हथियार की तरह दिखाई देने लगा है। किसी मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए विपक्ष सदन की कार्यवाही रोकता है और सरकार भी कई बार विपक्ष के दबाव में झुकने के बजाय राजनीतिक मुकाबले को प्राथमिकता देती दिखाई देती है। इस टकराव में संसद की संस्था पीछे चली जाती है और राजनीतिक दल आगे आ जाते हैं। यही स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है।

संसद किसी दल की संपत्ति नहीं है। न सत्ता पक्ष की और न विपक्ष की। यह देश की जनता की संस्था है। यहां सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बराबर लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। सरकार को अपनी नीतियों पर सवालों का जवाब देना चाहिए और विपक्ष को सवालों के साथ वैकल्पिक दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करना चाहिए। लोकतंत्र केवल यह कहने से मजबूत नहीं होगा कि सरकार गलत है। लोकतंत्र तब मजबूत होगा जब विपक्ष यह भी बताएगा कि सही रास्ता क्या है और वह रास्ता देश की समस्याओं का समाधान किस प्रकार करेगा। इसी प्रकार सरकार को भी विपक्ष की प्रत्येक मांग को राजनीतिक विरोध समझकर खारिज करने से बचना चाहिए। कई बार विपक्ष की मांगों में जनहित से जुड़े वास्तविक प्रश्न होते हैं। सरकार को यह तय करना चाहिए कि किन मुद्दों पर तत्काल चर्चा आवश्यक है और किन विषयों पर संसदीय समितियों या अन्य मंचों के माध्यम से विचार किया जा सकता है। बहुमत के बल पर विधायी कार्यवाही आगे बढ़ाना संवैधानिक रूप से संभव हो सकता है, लेकिन लोकतांत्रिक रूप से बेहतर स्थिति वही होगी जिसमें महत्वपूर्ण कानून व्यापक चर्चा और अधिकतम सहमति के साथ बनाए जाएं। भारतीय राजनीति में संवाद की एक समृद्ध परंपरा रही है। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राममनोहर लोहिया, अटल बिहारी वाजपेयी और अनेक नेताओं ने वैचारिक मतभेदों के बावजूद संवाद के महत्व को स्वीकार किया। राजनीतिक विरोध को व्यक्तिगत दुश्मनी में बदलने से बचना लोकतांत्रिक संस्कृति की पहचान रहा है। आज आवश्यकता उसी संस्कृति को पुनर्जीवित करने की है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# सुविधा की राजनीति व शिक्षा जगत की दुविधा

गिरीश्वर मिश्र

लोकतंत्र के आधुनिक परिवेश में सामाजिक-राजनीतिक जीवन में उथल-पुथल आम बात है। विकसित और विकासशील सभी तरह के देशों में, जहाँ लोकतांत्रिक सरकारें सत्ता की बागडोर संभाल रही हैं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाल है। वहाँ तमाम चीज़ों को लेकर बहसें होती रहती हैं। ऐसे में विभिन्न मुद्दों पर राजनैतिक दलों की अलग-अलग राय भी होती है। यह स्थिति बहुत हद तक स्वस्थ राजनीतिक प्रवृत्ति को दर्शाती है। सच कहें तो असहमति को आदर देना सभ्य समाज की वैचारिक परिपक्वता का परिचायक होता है।

भारत जैसे देश में जहाँ राष्ट्रीय स्तर की छह और क्षेत्रीय स्तर की साठ राजनीतिक दलों की संख्या है वैचारिक मतभेद होना सहज और स्वाभाविक है। ऊपर से क्षेत्रीय, भाषाई, धार्मिक तथा आर्थिक विविधतायें भी बहुत तरह की हैं। ऐसी बहुलताओं वाले देश में किसी प्रश्न पर भिन्न प्रकार के विचारों को राजनैतिक विमर्श में सहनशीलता के साथ सम्मानजनक जगह मिलनी चाहिए। अक्सर विरोध की गुंजाइश न होने पर लोकतांत्रिक संस्थाएं और उनकी गतिविधियाँ पटरी से उतर कर ठप पड़ जाती हैं। देश में जब आपातकाल लगा था तब कुछ ऐसा ही हुआ था। इतिहास गवाह है कि देश ने उस कदम को नकार दिया था और जेपी के नेतृत्व में बड़ा बदलाव आया और वह एक प्रस्थानविंदु बन गया। उसके बाद किसी एक दल का राजनीतिक वर्चस्व खत्म हो गया। ऐसे में पारस्परिक वाद, विवाद और संवाद राजनीतिक अनिवार्यता बन चुकी है। गौरतलब है संविधान सभा की बहसों और उसके बाद देश के संसदीय इतिहास में भी अनेक अवसरों पर संसद में तीखी बहसें होती रही हैं। कई सांसदों के वक्तव्यों में ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति-सभ्यता की बातें भी हुआ करती थीं और हास्य-विनोद का पुट भी रहता था। इनसे लोगों को सीखने को भी बहुत कुछ मिलता था। कुछ समय से इस तरह की परम्परा से अलग हट कर संसद में चल रही गतिविधि देखते-सुनते हुए आमजन हतप्रभ हैं और उनकी चिंता बढ़ती रही है। अब संसद परिसर का वातावरण गंभीर विचार-विनिमय की जगह नाटकीय अभिनय के प्रदर्शन का मंच सा होता जा रहा है। संसद के भीतर और बाहर बार-बार मान्यवरों की ओर से ऐसा होना आमजन को निराश करने वाला है। इससे किसी दल कितना राजनैतिक लाभ मिलता है ये तो वे ही जानें पर ऐसे ग़ैरजिम्मेदार आचरण से तात्कालिक रूप से देश के संसाधनों का अपव्यय तो निश्चित रूप से होता है। यह अलग बात है कि इसकी ज़िम्मेदारी कोई नहीं लेता है। साथ ही जनता को अवांछित संदेश भी जाता है। संसद का पूरा का पूरा सत्र कोरा बीत जाता है और उसके काम धरे के धरे रह जाते हैं या फिर आपाधापी में बिना विचारे निपटा लिए जाते हैं। दोनों ही हाल में यह एक जोखिम वाली बात है, पर यह प्रवृत्ति रुकने का नाम नहीं ले रही है। समस्याओं पर विचार करने और उनकी ओर ध्यान आकृष्ट करने का जो अभिनव तरीका उभर रहा है वह संसद की गरिमा के विरुद्ध है। अलबत्ता सांसदों को अन्न, जल तथा पर्यटन और कार्य के भत्ते आदि की तरह-तरह की सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। सांसद होने के लाभ उन्हें मिलते रहते हैं। उन्होंने अपने लिए नीति बना रखी है ताकि सुविधाएं बिना बंदिश के मिलती रहें। सुविधा सबको चाहिए, राजा को भी और प्रजा को भी। राजनीति सुविधाभोगी हो रही है और लोक-जीवन के सरोकार पिछड़ते जा रहे हैं। जनता की नियति असुविधा भोगने की है। उसकी लाचारी और विवशता कई-कई मोर्चों जारी है। आजकल राजनीति में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में ठनी हुई है और संसद में गतिरोध जारी है। इस खेदजनक रुकावट की त्रासदी देश में शिक्षा की समस्याओं से जुड़ी हुई है। बावजूद इसके शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है केंद्र और राज्यों की सरकार हो या संसद, शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण और बुनियादी प्रश्नों की लगातार उपेक्षा होती आ रही है। चर्चाओं में सभी विषयों पर ध्यान देने के बाद शिक्षा की बारी आती है और इस पर सतही तौर पर नजर डाली जाती है और रस्म अदायगी निभाई जाती है। शिक्षा एक ऐसा विषय है जिसके लिए कोई विशिष्ट योग्यता भी नहीं चाहिए इसलिए किसी को भी इसे सुपुर्द कर दिया जाता है। साथ ही भारतीय शिक्षा व्यवस्था इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें अपनी शिक्षा पर भरोसा नहीं है। मसलन हायर सेकेंड्री से बीए/ बीएससी और बीए/ बीएससी से एमए/ एमएससी में प्रवेश के लिए किस्म-किस्म की परीक्षाओं का एक बड़ा जाल बना रखा है। प्रवेश-परीक्षाओं की बड़ी लंबी सूची है जिसमें विद्यार्थी को लगातार पात्रता सिद्ध करते रहना है। सिर्फ़ पढ़ाई काफ़ी नहीं है; प्रवेश-परीक्षाएँ शिक्षा-क्रम में आगे कदम बढ़ाने के लिए सीढ़ी बन गई हैं। इस मद्देनजर मददगार कोचिंग संस्थानों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। पर ताजा संदर्भ में परीक्षा कराने की चाक-चौबंद राष्ट्रीय व्यवस्था (एनटीए) ही बड़ी चुनौती बन गई। नीट के पेपर लीक की बार-बार की घटनाओं ने छात्रों के भरोसे को तोड़ दिया पर इसकी अनदेखी होती रही। इसका परिणाम युवा-आक्रोश के रूप में उभरा। दुखी होकर आज जेनरेशन ज़ेड और जेनरेशन अल्फा ने तीव्र स्वर में अपनी बात उठाने का संकल्प कर लिया। हम सबने देखा कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के उग्र प्रदर्शन के आगे सरकार को बाध्य होकर कई कड़े कदम उठाने पड़े और तब जाकर कहीं आंदोलन थमा। इस घटनाक्रम ने यह भलीभाँति प्रकट कर दिया कि प्रश्नों का टालते रहना या उन पर कारवाई न करने की बड़ी क़ीमत अदा करनी पड़ती है। लोकतंत्र जनता के लिए होता है और उसकी आवाज़ का बड़ा महत्व होता है। आज जब संचार के साधन बहुत बढ़ चुके हैं, लोकमत की तरफ़ से मुँह मोड़ लेना या आँख बंद रखना और ख़तरनाक हो रहा है। अब झारखंड में परीक्षाओं में धांधली को लेकर छात्रों का धरना-प्रदर्शन जारी है। परीक्षा के पेपर बार-बार लीक होना शर्मनाक है और अब सरकार उसका संज्ञान लेकर सख्त कदम उठा रही है। परंतु शिक्षा के सवाल केवल परीक्षा तक सीमित नहीं हैं। राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश आदि कई राज्यों में सरकारी स्कूलों की खस्ता हालत बता रही है कि शिक्षा की आधारशिला कमजोर हो रही है। बहुतेरे विद्यालयों में न तो शौचालय जैसी सामान्य सुविधाएं हैं न ही पढ़ने-पढ़ाने के लिए पर्याप्त अध्यापक हैं। अनुमानतः देश में एक लाख स्कूल ऐसे हैं जहाँ केवल एक अध्यापक है और वही सभी कक्षाओं को पढ़ाता है। ऐसे एकल शिक्षक विद्यालयों की संख्या बढ़ रही है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 28 प्रतिशत और राज्यों के विश्वविद्यालयों में अध्यापकों के लगभग 40 से 60 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। भर्ती की प्रक्रिया समय पर न हो पाना और विकट नौकरशाही के झमेलों के चलते प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। फलतः ज्यादातर जगहों पर अतिथि अध्यापकों से काम चलाया जा रहा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## नैरेटिव बन रहा है, कुछ तो जरूर होगा!

अब हवा में फिर सवाल तैर रहे हैं,
गलियों में फिर कयास ठहर रहे हैं।
सरकार चुप है और चेहरे गंभीर हैं,
हमें तो ये लगता है कि पर्दे के पीछे,
कुछ नए-नवेले तीर तैयार हो रहे हैं।

बैठक पर बैठक, चर्चा पर हैं चर्चा,
खबरों में रहस्य, सियासत में गर्मी।
यूं कभी सुरक्षा व सीमाओं की बात,
यारों अब हर संकेत में ढूँढ़ी जा रही,
किसी बहुत बड़े फैसले की आहट।

कहते हैं—कुछ बड़ा होने वाला है,
वे यह भी कहते हैं—तैयारी पूरी है,
मगर आज सवाल यही है आखिर-
क्या? वर्तमान में हरेक खामोशी को,
सनसनी आयाम बनाना जरूरी है?

ये नैरेटिव भी आज अजीब चीज है,
पहले खबर बनती है व फिर माहौल,
फिर माहौल से ही उम्मीदें जगती हैं।
और अंत में यहीं जनता पूछती है-
अरे बताओ आखिर में हुआ क्या?



# स्वाधीनता के सूर्योदय के लिए निर्णायक आंदोलन का उद्घोष

रमेश शर्मा

भारत के स्वाधीनता आंदोलन में 9 अगस्त वह ऐतिहासिक तिथि है, जब स्वतंत्रता के लिए निर्णायक संघर्ष का उद्घोष हुआ था। इसलिए इसे अगस्त क्रांति कहा जाता है।

स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास में यह 9 अगस्त की तिथि दो महत्वपूर्ण स्मृतियों से जुड़ी है। पहली तिथि 9 अगस्त 1925 है। इस दिन क्रांतिकारी आंदोलन को गति देने के लिए काकोरी रेलवे स्टेशन पर सरकारी खजाना लूटा गया था। दूसरी तिथि 9 अगस्त 1942 है। इस दिन अहिंसक आंदोलन को निर्णायक स्वरूप देने के लिए अंग्रेजों, भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ था। इस आंदोलन का आह्वान गांधी जी ने किया था, पर एक रात पहले ही 8 अगस्त को गांधी जी सहित सभी कांग्रेस नेता बंदी बना लिए गए थे। लेकिन यह आंदोलन मानो जन आंदोलन था। देश के अधिकांश स्थानों में सामान्य जन हाथ में तिरंगा लेकर निकल पड़े थे। जनसामान्य की भागीदारी के कारण ही इस आंदोलन को अगस्त क्रांति नाम मिला।

क्रांतिकारी आंदोलन में सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगतसिंह सहित विभिन्न क्रांतिकारियों को फाँसी और जेल में डाल देने से भले ही सशस्त्र क्रांति की धारा में कुछ शिथिलता आई, पर काकोरी कांड से पूरी अंग्रेज सरकार हिल गई थी। इसकी गूँज लंदन तक हुई थी। तब अंग्रेज सरकार ने दो काम किए। एक ओर कुछ नागरिक अधिकार देना आरंभ किया और दूसरी ओर अंग्रेज-विरोधी क्रांतिकारियों के दमन का क्रम शुरू किया। यह क्रांतिकारी आंदोलन का दबाव ही था कि अंग्रेजों ने कुछ तटस्थ लोगों को विश्वास में लिया और नागरिक अधिकार देने का क्रम बनाया। इसके लिए लंदन से कुछ अध्ययन दल आए और आगे चलकर स्थानीय असेंबलियों के चुनाव हुए।

काकोरी कांड के नायक चंद्रशेखर आजाद थे। क्रांतिकारियों को धन की आवश्यकता थी। वे अंग्रेजों को भारत से बाहर करने के लिए निर्णायक लड़ाई छेड़ना चाहते थे। इसके लिए धन जुटाने के अनेक प्रयत्न हुए। तभी पता चला कि ट्रेन से सरकारी खजाना जाने वाला था। कहने के लिए यह खजाना सरकारी था, अंग्रेज यह पैसा लंदन से लेकर नहीं आए थे। यह भारतीयों का ही पैसा था, जो अंग्रेजों ने बलपूर्वक वसूला था। क्रांतिकारियों ने भारत की स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र आंदोलन में इस पैसे को लगाने का संकल्प किया और पता लगाया कि यह पैसा कब और किस ट्रेन से ले जाया जाएगा।

जिस ट्रेन से यह खजाना जाने वाला था, वह आठ डाउन पैसेंजर थी। इस खजाने को लूटने की योजना बनी। इसमें सत्रह क्रांतिकारियों की टोली ने हिस्सा लिया। चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में बनी इस योजना में रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, योगेशचंद्र चटर्जी, प्रेमचंद खन्ना, मुकुंदीलाल, विष्णु शरण, सुरेशचंद्र भट्टाचार्य, रामकृष्ण खत्री, मन्मथनाथ गुप्त, राजकुमार सिंह ठाकुर, रोशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी, गोविंद शरण, रामदुलारे त्रिवेदी, रामनाथ पांडे, शचींद्रनाथ सान्याल, भूपेश सान्याल और प्रणवेशकुमार शामिल थे।

इसके लिए चार जर्मनी निर्मित माउजर रिवॉल्वर जुटाए गए। माउजर की खास बात यह होती है कि यदि इसके बट में लकड़ी का हैंडल लगा दिया जाए, तो इसे बंदूक की तरह उपयोग किया जा सकता है।

**काकोरी कांड विशेष**




गाड़ी जैसे ही काकोरी से सहारनपुर के लिए रवाना हुई, तो इसे चेन खींचकर रोका गया और ट्रेन पर धावा बोलकर खजाना लूट लिया गया। बाद में अंग्रेजों ने 40 क्रांतिकारियों को बंदी बनाया। इनमें चार को फाँसी, बारह को उम्रकैद, काला पानी और बाकी को चार-चार साल के कारावास का दंड मिला।

9 अगस्त 1945 को भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ। इस आंदोलन के पीछे अंग्रेजों द्वारा अपने उस आश्वासन से पीछे हट जाना था। अंग्रेजों ने द्वितीय विश्व युद्ध आरंभ होने पर कांग्रेस से सहयोग माँगा और आश्वासन दिया कि वे भारत को स्वतंत्र कर देंगे और इसकी प्रक्रिया तुरंत आरंभ कर देंगे तथा युद्ध समाप्त होते ही भारत स्वतंत्र हो जाएगा।

द्वितीय विश्व युद्ध 1939 में आरंभ हुआ था। इसके आरंभ होने को तीन वर्ष बीत गए थे, पर भारत की स्वतंत्रता के लिए कोई प्रक्रिया आरंभ न हो सकी। तब 4 जुलाई 1942 को कांग्रेस ने बैठक की और अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रक्रिया आरंभ करने का स्मरण दिलाया, पर कुछ नतीजा नहीं निकला। 9 अगस्त 1942 से निर्णायक आंदोलन आरंभ करने का निर्णय हुआ। इसके लिए मुंबई का पार्क तय हुआ। अब इस पार्क को अगस्त क्रांति मैदान का नाम दे दिया गया है। यद्यपि 4 जुलाई 1942 को हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में निर्णायक आंदोलन चलाने के निर्णय पर मतभेद थे। कुछ नेता चाहते थे कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। इन नेताओं में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी प्रमुख थे। जबकि पंडित जवाहरलाल नेहरू और मौलाना अबुल कलाम आजाद ने आंदोलन से पहले अंग्रेजों से बात करने का सुझाव दिया, तो सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेता तीन साल बीत जाने पर भी कोई कदम न उठाने पर नाराज थे और तुरंत आंदोलन छेड़ने के पक्ष में थे। अंततः अंग्रेजों को एक माह की अवधि दी गई और नौ अगस्त से आंदोलन करने का निर्णय हुआ। बैठक में आंदोलन का विरोध कर रहे चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया।

अंग्रेजों ने आंदोलन का नोटिस मिलने के बाद भी भारत की स्वतंत्रता के लिए कोई प्रक्रिया आरंभ नहीं की। उल्टे आंदोलन का दमन करने का निर्णय लिया और आंदोलन की तिथि नौ अगस्त से दो दिन पहले, सात अगस्त से ही देशभर में गिरफ्तारियाँ शुरू कर दीं। गांधी जी और अन्य प्रमुख नेता 8 अगस्त को बंदी बना लिए गए। पर देशव्यापी गिरफ्तारियों के बाद भी आंदोलन न रुका और जनसामान्य तिरंगा हाथ में लेकर निकल पड़ा। भारत का संभवतः कोई नगर और कस्बा न बचा, जहाँ लोग हाथ में तिरंगा लेकर घर से न निकले हों।

पुलिस ने पचास से अधिक स्थानों पर गोलियाँ चलाईं, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। यह आंदोलन महीनों चला। अंततः विवश होकर नवंबर 1942 में अंग्रेजों ने गांधी जी से चर्चा की और समझौता हुआ। गिरफ्तार लोग रिहा हुए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में यह आंदोलन अंतिम और निर्णायक था। इस आंदोलन का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मुस्लिम लीग ने विरोध किया था।

नमन उन हुतात्माओं को, जिनके बलिदान से हम स्वतंत्र हवा में श्वास ले रहे हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### दहेज में बुलेट की मांग, विवाहिता की मौत के 16 दिन बाद मुकदमा

**सरीला (हमीरपुर)।** थाना जरिया क्षेत्र के अमूंद गांव में 23 जुलाई को जहरीला पदार्थ खाने से हुई विवाहिता प्रीति की मौत के मामले में पुलिस ने 16 दिन बाद पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पिता खेरलाल ने आरोप लगाया कि वर्ष 2016 में शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि प्रताड़ना से परेशान होकर प्रीति ने 23 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया। राठ से झांसी ले जाते समय पनवाड़ी के पास उसकी मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी शाहरुख खान के निर्देश पर पुलिस ने पति रवि कुमार, ससुर जयसिंह, सास और देवर श्याम कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरणा का मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

### कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवाल को बुलडोजर से ढहाया

**सरीला (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के बरगंवा गांव में ग्राम सभा की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही। प्रशासन की इस कार्रवाई से कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। एसडीएम विकास कुमार यादव ने बताया कि बरगंवा ग्राम में गाटा संख्या 127 में 0.821 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव निवासी राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार और राकेश कुमार पुत्रगण प्रागीलाल तथा ओमकार पुत्र देशराज ने भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा कर रखा था।तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश कराई। इसके बाद बुलडोजर से अवैध बाउंड्रीवाल ढहाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार रविंद्र पाल सिंह, लेखपाल और पुलिस बल मौजूद रहा।

### आर्य समाज का मंडलीय अधिवेशन आज

**सुमेरपुर।** आर्य प्रतिनिधि सभा के निर्देश पर आर्य समाज का मंडलीय अधिवेशन कस्बे के घर्मेश्वर बाबा मोहाल स्थित राजनंदनी पैलेस में रविवार सुबह 9:00 बजे से शुरू होगा।आर्य प्रतिनिधि सभा के उप मंत्री डॉ विवेक आर्य ने बताया कि प्रतिनिधि सभा के निर्देश पर जालौन, हमीरपुर, बांदा, महोबा, चित्रकूट जनपदों का आर्य अधिवेशन कस्बे में संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है। अधिवेशन को आर्य वीर दल के प्रांतीय संचालक आचार्य पंकज आर्य, डॉ. हरी सिंह,स्वामी नरेंद्र देव सरस्वती संबोधित करेंगे।

### मकान में नया दरवाजे लगाने पर की गाली गलौज

**सुमेरपुर।** पचखुरा बुजुर्ग के राशन विक्रेता आसाराम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी पर गाली गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।राशन विक्रेता ने बताया कि वह अपना पुराना मकान गिराकर नया निर्माण कर रहा है। रास्ते के उसे पार रहने वाला व्यक्ति उसे दरवाजा लगाने से मना करते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष ने दूसरे पक्ष को बुलाकर मामले का निस्तारण करते हुए राशन विक्रेता को दरवाजा लगाने की निर्देश दिए हैं।

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के पत्योरा गांव में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर शराब के नशे में कुछ लोगों ने युवक राजा सिंह चंदेल के साथ मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि घायल युवक सुबह तहरीर लेकर पुलिस चौकी पहुंचा, लेकिन उसे उपचार के लिए नहीं भेजा गया और काफी देर तक चौकी में बैठाए रखा गया। पीड़ित की पत्नी प्रियंका सिंह ने आरोप लगाया कि अरविंद सिंह उर्फ लाला चंदेल ने साथियों के साथ मिलकर उसके पति से मारपीट की। उन्होंने बताया कि घायल हालत में पति घर पर पड़ा है और आरोपी के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं चौकी प्रभारी निशांत दुबे ने तहरीर मिलने से इनकार करते हुए कहा कि युवक मौखिक जानकारी देकर लौट गया था। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर द्वारा मारपीट की जानकारी मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 का झांसी में शुभारंभ

**झांसी।** न्यायालयों में वर्षों से लंबित मुकदमों को आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने के लिए जिले में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0' का शुभारंभ हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के निर्देशानुसार यह विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान 01 अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी ईशा त्रिपाठी ने बताया कि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी कमलेश कच्छल जी के कुशल मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित शमनीय मुकदमों को मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से दोनों पक्षों की रजामंदी से हल कराना है। सचिव महोदया श्रीमती ईशा त्रिपाठी ने बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से विवादों का समाधान होने पर दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होती है। इसमें मुकदमों की लंबी प्रक्रिया और कटुता समाप्त होती है, जिससे दोनों पक्षों के रिश्ते पुनः सुदृढ़ होते हैं। उन्होंने आम जनमानस एवं समस्त वादकारियों से अपील की है कि वे न्यायालयों में लंबित अपने समझौते योग्य मामलों को मध्यस्थता केंद्र, झांसी में संदर्भित कराकर इस राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# थाना दिवस में सात शिकायतें पहुंचीं

- अधिकारियों ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश
- राजस्व की छह व महिला उत्पीड़न से जुड़ी एक शिकायत दर्ज



**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**

राठ कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी राठ चित्रा निर्वाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में नगर और ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व से संबंधित छह और महिला उत्पीड़न की एक शिकायत शामिल रही। एसडीएम ने राजस्व, नगर एवं विकास कार्यों से जुड़ी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह, राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार यादव समेत लेखपाल और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### बालाजी मंदिर के पुजारी ने लगाया गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।** राठ कोतवाली क्षेत्र के धमना मौजा स्थित बालाजी मंदिर के पुजारी मिथिलेश चन्द्र ने मंदिर परिसर में रहने वाले राजेश, समय कुमार सहित अन्य लोगों पर गाली-गलौज, पत्थर मारकर खिड़की का शीशा तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुजारी ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि छह अगस्त को राजेश ने कथित तौर पर समय कुमार को भड़काकर मंदिर में भेजा, जहां उनके साथ गाली-गलौज की गई। आरोप है कि बाद में उनके निवास पर पत्थर फेंके गए, जिससे खिड़की का शीशा टूट गया। पुजारी के मुताबिक उन्होंने डायल-112 पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद भी गाली-गलौज और गोली मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

पुजारी ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### आर्य समाज मुस्करा की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित



**समृद्धि न्यूज़, मुस्करा।**

आर्य समाज मुस्करा की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव के बाद वैदिक रीति से हवन किया गया। नवनिर्वाचित प्रधान हर स्वरूप व्यास ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आर्य समाज के उद्देश्यों व नियमों के अनुरूप कार्य करने का संकल्प दिलाया। चुनाव में हर स्वरूप व्यास को प्रधान, जगदीश शिवहरे को उपप्रधान, सत्य प्रकाश आर्य को मंत्री, विजय प्रजापति व श्याम बाबू गुप्त को उपमंत्री, योगेंद्र कुमार गुप्त को संगठन मंत्री, मुकेश कुमार गुप्त को प्रचार मंत्री, राम प्रसाद गुप्त को कोषाध्यक्ष, उमेश चंद्र अग्रवाल को उपकोषाध्यक्ष तथा शिवराम गुप्त को ऑडिटर चुना गया। प्रमुख संरक्षक मंडल में डॉ. नरेश चंद्र अग्रवाल, कालीचरण कुशवाहा व श्याम बिहारी विश्वकर्मा शामिल हैं। इसके अलावा आठ सदस्यों का चयन किया गया। कुल 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध हुआ। बताया गया कि आर्य समाज मुस्करा की स्थापना वर्ष 1900 में हुई थी और भवन का निर्माण 1904 में कराया गया था। तब से यहां आर्य समाज की गतिविधियां निरंतर संचालित हो रही हैं।

## बच्चों के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिला से की मारपीट, बदसलूकी



**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

स्कूली वैन में बच्चों के बीच हुई मारपीट के बाद दबंगों ने घर में घुसकर अकेली महिला के साथ गाली गलौज,मारपीट करते हुए बदसलूकी की ,उसका मंगलसूत्र लूट कर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही मां को बचाने आए मासूम बच्चे को भी नहीं बख्शा। पीड़िता द्वारा डायल -112 तथा थाना रक्सा में शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे हौसला बुलंद दबंग शनिवार को सुबह फिर उसके घर जा पहुंचे।

घबराकर वह अपने परिजनों व मासूम बच्चों के साथ अधिकारियों के पास गुहार लगाने पहुंची तो उसे निराशा हाथ लगी। दिव्तीय शनिवार होने के कारण जिलाधिकारी के बाद आईजी, एसएसपी कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह पुनः थाना रक्सा पहुंची तो उसे उल्टा डरा-धमका कर चलता कर दिया गया।

पति, बच्चों व अन्य रिश्तेदारों के साथ भटक रही थाना रक्सा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अठोदना निवासी पीड़िता रश्मि पत्नी प्रमोद बरार ने बताया कि शुक्रवार को स्कूल से लौटते समय उसके बेटे के साथ गांव के ही एक दबंग के बच्चों ने मारपीट कर दी थी।

इसके बाद रात में तीनों दबंग भाईयों ने अपनी पत्नियों, माता पिता आदि के साथ घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज, मारपीट कर बदनियती से उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका मंगलसूत्र छीनकर सारे परिवार को जान से मारने की धमकी दी, उन्होंने मासूम बच्चों को भी नहीं बख्शा।

पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर हौसला बुलंद दबंगों ने शनिवार को पुनः राजीनामा का दबाव बनाते हुए जमकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो दबंग अप्रिय वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

किसी उच्चाधिकारी के न मिलने पर पीड़िता ने आन लाइन मुख्यमंत्री से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिले में होंगे भव्य आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026, हर घर तिरंगा अभियान-2026 और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के कार्यक्रमों को भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जनपदवासियों से इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जाए और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। 15 अगस्त को सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान और वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा। उन्होंने तिरंगा झंडा पूरे सम्मान और ध्वज संहिता के अनुरूप फहराने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में समाजसेवियों, उद्यमियों, मेधावी छात्र-छात्राओं, स्टार्टअप सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों तथा कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और तिरंगा फहराने के साथ विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान, श्रमदान, वृक्षारोपण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 अगस्त को सुबह 6:30 बजे प्रभातफेरी, 7 बजे क्रॉस कंट्री रेस, 8:45 बजे रानी लक्ष्मीबाई दुर्ग पर ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण, दोपहर 1 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह, 2 बजे चंद्रशेखर मीनार पार्क में शहीदों के नाम वृक्षारोपण, 2:40 बजे लक्ष्मी गेट स्थित कुष्ठ आश्रम में फल-मिष्ठान वितरण, शाम 4 बजे मानव श्रृंखला और 6 बजे महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में दीपदान कार्यक्रम होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 14 एवं 15 अगस्त की रात सरकारी भवनों, अन्य इमारतों एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारकों को रोशन किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में सिपाही गंभीर घायल, झांसी रेफर

**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी,( महोबा)।** जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में पनवाड़ी थाने में तैनात सिपाही एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना एनएच हरपालपुर रोड पर हुई, जहां सड़क मरम्मत के लिए पड़ी डस्ट के कारण उनकी बाइक फिसल गई। पनवाडी थाने में तैनात सिपाही अविनाश खाना खाने के बाद थाने लौट रहे था। जब वह एनएच हरपालपुर रोड से गुजर रहा था , तो अंधेरे में सड़क पर पड़ी डस्ट उनकी बाइक के सामने आ गई। बाइक डस्ट पर चढ़ते ही सिपाही का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने के कारण अविनाश सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हमीरपुर जिले के राठ कस्बे से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

# जमीनी विवाद में चली गोली

**समृद्धि न्यूज़, बिवांर (हमीरपुर)।**



जमीनी विवाद को लेकर चचेरे भाई के पैर में मारी गोली भाई ने घायल युवक को सदर चिकित्सालय में ले जाकर किया भर्ती पुलिस ने मौके पर जाकर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है ।

थाना क्षेत्र के मव?ईजार गांव के जीतेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह कानपुर में रहता है। जीतेंद्र के परिजन थाना ललपुरा के पौथिया गांव में रहते हैं जीतेंद्र सिंह के पास बत्तीस बीघा जमीन है जिस पर निजी नलकूप लगा हुआ है आज दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे जीतेंद्र सिंह अपने भाई शिववीर सिंह के साथ अपने खेत में गया हुआ था।

खेत पर पहले से कब्जा जीतेंद्र सिंह का चचेरा भाई भुजबल सिंह पुत्र शिवपाल सिंह किए हुए हैं जो मौके पर मौजूद था ।

दोनों भाइयों के आने पर भुजबल ने अभद्रता कर पथराव करना शुरू कर दिया है दोनों भाइयों के न मानने पर भुजबल ने हवाई फायर कर दिया।जीतेंद्र ने इसकी सूचना एस आई मोहम्मद सुल्तान को दी है उसके वीडीयो बनाने पर भुजबल ने दौड़ा कर गोली चला दी है । गोली जीतेंद्र के पैर में लगी है भाई शिववीर सिंह ने घायल जीतेंद्र को ले जाकर सदर चिकित्सालय में भर्ती कराया है ।

जीतेंद्र सिंह ने बताया कि भुजबल छह साल से उनकी जमीन में कब्जा किए हुए हैं जिसका मुकदमा अदालत में चल रहा है उसके चचेरे भाई ने जबरन कब्जा किए हुए हैं खेत से कब्जा हटाने को कहने पर भी अवैध रिवाल्वर से गोली चलाई है।

मौके पर सीओ मौदहा राजकुमार पाण्डेय,थानाध्यक्ष विनोद कुमार एसआई मोहम्मद सुल्तान ने जाकर जांच पड़ताल का कार्य शुरू कर दिया है सीओ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच चल रही है खबर लिखते तक परिजनों सें अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# बांदा पैरामेडिकल कॉलेज एंड नर्सिंग स्कूल में हुआ दीक्षांत समारोह

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



बांदा पैरामेडिकल कालेज एंड नर्सिंग स्कूल में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान बीएससी नर्सिंग के सफल छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने नर्सिंग की शपथ लेकर समाज व मानवता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोह लिया।

तिंदवारा गांव स्थित बांदा पैरामेडिकल एंड नर्सिंग स्कूल में शनिवार को कालेज ऑडिटोरियम में भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने नर्सिंग की शपथ लेकर समाज व मानवता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी का संदेश पढ़ाकर सुनाया। कहा कि नर्सिंग पेशा केवल रोजगार नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज के हित में करने का आह्वान किया। नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कहा कि प्रशिक्षित नर्सिंग प्रोफेशनल्स स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। दीक्षांत समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

आकर्षक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार में उत्साह और उल्लास से भरा रहा। दीक्षांत समारोह समापन पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। कालेज चेयरमैन मकबूल अली खां और निदेशक डा.जरीना खातून व आयोजक भाजपा नेता हाजी आरिफ खान ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ उत्कृष्ट नैतिक एवं व्यावसायिक मूल्यों से भी परिपूर्ण बनाना है।

इस मौके पर तिंदवारा ग्राम प्रधान संतराम राजपूत, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज प्राचार्य विजयाशांति एम, उप प्राचार्य अर्चना बेले, हाजी एफ्फ़ू खान, डा.सबीहा रहमानी, राबिया खातून, डा.टीआर सरसैया, डा.मोहित सिंह, मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, समाजसेवी सुनील सक्सेना सहित कालेज के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा पर सीओ सख्तः एरच रोड से गरौठा रोड तक सुरक्षा का कड़ा पहरा

- सड़कों पर दौड़ेगी 'चीता मोबाइल'
- असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा

**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय (झांसी)।**

कावड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है।

इसी क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी गरौठा पीयूष कुमार पाण्डेय ने कावड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए जगह-जगह पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एरच रोड से लेकर गरौठा रोड तक चीता गाड़ी (पुलिस मोबाइल गश्त) तैनात करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूरे मार्ग पर निरंतर निगरानी रखी जा सके और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके। यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रूट पर विशेष रूप से 'चीता मोबाइल' (पुलिस मोटरसाइकिल दस्ता) की तैनाती कर दी गई है। ये चीता गाड़ियां एरच रोड से गरौठा रोड के चप्पे-चप्पे पर लगातार गश्त करेंगी, ताकि शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सीओ पीयूष कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यात्रा मार्ग में खलल डालने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस प्रशासन हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## ई-स्कूटी एजेंसी में लगी भीषण आग, एक दर्जन स्कूटी जलकर राख



**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**

शहर के चरखारी बायपास स्थित कबीर एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी एजेंसी में देर रात भीषण आग लग गई हादसे में 12 नई इलेक्ट्रिक स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि 8 अन्य स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आग में एजेंसी का एसी, फॉल्स सीलिंग और कीमती फर्नीचर भी जलकर नष्ट हो गया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, करीब 12 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि एजेंसी में शुक्रवार देर रात करीब 2:30 बजे आग लगी। एजेंसी बंद थी। अंदर से चिंगारी और धुआं निकलता देखकर पास में लाइब्रेरी चलाने वाले व्यक्ति को आग लगने का पता चला। उन्होंने सुबह करीब 4 बजे एजेंसी संचालक साहिल मंसूरी को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही साहिल मंसूरी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम करीब 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई।

फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के बाद भी आग बुझाने में सबसे बड़ी परेशानी बिजली सप्लाई चालू रहने से हुई। एजेंसी संचालक साहिल मंसूरी के अनुसार, उन्होंने सबसे पहले पावर हाउस फोन कर बिजली बंद कराने की कोशिश की। साहिल का आरोप है कि करीब आधे घंटे तक बिजली विभाग के कर्मचारियों ने न तो पुलिस का फोन उठाया और न ही उनका फोन रिसीव किया।

# बारिश से प्रभावित रगौली मार्ग पर आवागमन के लिए कराई व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



जिले में विगत दो दिनों से हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण ग्राम रगौली संपर्क मार्ग के किलोमीटर-1 पर रगौली ग्राम के समीप मलंगा नाले में अचानक जलस्तर बढ़ने से तेज जलप्रवाह के कारण निर्माणाधीन लघु सेतु के पार्श्व में डाली गई मिट्टी का कटान हो गया। इससे आवागमन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। स्थिति की जानकारी मिलते ही डीएम राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जिला प्रशासन व संबंधित विभाग ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मौके पर सुरक्षा व आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की। निर्माणाधीन 5M5 मीटर आरसीसी लघु सेतु के कारण वाहनों के सुगम आवागमन के लिए पहले से ही सेतु के पार्श्व में ह्यूम पाइप की चार पंक्तियां स्थापित कर अस्थायी वैकल्पिक मार्ग (डायवर्जन) बनाया गया था। अत्यधिक वर्षा के कारण जलप्रवाह बढ़ने पर सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड, सुरक्षा टेप व बालू से भरी बोरियां लगाकर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किए गए साथ ही यातायात को नियंत्रित किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। जलस्तर कम होते ही विभाग द्वारा जेसीबी व अन्य संसाधनों के माध्यम से मिट्टी भराव व डायवर्जन की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और अति शीघ्र डायवर्जन को दुरुस्त कर सामान्य आवागमन पूरी तरह बहाल किया जाए।

### लर्निंग बाई डुइंग कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने सीखी हाइड्रोपोनिक तकनीक

**समृद्धि न्यूज़, उरई।** पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय औरेखी में लर्निंग बाई डुइंग कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा हाइड्रोपोनिक तकनीक से पौध उगाने की संरचना तैयार की गई। विद्यार्थियों ने पीवीसी पाइपों की माप,



कटिंग, छिद्र तैयार करने के साथ ही पाइपों को जोड़कर हाइड्रोपोनिक सिस्टम तैयार करने का कार्य स्वयं किया। लर्निंग बाई डुइंग कार्यक्रम के अध्यापक अनिल सिंह ने विद्यार्थियों को हाइड्रोपोनिक तकनीक की उपयोगिता व इसके भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में कम स्थान और सीमित संसाधनों में पौध उगाने की तकनीकें कृषि व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# जमीन के लालच में जीजा की हत्या, चार गिरफ्तार

▸ सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के तालाब में बरामद हुआ था शव



**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर चौहानी गांव में युवक मो. शाकिब हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, हाईवे किनारे की जमीन के 48 लाख रुपये में हुए सौदे को लेकर मृतक के साले ने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने शराब पिलाने के बाद दुपट्टे से गला दबाकर शाकिब की हत्या कर दी और शव को पास के तालाब में फेंक दिया। बता दे कि मो. शाकिब (25)पुत्र शहबान निवासी सरैया गोसाईगंज बचपन से अपने ननिहाल लोलेपुर चौहानी में रह रहा था। उसकी नानी ने उसे पक्का मकान और हाईवे किनारे पांच बिस्वा जमीन दी थी। शाकिब ने इस जमीन का 48 लाख रुपये में सौदा किया था और दो लाख रुपये अग्रिम ले चुका था। शेष रकम बैनामा के समय मिलनी थी। पुलिस का कहना है कि शाकिब ने रकम के लिए नया बैंक खाता खुलवाया था और उसमें अपने मामा के बेटे को नामिनी बनाया था। इसकी जानकारी उसकी पत्नी को हुई तो उसने अपने भाइयों को बताया। आरोपियों को आशंका थी कि शाकिब जमीन की रकम अपनी पत्नी को देने के बजाय शराब और अन्य कामों में खर्च कर देगा। इसी को लेकर उसके साले सलमानुल हक उर्फ सलमान ने शाकिब को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। शाकिब दो अगस्त की रात घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश शुरू की तो अगले दिन घर से करीब 200 मीटर दूर तालाब के किनारे उसका शव मिला। शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें, एसओजी और सर्विलांस टीम लगाई गई थीं सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में सलमान अहमद पुत्र सरदार निवासी नकराही, मो. हुसैन उर्फ गोलू पुत्र अबरार अहमद निवासी लोलेपुर चौहानी, मो. जीशान पुत्र नुरूल हक निवासी लोलेपुर चौहानी तथा सलमानुल हक उर्फ सलमान पुत्र शमशुलहक निवासी नकराही शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सलमानुल हक मृतक का सगा साला है, जबकि सलमान अहमद उसका दोस्त और मो. हुसैन व मो. जीशान उसके साले के दोस्त हैं।पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने हत्याकांड का सफल अनावरण करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## खाद्य विभाग की जांच में शपथपत्रों का खेल, 13 अगस्त को आमने-सामने होंगे पक्ष

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** लंभुआ क्षेत्र की एक आइसक्रीम फैक्ट्री से जुड़े खाद्य विभाग की जांच में शपथपत्रों को लेकर नया विवाद सामने आया है। फैक्ट्री संचालक पक्ष ने विभागीय टीम पर 20 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया था। जांच के दौरान अफरोज और इस्तखारुद्दीन ने शपथपत्र देकर आरोपों को गलत बताया। बाद में 5 अगस्त को दोनों ने नया शपथपत्र देकर आरोप लगाया कि योजना का लाभ और दुकान खुलवाने का भरोसा देकर उनसे कागजात पर हस्ताक्षर कराए गए और शपथपत्र की सामग्री नहीं बताई गई। मामले में सहायक आयुक्त खाद्य, लखनऊ मंडल बीके पांडे ने विजय प्रताप सिंह, अफरोज और इस्तखारुद्दीन को 13 अगस्त को बयान के लिए तलब किया है।

# पेयजल समस्या दूर, सेवार्थम फाउंडेशन ने कराया मरम्मत कार्य

**समृद्धि न्यूज, चांदा सुलतानपुर।**

नगर पंचायत कोइरीपुर के विवेक नगर स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान सेवार्थम फाउंडेशन की पहल पर कराया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी ने शनिवार को कॉलोनी पहुंचकर समस्याओं का जायजा लिया और अपने निजी खर्च से आवश्यक मरम्मत कार्य कराया।

कॉलोनीवासियों के अनुसार जल निगम की पानी की टंकी की मोटर लंबे समय से खराब थी। वहीं, पानी की सप्लाई करने वाली पाइपलाइन कई स्थानों पर टूटने के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। शिकायत मिलने के बाद डॉ. तिवारी ने टीम को तत्काल समस्या दूर कराने के निर्देश दिए। शनिवार को टीम ने खराब मोटर की मरम्मत कराई, पानी की टंकी की सफाई कराई तथा टूटी पाइपलाइन को दुरुस्त कराया। इसके बाद कॉलोनी के सभी टावरों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई। पेयजल व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद डॉ. तिवारी ने कॉलोनी में स्वच्छता अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। परिसर में सफाई कर लोगों को कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। कॉलोनीवासियों ने समस्या के समाधान पर फाउंडेशन के प्रति आभार जताया।



स्वच्छता अभियान चलाते सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक आशीष तिवारी

▸ कॉलोनीवासी बोले लंबे समय से खराब थी पानी की टंकी

# मशीन के तार की चपेट में आने से बच्ची की मौत, परिवार में कोहराम

**समृद्धि न्यूज, लंभुआ, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के घरवासपुर गांव में खेत में लगे झटका मशीन के तार की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी प्रीति जैन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचकर जानकारी ली। परिजनों के अनुसार घरवासपुर निवासी किसान मुरारी पांडेय के खेत में घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर झटका मशीन लगी थी।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घरवासपुर गाँव की घटना

शनिवार को इमरान की चार वर्षीय बेटी साजिया घर के पास खेलते-खेलते खेत की ओर पहुंच गई। इसी दौरान उसने झटका मशीन में लगे तार को पकड़ लिया। करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन तत्काल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम प्रीति जैन ने सीएचसी पहुंचकर पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई समय से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों और लेखपाल को मौके पर जाकर जांच करने तथा रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। एसडीएम ने परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई का भी आश्वासन दिया।साजिया तीन बहनों में दूसरी थी। परिजनों के मुताबिक उसकी एक बड़ी बहन की पहले ही मौत हो चुकी है, जबकि डेढ़ वर्ष की एक छोटी बहन है। बच्ची की मौत से मां रुबीना सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया शव का पंचनामा करके मर्चरी भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गोवंश को मृत दिखाकर 25 हजार रुपये मांगने का आरोप

**सुल्तानपुर।** गोवंश सुपुर्दगी के तहत मिले पशु को अभिलेखों में मृत दिखाकर 25 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए दोस्तपुर क्षेत्र की बेरामारूफपुर गांव की महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। गांव निवासी सुदामा देवी पत्नी बसंत लाल ने बताया कि उन्होंने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल से दो गोवंश सुपुर्दगी में लिए थे। इनमें से एक की करीब 15 माह पहले मृत्यु हो गई, जबकि दूसरे गोवंश (टैग नंबर 190020/313032) का वह पालन-पोषण कर रही हैं। आरोप है कि करीब छह माह से भरण-पोषण की धनराशि नहीं मिली है। महिला का आरोप है कि जानकारी करने पर तत्कालीन पंचायत सचिव ने गोवंश को अभिलेखों में मृत दिखाए जाने की जानकारी दी और उसे दोबारा जीवित दिखाने के लिए 25 हजार रुपये मांगे। आरोप है कि 1 युवक के माध्यम से गोवंश के कान में लगा टैग काटने का प्रयास भी किया गया। पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# माता प्रसाद हत्याकांड में पुलिस ने पिस्टल को किया बरामद

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुलतानपुर।**

कस्बे में निजी प्रतिष्ठान पर बैठे प्रापर्टी डीलर हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी को रिमांड पर लेकर आलाकत्ल बरामद किया है। मामले में अन्य नामजद व प्रकाश में आये आरोपी जेल से जमानत पर छूट चुके है। बता दे कि बीते 25 मार्च को शाम करीब 07 बजे स्थानीय कस्बे के निजी संस्थान पर बैठे माता प्रसाद पांडेय(55)पुत्र स्व वशिष्ठ नारायण पांडेय निवासी पूरे बेनी माधव (नरवापार)की गोली मार कर हत्या कर दी। मामले में मृतक के बेटे अवनीश पांडेय ने रमेश मौर्य,अनुराग मौर्य,सुरेश शर्मा को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों सहित 05 लोगों को जेल भेज चुकी थी।इसी बीच पुलिस से बच बचाकर विवेचना में प्रकाश में आए मुख्य आरोपी केशरी उपाध्याय उर्फ मामा पुत्र विद्या धर उपाध्याय निवासी करीमुद्दीनपुर नवाबगंज प्रयागराज ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया था।मुकदमे के विवेचक निरीक्षक प्रवीण यादव ने न्यायालय से आलाकत्ल बरामद करने के लिए केशरी उपाध्याय के रिमांड की मांग की।न्यायालय के आदेश पर शनिवार को स्थानीय पुलिस ने केशरी उपाध्याय को रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही बांसी में आम की बाग़ से आलाकत्ल पिस्टल,01 खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया।आरोपी केशरी उपाध्याय के खिलाफ एक दर्जन मामले दर्ज है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आलाकत्ल बरामदगी के बाद आरोपी को पुनः न्यायालय में पेश करते हुए जेल पहुंचा दिया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया महालक्ष्मी ट्रेडिंग का उद्घाटन

**अमेठी।** अमेठी-हाईवे 931 स्थित डेढ़पासर में शनिवार को नवस्थापित महालक्ष्मी ट्रेडिंग का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. संजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल रहा। महालक्ष्मी ट्रेडिंग के संचालकों ने बताया कि प्रतिष्ठान पर हैंडवॉश, डिशवॉश, टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर सहित विभिन्न घरेलू उपयोग के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# रंगों और लोकगीतों के जरिए दिया नशामुक्ति का संदेश

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

नशामुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत के तत्वावधान में शुक्रवार को राणा प्रताप पीजी कॉलेज में 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, भाषण और लोकगीत प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को उजागर किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. डीके त्रिपाठी और डॉ. काजल अग्रहरी ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे तो विकसित भारत का लक्ष्य जल्द पूरा होगा। विद्यार्थियों से परिवार और समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने की अपील की गई।

जिला आबकारी विभाग के रणविजय सिंह, आबकारी निरीक्षक संजय उपाध्याय और गिर्राज सिंह ने नशे से होने वाली सामाजिक, मानसिक और आर्थिक हानियों की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विभा सिंह और वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई। जिला युवा अधिकारी सुधीर पांडेय ने कहा कि मेरा युवा भारत युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का मंच है। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा मुख्यालय प्रभारी बनने पर राजा बाबू का अभिनंदन



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविंद नारायण शुक्ल 'राजा बाबू' को पार्टी का मुख्यालय प्रभारी नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में अमेठी के भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिंटू' ने प्रदेश कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की और नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अमरेंद्र सिंह 'पिंटू' ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गोविंद नारायण शुक्ल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अमरेंद्र सिंह 'पिंटू' ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि राजा बाबू अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ करेंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### शिवरतनगंज में चोरों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

**तिलोई/अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। शुक्रवार रात टिकरी ग्रामसभा के विभिन्न पुरवों में चोरों ने कई घरों को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। बैशन पुरवा (छोटी कुसुंभी) निवासी राम बहादुर रावत के घर में सेंध लगाकर चोर जेवरात व अन्य कीमती सामान उठा ले गए। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में पर्याप्त पुलिस गश्त न होने से चोर बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनका खुलासा अब तक नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि घटनाओं की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम गठित कर जांच में जुट गई है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

### ईश्वर के प्रति एकनिष्ठ भाव उपासना के विभिन्न स्वरूप: रमाकांत मिश्रा

**अमेठी।** उपासना के बिना धर्म केवल एक ढांचे के समान रह जाता है। उसमें न रस रहता है, न ऊर्जा और न ही चेतना। उपासना का उद्देश्य केवल ईश्वर को प्रसन्न करना नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा के स्पर्श से प्रकाशित करना है। यह ऐसी साधना है, जो मनुष्य के भीतर से लेकर उसके आचरण तक को आलोकित करती है। उन्होंने कहा कि नियमित उपासना से जीवन में आत्मानुशासन, पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जब साधना जीवन का अभिन्न अंग बन जाती है, तो उसका प्रभाव व्यक्ति के विचार, व्यवहार और कर्मों में स्पष्ट दिखाई देता है। इस अवसर पर पंडित इंद्रदेव शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, बृजेश सिंह, पंडित सुभाष चंद्र द्विवेदी, राणा प्रताप सिंह, सुनीता सिंह, शकुंतला पांडेय, राम बहादुर पांडेय सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे।

### कार ने मारी टक्कर, कई घायल

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गोरा बाजार के पास तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने सवारियों से भरी आटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चालक अमित समेत कई यात्री घायल हो गए। मौके पर पहुंची इस दरमियान वहां पर जाम लग गया जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने जाम को खुलवाते हुए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। चौकी प्रभारी कपिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है मौके पर शांति व्यवस्था बनी है, आगे की कार्रवाई प्रचलित है।

### ढही कच्ची दीवार, मलबे में दबकर वृद्ध की मौत

**प्रतापगढ़।** जनपद की लालगंज तहसील अंतर्गत मोठिन गांव में लगातार हो रही बारिश एक परिवार के लिए काल बन गई। बारिश से भीगी एक दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर 70 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मोठिन गांव निवासी नासिर अली (70) हादसे के समय दीवार के पास ही मौजूद थे। अचानक बारिश के कारण सीलन भरी दीवार ढह गई और नासिर अली मलबे के नीचे दब गए। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस ने मौका-मुआयना कर जानकारी जुटाई।

### छविनाथ यादव व परिजनों पर एफआईआर

**प्रतापगढ़।** कुंडा क्षेत्र में जेल में बंद पूर्व समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव और उनके परिवार के कई सदस्यों के खिलाफ सरकारी धन के गबन और धोखाधड़ी का गंभीर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दर्ज की गई इस एफआईआर में ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता और धांधली के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, छविनाथ यादव और उनके परिजनों पर आरोप है कि उन्होंने गांव में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग किया और कागजी हेरफेर के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने छविनाथ यादव और उनके संबंधित परिजनों के खिलाफ सुसंगत कानूनी धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों मुकदमों में एफआईआर दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लायंस क्लब हर्ष एवं शक्ति के संयुक्त शिविर में दिखा उत्साह

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष एवं लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के समाजसेवियों और रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र कुशवाहा तथा डॉ. मनोज खत्री ने किया। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक बताते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के अध्यक्ष श्याम शंकर शुक्ल 'श्याम' ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंदों की जान बचा सकता है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत 12 को निकलेगी तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।**

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जनपद अमेठी द्वारा 12 अगस्त 2026 (मंगलवार) को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला कार्यालय से होगा।

तिरंगा यात्रा जिला कार्यालय से प्रारंभ होकर गांधी चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देगी। कार्यक्रम का नेतृत्व उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नेता महेश सोनी करेंगे। महेश सोनी ने क्षेत्रवासियों, व्यापारी बंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा लेकर शामिल होने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर में देशभक्ति का वातावरण बनाने तथा घर-घर तिरंगा फहराने का संदेश भी दिया जाएगा। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रप्रेम का परिचय देंगे।

# एनएसपीएस में मनाई भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ



भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ मनाते छात्र व शिक्षक।

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों तथा प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटनाओं को जीवंत किया। भारत छोड़ो आंदोलन पर आधारित लघु नाटिका में श्लोक श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी, सौरभ, शिखर, तबिश और अनंत ने स्वतंत्रता सेनानी तथा आयुष सोलंकी और सिद्धार्थ सिंह ने ब्रिटिश अधिकारियों की भूमिका निभाई जबकि आयुषी ने छात्र नेता एवं प्रदर्शनकारी, अदिति मिश्रा ने न्यूज रिपोर्टर एवं श्रेया यादव ने एंकर तथा आम नागरिकों के रूप में आयुष अग्रहरि, नैतिक, उबैदुल हक और सूर्यांश चौहान ने सहभागिता की। प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत छोड़ो आंदोलन देश की स्वतंत्रता के इतिहास में निर्णायक अध्याय है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में दिए गए 'करो या मरो' के आह्वान ने देशवासियों में आजादी की भावना को और मजबूत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अनुशासन और जिम्मेदारी को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, अजय सिंह और गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवतियों पर फब्तियां कसने वाला युवक गिरफ्तार

**डीह-रायबरेली।** सार्वजनिक स्थान पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसना एक युवक को भारी पड़ा जब सूचना मिलने पर मौके की जांच कर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। शुक्रवार की शाम उपनिरीक्षक शुभम शर्मा अपनी टीम में आरक्षी प्रदीप यादव व स्वतंत्र यादव के साथ अपने हल्के रामगंज बाजार की तरफजांच पड़ताल कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि खुरहटी तिराहे के पास खुरहटी गांव का युवक अजीत पाल पुत्र स्व सहदेव पाल खड़ा होकर आने-जाने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियां व इशारे कर रहा है जिससे युवतियां शर्म से अपना मुंह ढक कर आ-जा रही है सूचना पर जब पुलिस टीम वहां पहुंची और छुपकर उसकी गतिविधियों को देखा तो सही पाया गया जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# खम्भों में बंधे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मौत को दे रहे दावत

▸ बारिश में करंट उतरने का खतरा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज-रायबरेली।**

नगर पंचायत महराजगंज के विभिन्न वार्डों में लाखों रुपये की लागत से लगाए गए टीडीएसपी (पानी की टंकी सहित बोरिंग) और वाटर कूलर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लोहे के खंभों पर बंधे नजर आ रहे हैं। बारिश के मौसम में खुले में लोहे के खंभों पर लगे इन विद्युत उपकरणों को लेकर लोगों में सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व श्री जसवंत्री मंदिर परिसर में विद्युत उपकरण से लोहे के खंभे में करंट उतरने से दो बकरियों की मौत हो गई थी, जबकि एक बच्ची बाल-बाल बच गई थी। इसके बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा विभिन्न स्थानों पर खुले में लगे विद्युत उपकरणों को लेकर अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान विद्युत उपकरणों और लोहे के खंभों में नमी के कारण करंट उतरने की आशंका बनी रहती है। मामले की पड़ताल के दौरान दानेश्वर मंदिर के बगल लगे फ्रीजर, पूरे सुखई तिराहे पर लगे फ्रीजर के विद्युत पोल तथा पूरे रानी में टीडीएसपी के लोहे के स्टैंड पर विद्युत उपकरण खुले आसमान के नीचे लगे दिखाई दिए। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि विभिन्न वार्डों में लगे टीडीएसपी और वाटर कूलर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए तथा बारिश के दौरान करंट और जनहानि के संभावित खतरे को देखते हुए इन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थापित कराया जाए। वहीं मामले में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामाशीष ने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही खुले स्थानों पर लगे इन उपकरणों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित कराया जाएगा।



वार्डों में लोहे के खम्भे पर लटके इलेक्ट्रोनिक उपकरण।

## पं. बालकृष्ण मिश्र की पुण्यतिथि पर काव्यांजलि व सम्मान समारोह का आज

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली ।** विख्यात कवि स्वर्गीय पंडित बालकृष्ण मिश्रा के पुण्यतिथि पर शहर के एक स्थानीय होटल में काव्यांजलि एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कवि डॉक्टर बुद्धि नाथ मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, विशिष्ट अतिथि अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह व डॉ. मनोरमा लाल होंगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ .अनिल मिश्र व डॉ. डीएन लाल अपने काव्य रस की गंगा बहाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध कवित्री शविस्ता बृजेश के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक हरिमोहन बाजपेई (माधव) हैं।

# आईटीआई आवेदक 9 अगस्त से कर सकेंगे संशोधन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि अधिशासी निदेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के 5 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, 2 पीपीपी संस्थानों एवं 13 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने पूर्व में किए गए आवेदन में संशोधन का अवसर प्रदान किया गया है। अभ्यर्थी 9 अगस्त से 12 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक अपने आवेदन में अपेक्षित संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कतिपय तकनीकी कारणों से कुछ व्यवसाय/संस्थान एनसीवीटी/एससीवीटी के अंतर्गत प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। अब सभी संबंधित ट्रेड एवं संस्थान पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर अपने पूर्व में किए गए आवेदन को खोलकर अपनी इच्छानुसार वर्तमान ट्रेड एवं संस्थान का चयन करते हुए निर्धारित अवधि में संशोधन कर सकते हैं।

उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने आवेदन में आवश्यक संशोधन अवश्य कर लें।

## जरियारी में बेखौफ बदमाश ने युवक को मारी गोली

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जामताली के पास जरियारी गांव में शनिवार अपराह्न करीब 3:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बेखौफ हमलावर ने दिनदहाड़े युवक को गोली मार दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पीआरवी वाहन से इलाज के लिए रानीगंज ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जरियारी निवासी 30 वर्षीय बच्चा यादव पुत्र रामकरन यादव अपने बड़े भाई रामदास के साथ घर से बाजार जाने के लिए निकला था। वह घर से थोड़ी ही दूर पहुँचा था कि सामने से आ रहे प्रद्युम्न यादव ने उस पर गोली चला दी। गोली सीधे बच्चा यादव की कमर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। गोली की आवाज़ सुनते ही जब आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर मौके से फरार हो गया।

# ट्रैक्टर से भिड़ी कार, बाल-बाल बचा चालक

**समृद्धि न्यूज, सतांव-रायबरेली।**

▸ टक्कर के बाद खेत में जा गिरा ट्रैक्टर
▸ हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार
▸ दुर्घटना की तस्वीरें हादसे की भयावहता कर रही हैं बयां

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच मार्ग पर शनिवार सुबह करीब नौ बजे कृष्णपुर मजरे ठकुराइन खेड़ा गांव के पास ट्रैक्टर और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरा।

हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गया, हालांकि उसके सिर और कंधे में चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के किच्छा निवासी 28 वर्षीय मानवेंद्र सिंह पुत्र सुदामा सिंह कार से फतेहपुर से लखनऊ अपनी बुआ के घर जा रहे थे। शनिवार को ठकुराइन खेड़ा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया गया कि ट्रैक्टर बछरावां की ओर से गुरुबक्शगंज की ओर जा रहा था तभी दोनों की भिड़ंत हो गई भिड़ंत के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा गिरा, जबकि का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कार में फंसे चालक मानवेंद्र सिंह को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची गुरुबक्शगंज थाना पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा।

दुर्घटना की तस्वीरें हादसे की भयावहता बयां कर रही हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चालू कराई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब व बंजर जमीन पर हो रहे कब्जे को रोकने के लिए लेखपाल पर पैसा मांगने का आरोप

▸ जांच के बाद होगी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, ऊँचाहार-रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के जगतपुर सर्किल में तैनात लेखपाल पर एक गांव के प्रधान प्रतिनिधि ने ग्राम पंचायत में तालाब व बंजर जमीन पर हो रहे कब्जे को रोकने के एवज में पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत करने के साथ ही लेखपाल की बातचीत का ऑडियो और आरोप लगाते हुए खुद का वीडियो वायरल करके क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। तहसील क्षेत्र जगतपुर सर्किल के पूरब गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि अरशद ने बीते 20 जुलाई को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि सर्किल में तैनात लेखपाल के द्वारा ग्राम पंचायत की सुरक्षित तालाब व बंजर जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत एसडीएम से की गई थी। जिसके बाद लेखपाल को मौका मुआयना करने के बाद अवैध कब्जा हटाने को कहा गया है। आरोप है कि करीब दो महीने के बाद भी लेखपाल ने कब्जा नहीं हटवाया न ही निर्माण कार्य बंद कराया गया। जिसको लेकर प्रतिनिधि द्वारा लेखपाल से फोन पर बात की गई तो आरोप है कि लेखपाल ने कब्जा रुकवाने की एवज में आठ हजार रुपए का जुगाड करके मिलने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत एसडीएम से करने के बाद भी करीब पन्द्रह दिन बीतने के बाद कोई कार्यवाही नही हुई वही इस मामले एसडीएम विवेक राजपूत ने बताया कि आरोप की सत्यता की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम ने खाद भंडार का किया औचक निरीक्षण

- उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता बताई
- दुकान में ढलान पर लोहे की ग्रिल लगवाने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गुरसहायगंज स्थित लवी खाद भंडार का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने किसानों को उर्वरकों की सुगम और पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्टॉक, बिक्री व्यवस्था और अभिलेखों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टॉक पंजिका, बिक्री पंजिका और रेट बोर्ड का अवलोकन किया। सभी अभिलेख और रेट बोर्ड अद्यतन पाए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दरों पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। बिक्री और स्टॉक का विवरण नियमित रूप से पंजिकाओं में दर्ज किया जाए। उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

डीएम ने किसानों से अपील करते हुए कहां कि वे आधार कार्ड, खतौनी और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही उर्वरक की खरीद करें। उन्होंने कहा कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है।

वर्तमान में जनपद में लगभग 17,249 मीट्रिक टन यूरिया, 7,247 मीट्रिक टन डीएपी तथा 14,936 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों के साथ-साथ जनपद की सभी 57 सहकारी समितियों पर भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। जहां आवश्यकता के अनुसार स्टॉक कम हो रहा है, वहां पीसीएफ के माध्यम से तत्काल उर्वरक भेजा जा रहा है। किसानों से अपील की गई कि वे किसी प्रकार की अफवाह या अनावश्यक भीड़ से बचें और अपनी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया से उर्वरक प्राप्त करें। सुरक्षा और आवागमन को देखते हुए डीएम ने दुकान परिसर में ढलान पर रैंप के पास लोहे की ग्रिल लगवाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी और अपर जिला सहकारिता अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने सुनीं फरियाद, 53 में 11 का निस्तारण

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शनिवार को थाना गुरसहायगंज पर आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए।

थाना दिवस के अवसर पर जनपद के सभी थानों में भूमि विवाद से जुड़े मामलों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया। इसके लिए पूरे सप्ताह में थानों पर प्राप्त भूमि विवाद की शिकायतों, वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय से आए प्रार्थनापत्रों, बीट स्तर पर चिन्हित विवादों और यूपी-112 पर प्राप्त शिकायतों को संकलित किया गया। चिन्हित सभी मामलों की सूची बनाकर शिकायतकर्ताओं को एक दिन पहले फोन करके उपस्थित होने की सूचना दी गई।थाना समाधान दिवस पर जनपद के सभी थानों में कुल 53 शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर 11 मामलों का निस्तारण किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए भी संयुक्त टीम गठित कर अग्रिम दिनों में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि भूमि विवादों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। शिकायतकर्ताओं को भटकना न पड़े और समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से हो।

इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी सहित उप निरीक्षक पुलिसकर्मी एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## कन्नौज में युवाओं के लिए 10 इंटर्नशिप अवसर सक्रिय

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत जिले के युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठानों में काम सीखने का अवसर मिल रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अनुज कुमार मौर्या ने बताया कि अब तक चार अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप ऑफर मिला है और सभी ने ज्वाइन कर लिया है। 07 अगस्त की पोर्टल रिपोर्ट के अनुसार जिले में वर्तमान में 10 इंटर्नशिप अवसर सक्रिय हैं। ये सभी अवसर चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से कन्नौज में उपलब्ध कराए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। इसके लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक निर्धारित है। पात्र युवा योजना के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक अनुभव देकर कौशल और रोजगार क्षमता बढ़ाना है।

# कथा व्यास आचार्य रमाकांत पांडेय का हुआ सम्मान

- बच्चों ने राधा-कृष्ण, गोप और गोपियों की आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।



धर्म-विज्ञान-पीठ परिसर स्थित श्री केशवनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य श्री रमाकांत पांडेय जी महाराज का सम्मान किया गया।

आचार्य रमाकांत पांडेय जी श्रीधाम वृंदावन से पधारे हैं और अपने मुखारविंद से श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन को महारास कहा जाता है।

प्रकृति और परमात्मा में कोई अंतर नहीं है। सनातन धर्म प्रकृति पर आधारित है और प्रकृति ही परमात्मा का स्वरूप है। इसलिए हमें प्रकृति की सेवा और पूजा करनी चाहिए। इस अवसर पर पीठ के अध्यक्ष व पूर्व सदस्य माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश कौशल किशोर चतुर्वेदी ने कथा व्यास आचार्य रमाकांत पांडेय एवं उनके सहयोगियों राजीव चतुर्वेदी, संजीव चतुर्वेदी और पूर्व उपप्रधानाचार्य संतोष पांडेय को तिलक, पुष्पहार व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण, गोप और गोपियों की आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी।

गीत-संगीत और नृत्य से वातावरण भक्तिमय हो गया। चतुर्वेदी ने कहा कि सावन प्रकृति के श्रृंगार और आत्मा के संस्कार का महीना है। इस अवसर पर पुजारी पं. करुणा शंकर त्रिवेदी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ग्राम भैंसियापुर में कृष्णा फाउंडेशन ने रोपे 51 पौध

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।



तालग्राम क्षेत्र के ग्राम भैंसियापुर में शनिवार को कृष्णा फाउंडेशन की ओर से पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव में 51 पौधे रोपित किए गए।

कार्यक्रम का नेतृत्व कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। पेड़-पौधे हमें स्वच्छ हवा, छाया और जीवनदायी वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से पौधों की नियमित देखभाल करने और अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करने की अपील की। पौधारोपण में कृष्णा प्रताप, विपुल कुमार, सत्येंद्र पाल, कृष्ण कुमार यादव एडवोकेट, राहुल यादव, ओंकार सिंह, शैलेंद्र सिंह, आत्माराम, सत्यपाल सिंह, कुशल प्रकाश, कुमारी सौम्या प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रतनपुर में गंदगी व जलभराव से ग्रामीण परेशान

- साफ-सफाई की मांग को लेकर जताया आक्रोश

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।



विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रतनपुर में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की गलियों में जगह-जगह गंदा पानी और कीचड़ जमा है, जबकि कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां और घास उग आने से रास्ते जंगल में तब्दील नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सावन माह में शिव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी दिक्कत होती है। कीचड़ के कारण बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब होने के साथ चोट लगने का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने साफ-सफाई कराने, जलभराव की समस्या दूर करने और क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत कराने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। ग्रामीणों में सूरज कुमार, ओमकार शाक्य, रमेशचंद्र शर्मा, सौरभ कुमार, बेदराम, सचिन शर्मा, उपदेश, अमित कुमार, रमेश चंद्र शाक्य, लालू, महेश चंद्र, माया देवी, सूरजमुखी, रूबी देवी, रानी देवी, राकेश कुमार, पूजा, चमेली, मीना और आरती समेत अन्य लोग शामिल रहे। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत प्रधान हुकुम सिंह ने बताया कि बजट उपलब्ध न होने और कार्ययोजना फीड न होने के कारण अभी साफ-सफाई समेत अन्य कार्य नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना फीड होने और बजट उपलब्ध होते ही जल्द ही गांव में साफ-सफाई व जरूरी कार्य कराए जाएंगे।


## खबरें एक नजर में

### आठ शिकायतें पहुंचीं, तीन का मौके पर निस्तारण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाल कपिल दुबे की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 8 शिकायतें पहुंची, जिसमें 3 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर कुल आठ शिकायतें प्रस्तुत कीं। इनमें पांच शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जबकि तीन शिकायतें पुलिस से जुड़ी रहीं। पुलिस विभाग से संबंधित तीनों शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया। राजस्व से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कोतवाल कपिल दुबे ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को शिकायतों की जांच कर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं विशुनगढ़ थाना में हुए थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार और थाना अध्यक्ष शशिकांत कनौजिया के पास सिर्फ एक शिकायत पहुंची, क्षेत्राधिकारी ने पुलिस के साथ लेखपाल की टीम को मौके पर भेज कर उसका निस्तारण करा दिया।

### तालाब में डूबने से छात्र की मौत, परिजनों में कोहराम



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के गंगेश्वर नाथ मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा सुंदरीकरण के तहत बनवाए गए ताल में शनिवार शाम नहाते समय 12 वर्षीय छात्र डूब गया। घटना करीब शाम पांच बजे की है। बच्चे के डूबने की सूचना पर पुलिस और आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला जा सका। इसके बाद उसे सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रामपुर बैजू गांव निवासी बबलू शर्मा के 12 वर्षीय पुत्र शिवम के रूप में हुई। शिवम गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। उसके पिता बबलू शर्मा बढ़ई का काम करते हैं। मृतक की मां का नाम मीना है। शिवम के दो भाई सत्यम (4) और सूरज (13) हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### त्रिमासिक टेस्ट में 1600 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

**गुरसहायगंज कन्नौज।** भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकन्दरपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के द्वारा निर्देशित शैक्षिक पंचांग के अनुसार शनिवार को त्रिमासिक टेस्ट परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कक्षा 9 से 12 तक के 1600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी विषयों में 20 अंक के प्रश्न पूछे गए। कला विषय में छात्रों को मानव चित्र और आलेखन बनाने के लिए प्रश्न दिए गए। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में परीक्षाध्यक्ष प्रवेश कुमार, योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला, अर्जुन सिंह, राहुल दुबे, दिव्य दीपक दीक्षित, राजीव कुमार, संजीव यादव, अब्दुल कादिर, इरफान, अंजना बाजपेयी, पूनम गौतम, आकांक्षा मिश्रा, सोनी दुबे सहित सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने कहा कि त्रिमासिक टेस्ट का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपनी योग्यता परखने का अवसर देना है। इससे बच्चों को अपनी कमजोरियों का पता चलता है और आने वाली बोर्ड व अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में आसानी होती है। आज बच्चों में परीक्षा को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। नियमित टेस्ट से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और परीक्षा का भय भी दूर होता है। विद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन माहौल में सम्पन्न हुई।

# बजट के अभाव में दवाओं का टोटा, घट गई ओपीडी

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।



- सीएमओ ने सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए निर्देश

शहर के मोहल्ला सैय्यदबाड़ा स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल है। केंद्र में पिछले छह माह से बजट के अभाव में दवाओं का टोटा चल रहा है, जिससे अब यहां इक्का-दुक्का ही मरीज बमुश्किल पहुंचते हैं, लेकिन दवाएं उन्हें भी नहीं मिल पाती। इस गंभीर समस्या से सीएमओ को अवगत कराया गया। ऐसे में अब सीएमओ ने सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी को दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मोहल्ला सैय्यदबाड़ा में नगरीय हेल्थ एंड बेलनेस सेंटर (शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) संचालित होता है, लेकिन पिछले छह माह से इस केंद्र की हालत दिन पर दिन बेहाल होती चली गई। शनिवार को केंद्र में ओपीडी के दौरान बमुश्किल 4-5 मरीज पहुंचे, लेकिन उन्हें काउंसलिंग करके बिना दवाओं के ही लौटा दिया गया। दरअसल इस केंद्र पर बजट के अभाव के चलते पिछले छह माह से दवाइयों की आपूर्ति नहीं हो सकी है। अस्पताल में किसी भी तरह की एंटीवाइटिक दवा तक नहीं है। केंद्र में सिर्फ पैरोसिटामॉल, जिंक, कैल्शियम, आयरन की दवाएं ही उपलब्ध थी, लेकिन उनका भी स्टाक खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के मुताबिक पहले लगभग आधा सैकड़ा की ओपीडी प्रतिदिन चलती थी, लेकिन जब से दवाओं की कमी बढ़ी है, उसके बाद से दिन पर दिन मरीजों की संख्या कम होती चली गई। इस संबंध में सीएमओ डॉ.विकास चंद्रा ने बताया कि इस समस्या की जानकारी होने पर उन्होंने सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.राहुल मिश्रा को पत्र भेज दवाएं उपलब्ध कराने को निर्देशित किया है। बहुत शीघ्र ही केंद्र में सभी दवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

## युवाओं के लिए 10 इंटर्नशिप अवसर सक्रिय

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत जिले के युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठानों में काम सीखने का अवसर मिल रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अनुज कुमार मौर्या ने बताया कि अब तक चार अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप ऑफर मिला है और सभी ने ज्वाइन कर लिया है। 07 अगस्त की पोर्टल रिपोर्ट के अनुसार जिले में वर्तमान में 10 इंटर्नशिप अवसर सक्रिय हैं। ये सभी अवसर चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से कन्नौज में उपलब्ध कराए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। इसके लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक निर्धारित है। पात्र युवा योजना के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक अनुभव देकर कौशल और रोजगार क्षमता बढ़ाना है।



### मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम भगवन्तपुर में शनिवार को मिशन शक्ति टीम ने बहू-बेटी सम्मेलन एवं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान फेज-5.2 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उपनिरीक्षक दीपांजली वर्मा, महिला कांस्टेबल अनूपा तिवारी, खुशबू, निशा, प्रियंका तथा महिला कल्याण विभाग की डीएमसी प्रतिमा ने बालिकाओं और महिलाओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। टीम ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, ऑपरेशन कवच, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा योजना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

## इमरा बीज भंडार का नकीम खान ने किया उद्घाटन



- नए प्रतिष्ठान के उद्घाटन हुआ स्वागत
- क्षेत्रवासियों को मिलेगी कृषि संबंधी सुविधाएं

**समृद्धि न्यूज़, समधन।** नगर के दारासराय स्थित मार्केट में शनिवार को इमरा बीज भंडार का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि नकीम खान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पहले आयोजकों एवं समर्थकों ने नकीम खान का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नकीम खान ने प्रतिष्ठान के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र में बीज भंडार खुलने से आसपास के किसानों को कृषि कार्य से संबंधित आवश्यक बीज एवं अन्य सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने प्रतिष्ठान की सफलता की कामना करते हुए संचालक को बधाई दी। उद्घाटन समारोह में साबिर खान, साजिद, महबूब पहलवान, मुनीर मुन्ना, मजनू, चंदू, अब्दुल्लाह खान, कदीर उर्फ करिया, मो. सगीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारी सम्मेलन आज

- राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री रहेंगे उपस्थित

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में 45वें व्यापारी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार 09 अगस्त को नई दिल्ली में विशाल व्यापारी सम्मेलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। संगठन ने दिल्ली चलो!

दिल्ली चलो! का आह्वान करते हुए गुरसहायगंज सहित जनपदभर के व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से मावलंकर हॉल, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, संसद मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित होगा। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता और राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री मुकुन्द मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में व्यापारी एकता, स्वदेशी अपनाने, व्यापार वृद्धि और नए व्यापार के मुद्दों पर मंथन होगा। कार्यक्रम के दौरान समाज और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

**गुरसहायगंज से रवाना हुए सैकड़ों व्यापारी**

शनिवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गुरसहायगंज इकाई के पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में तालग्राम कट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग युवा व्यापार मंडल अनुराग गुप्ता, जिला महामंत्री संजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, नगर महामंत्री क. राजपूत, संगठन मंत्री रंजीत कौशल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष युवा सुमित गुप्ता, जिला मंत्री युवा मानव गुप्ता, नगर अध्यक्ष तालग्राम जीतू प्रजापति, नगर उपाध्यक्ष कम खान, अमर गुप्ता, सोहेल कुरैशी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गुरसहायगंज इकाई ने सभी व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाग लेकर व्यापारी हितों की आवाज को मजबूत करें।

# कार्ययोजना के अनुमोदन में देरी से ग्र.पं. का विकास ठप

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

वित्तीय वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना (एक्शन प्लान) पोर्टल पर फीड किए गए थे, लेकिन अभी तक विकास कार्य कराने को लेकर जिला स्तर से अनुमोदन नहीं हो सका है।

इसके चलते क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। नई परियोजनाओं की शुरुआत नहीं हो पा रही है, वहीं पहले से स्वीकृत कई कार्यों का भुगतान भी अधर में लटका हुआ है। इससे पंचायत सचिवों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों के प्रशासक भी खासे परेशान हैं। जानकारी के अनुसार, विकास खंड क्षेत्र की तमाम पंचायतों की कार्ययोजना समय से तैयार कर पोर्टल पर अपलोड कर दी गई थी, लेकिन जिला स्तर से मंजूरी न मिलने के कारण ग्राम पंचायतों में विकास कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। पंचायत प्रशासकों का कहना है कि सड़क, नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक विकास कार्यों की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है, लेकिन अनुमोदन के अभाव में कोई भी कार्य शुरू नहीं कराया जा सकता। प्रशासकों का कहना है कि उन्हें कार्यभार संभाले काफी समय हो चुका है, लेकिन अब तक पंचायत में कोई ठोस विकास कार्य शुरू नहीं हो सका है। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के तहत पहले जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) से अनुमति प्राप्त करनी पड़ती है, इसके बाद जिलाधिकारी स्तर से अनुमोदन मिलने पर ही विकास कार्य शुरू किए जा सकते हैं। इस लंबी प्रक्रिया के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हो रहा है। सचिवों का भी कहना है कि भुगतान प्रक्रिया प्रभावित होने से विकास कार्यों से जुड़े ठेकेदारों और श्रमिकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द कार्ययोजनाओं का अनुमोदन कराने की मांग की है, ताकि रुके हुए विकास कार्य शुरू हो सकें और पंचायतों में विकास की रफ्तार फिर से पटरी पर लौट सके। वहीं ग्रामीण भी जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं, ताकि उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान समय पर हो सके।

# गंगा रोड पर आज शाम से भारी वाहनों की नो एंट्री

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



सावन के दूसरे सोमवार, महाशिवरात्रि और हरियाली अमावस्या पर मेहंदी घाट में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। शनिवार शाम चार बजे से गंगा रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। रविवार दोपहर 12 बजे से हल्के वाहनों को भी रोक दिया जाएगा। यह व्यवस्था 12 अगस्त की शाम तक प्रभावी रहेगी।हरदोई जाने वाले वाहनों को कानपुर के अरौल कट से एक्सप्रेसवे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। हरदोई से आने वाले वाहनों को मल्लावां में बैरियर लगाकर गंगा एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की ओर भेजा जाएगा। औरैया से आने वाले भारी वाहन बेला तिराहे से रसूलाबाद होकर बिल्हौर जाएंगे। हरदोई की ओर से आने वाले निजी वाहनों को बख्शीपुरवा में और कन्नौज की ओर से आने वाले हल्के वाहनों को आयशा पेट्रोल पंप के पास रोका जाएगा। नील कोठी के पास पार्किंग रहेगी। आगे केवल आपातकालीन वाहनों को अनुमति होगी।

# मृत जेलकर्मी: लाभ न दिलाने पर हुई कार्रवाई

- जेल में तैनात पर महानिदेशक कारागार पीसी मीणा के निर्देश पर की गई कार्रवाई
- डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान से किया गया संबद्ध

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।




जिला कारागार कन्नौज में तैनात कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार को मृतक जेलकर्मी के परिजनों को समय पर अनुमन्य वित्तीय लाभ उपलब्ध न कराने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश पीसी मीणा के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार जिला कारागार में कार्यरत हेड जेल वार्डर विजय सिंह पुत्र चेतराम का 25 फरवरी 2025 को निधन हो गया था। मृत्यु के बाद उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन, सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ), समूह बीमा योजना की धनराशि, अवकाश नकदीकरण सहित अन्य देय वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने थे। सुनील कुमार सहायक लेखा अधिकारी के अधीन कार्यरत थे और लेखा अनुभाग का प्रभार भी उनके पास था। आरोप है कि उन्होंने आवश्यक अभिलेखीय और वित्तीय कार्रवाई समय से पूरी नहीं की, जबकि उच्चाधिकारियों को लगातार प्रक्रिया पूर्ण कराने का आश्वासन दिया जाता रहा। लगभग एक वर्ष बीत जाने के बावजूद मृतक कर्मचारी के परिवार को देय लाभ नहीं मिल सके, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभाग ने इसे कर्तव्यहीनता मानते हुए उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उन्हें डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान से संबद्ध किया गया है तथा मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# कॉलेज प्रशासन ने कहा, परिजनों के आरोप बेबुनियाद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- जच्चा-बच्चा को बचाने का किया गया पूरा प्रयास
- छवि धूमिल करने के लिए मनगढ़ंत लगाये आरोप
- निष्पक्ष प्रशासनिक जांच में पूरा सहयोग देने के लिए तैयार
- स्थानीय पुलिस ने अराजक तत्वों के मंसूबे पर पानी फेरा

शहर के मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल प्रशासन ने मोहल्ला नरायनपुर निवासी सविता और उनकी नवजात बच्ची के दुखद निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों द्वारा लगाए गए लापरवाही, मारपीट और शव छिपाने के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें तथ्यहीन और मनगढ़ंत बताया है।

प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे इस मामले में किसी भी प्रकार की निष्पक्ष प्रशासनिक जांच में पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं। इस बीच कुछ अराजक तत्वों ने उन्हें भड़काकर सड़क जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घटना की असलियत को जानते हुए सड़क जाम हटवा दिया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, शुक्रवार को जब जितेंद्र कुमार ने अपनी पत्नी सविता को प्रसव के लिए भर्ती कराया था, तब से ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई थी। शनिवार सुबह प्रसव के बाद अप्रत्याशित रूप से कुछ गंभीर चिकित्सीय जटिलताएं उत्पन्न हो गईं। डॉक्टरों ने स्थिति को संभालते हुए जच्चा और बच्चा दोनों को बचाने के लिए तुरंत वेंटिलेटर सपोर्ट सहित सभी अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपाय किए। मेडिकल टीम ने अपनी तरफ से कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। परिजनों को सलाह दी कि अगर आप संतुष्ट नहीं हैं, तो जहां उचित समझे वहां मरीज को दिखा सकते हैं। परिजनों की लापरवाही के चलते तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। प्रबंधन का कहना है कि दुखद खबर सुनने के बाद परिजन अत्यधिक भावुक और उग्र हो गए। शोक की इस घड़ी में उन्होंने अपना आपा खो दिया और ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के साथ अभद्रता शुरू कर दी।

जब परिजनों ने अस्पताल में तोडफ़ोड़ और हंगामा करने का प्रयास किया, जिससे अन्य गंभीर मरीजों की जान को खतरा हो सकता था, तब अस्पताल के सुरक्षा गार्डों को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीच-बचाव करना पड़ा।

अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों या गार्डों द्वारा किसी भी परिजन या महिला के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया। बुजुर्ग पिता के पैर पर एंबुलेंस चढ़ाने का आरोप पूरी तरह से झूठा है और केवल अस्पताल की छवि को धूमिल करने का प्रयास है।जबरन अंगूठे लगवाने के आरोप को खारिज करते हुए अस्पताल ने कहा कि मरीज की गंभीर स्थिति और मेडिकल प्रोटोकॉल के बारे में परिजनों को लगातार अवगत कराया जा रहा था।

अस्पताल में होने वाली कागजी कार्यवाही एक सामान्य कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा थी, जिसके लिए परिजनों की सहमति ली गई थी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कहा है कि वे इस दुखद घटना में पीड़िता परिवार के प्रति सहानुभूति रखते हैं, लेकिन अस्पताल के समर्पित स्टाफ पर लगाए गए हिंसक आरोप अनुचित हैं।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया निरीक्षण


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देती डीएम व एसपी

- बाढ़ पीड़ितों को डीएम व एसपी ने वितरित की राहत सामग्री

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने नरौरा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए कायमगंज तहसील के विकासखण्ड शमसाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति एवं राहत-बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र अजीजाबाद का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो तथा आवश्यकतानुसार तत्काल राहत सामग्री, खाद्यान्न, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य, शरणालयों की व्यवस्था, खाद्यान्न, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं तथा पशुओं की सुरक्षा के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ निरंतर कार्यरत रहें। डीएम ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम में नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक 03 दिवस की अवधि के अंतराल में शिविर आयोजित कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के माध्यम से इस गांव के बच्चों का अध्ययन कार्य पूर्ण कराएं। बाढ़ प्रभावित गांवों में हर संभव प्रशासनिक सहायता हेतु निरंतर ग्राम प्रधानों के संपर्क में रहें। डीएम ने बाढ़ प्रभावित 50 परिवारों को राहत सामग्री किट भी वितरित की। डीएम ने शमसाबाद मंडी में संचालित शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने शरणालय में आने वाले बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता, शौचालय, चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शरणालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने नावों, नाविकों, राहत एवं बचाव उपकरणों तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। डीएम ने ढाई घाट, शमसाबाद पहुंचकर गंगा नदी के जलस्तर एवं आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर प्रशासन की पैनी नजर है। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि बाढ़ की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा जलभराव एवं तेज बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपजिला अधिकारी कायमगंज, खंडविकास अधिकारी शमशाबाद सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ. राजीव पाठक लेंगे राष्ट्रीय सचिव पद की शपथ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


वार्ता में जानकारी देते प्रमोद बाजपेयी व डॉ. राजीव पाठक

राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेयी ने महामंडलेश्वर आचार्य डॉ. कैलाशानंद गिरि महाराज के आदेशानुसार एक अहम घोषणा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल द्वारा सूरज ग्रुप के चेयरमैन डॉ. राजीव पाठक को संगठन का नया राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डॉ. राजीव कुमार पाठक को उनके नए दायित्व की शपथ ग्रहण करने के लिए, आगामी 11 अगस्त को दिल्ली स्थित संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय में आमंत्रित किया है। वह कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव पद की दिल्ली में शपथ लेंगे। साथ ही 12 अगस्त को जनपद आगमन पर जगह-जगह उनका स्वागत होगा। इस नियुक्ति और संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा करने हेतु आवास विकास स्थित सूरज डायग्नोस्टिक्स डॉ. राजीव पाठक के कार्यालय में पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेयी ने किया। जिसमें संगठन की आगे की रणनीति और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमोद बाजपेयी ने कहा कि जनपद में बंद पड़े संस्कृत विद्यालयों को पुनः चालू कराने का प्रयास किया जायेगा। डॉ. राजीव पाठक ने कहा कि सनातन धर्म को मजबूत करना, हिन्दुत्व की रक्षा करना मेरा उद्देश्य है। जो संगठन ने दायित्व दिया है उसका मैं निर्वाहन करूंगा। इस दौरान मृदुल चतुर्वेदी प्रदेश महामंत्री, डॉ.ऋषि नाथ गुप्ता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, लखन दीक्षित जिलाध्यक्ष, डॉ. वैभव पाठक, डॉ. आयुष पाठक आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में नौ शिकायतें आयी, एक का भी निस्तारण नहीं

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।



शनिवार को कायमगंज कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। अधिकांश मामले जमीन विवाद से संबंधित थे। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को संबंधित राजस्व कर्मियों को सौंप दिया। उन्हें जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में कोतवाली क्षेत्र के गांव पचरोली महादेवपुर निवासी भगवान सहाय ने सरकारी रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के कुछ लोग सरकारी मार्ग को रोक रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इसी तरह गांव रानीपुर गौर निवासी विद्दन लाल ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने शिकायती पत्र में मामले की जांच कर शीघ्र निस्तारण की मांग की। क्राइम इंस्पेक्टर बी0 यादव ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर मामलों की जांच करें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इंस्पेक्टर ने यह भी कहा कि जिन मामलों के निस्तारण में देरी होगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


ग्रामीणों की समस्यायें सुनती डीएम व एसपी

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में थाना शमसाबाद में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर प्रभावी समाधान कर उन्हें त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में दोनों विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए तथा शिकायतकर्ता से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने भूमि विवाद एवं अन्य संवेदनशील प्रकरणों में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य को सहज, पारदर्शी एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। थाना समाधान दिवस के दौरान 05 राजस्व एवं 02 पुलिस विभाग से संबंधित कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा 05 शिकायतों को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी तथा फरियादीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ससुरालीजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर थाने पहुंची पीड़िता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नगला उम्मेद निवासी कीर्ति देवी पत्नी रोहित कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी की थी। आरोप है कि तब से आए दिन उसके ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते रहते हैं। पीड़िता के अनुसार बीते एक माह पूर्व भी सास और पति ने उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद बीते शुक्रवार जब वह घर का काम कर रही थी, तभी सास ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो सास और उसके पति रोहित कुमार ने उसके साथ जमकर मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। परेशान होकर पीड़िता अपनी तीन वर्षीय बच्ची को साथ लेकर थाने पहुंची और पुलिस को सास तथा पति रोहित कुमार के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक प्रदेश कोषाध्यक्ष व जिला महामंत्री के आवास पर सम्पन्न हुई। रामनिवास अग्निहोत्री को प्रांतीय कार्यकारिणी में चुने जाने पर अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला महामंत्री ने शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञापन 22 जुलाई को दिया था। पटल सहायक ने उन्हे बुलाकर निस्तारण किया। स्व0 दिनेश चन्द्र मिश्र की पत्नी को परिवारिक पेंशन स्वीकृत कर उनके बकाया अवशेष को उनके बैंक खाते में भेजा। जुलाई में 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 14 पूर्व अध्यापकों को भी २० प्रतिशत का लाभ देकर उनके खाते में भेजा गया है। साथ ही जिला सम्मेलन कराने पर चर्चा हुई। इस मौके पर हेमनारायन पाण्डेय, गंगाराम मिश्र, आशुतोष मुखर्जी, प्रमोद गंगवार, राजकिशोर राजपूत, कमलेश कुमार, आनंद कुमार त्रिवेदी, परमेश्वरीदीन वर्मा, सोनेलाल यादव, शीलचन्द्र पाण्डेय, ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री, विजेन्द्र कुमार श्रीमाली आदि लोग मौजूद रहे।

### गाली-गलौज का विरोध करना पड़ा महंगा, चाचा ने भतीजे को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गांव डढियापुर निवासी राजकुमार शराब के नशे में घर के पास गाली-गलौज कर रहा था। उसके चाचा ने उसे टोका और गाली देने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में राजकुमार को चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। घटना के बाद राजकुमार ने थाने पहुंचकर अपने चाचा के खिलाफशिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घायल राजकुमार को कायमगंज सीएचसी में भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### श्रावणी वेद प्रचार महोत्सव का शुभारंभ आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज कमालगंज एवं स्त्री आर्य समाज कमालगंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रावणी वेद प्रचार महोत्सव का शुभारंभ रविवार 9 अगस्त को कमालगंज क्षेत्र के ग्राम बलीपुर में मध्यान्ह 2 बजे यज्ञ एवं वैदिक सत्संग के साथ किया जाएगा। 0आयोजन समिति के सदस्यों के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी सहभागिता करेंगे। संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि श्रावण मास भारतीय परंपरा में वेदाध्ययन, आत्मचिंतन, यज्ञ एवं सदाचार के लिए विशेष महत्व रखता है। वेद मानव जीवन को सत्य, ज्ञान, कर्तव्य, सदाचार, परोपकार और विश्वकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। वेदों का ज्ञान केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के कल्याण के लिए है।

# थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी ने सुनीं समस्याएं

- दो मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।


समस्यायें सुनते थाना प्रभारी

थाना नवाबगंज प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। थाना प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, समाधान दिवस में मुख्य रूप से जमीन-जायदाद से संबंधित कुल 9 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान एक गंभीर मामला भी सामने आया। कस्बा नवाबगंज के नया गनीपुर निवासी एक वृद्ध महिला ने अपने ही पुत्र के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया। पीड़िता का आरोप था कि उसके बेटे ने उसकी जमीन और घर पर जबरन कब्जा कर लिया है और उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक ने कस्बा इंचार्ज (दरोगा) गीतम सिंह को इस प्रकरण का तुरंत निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसके बाद दरोगा गीतम सिंह ने पुलिस भेजकर आरोपी पुत्र को थाने बुलवाया। पुलिस ने वृद्ध मां को उसके सुपुर्द करते हुए बेटे को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में उसकी मां को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। पुलिस ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि आगे से वृद्ध महिला को कोई भी तकलीफ होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उसके पुत्र की होगी और पुलिस उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय सहित कई स्कूलों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


निरीक्षण के दौरान बच्चों से जानकारी करती डीएम

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कायमगंज तहसील के विकासखण्ड शमसाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय अजीजाबाद एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजलामई का औचक निरीक्षण कर विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन कार्य की प्रगति एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय अजीजाबाद कर निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान के स्तर का आकलन किया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति एवं पाठ्यक्रम की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। डीएम ने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजलामई में जिलाधिकारी ने बालिकाओं की शिक्षा एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में पूछा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा विद्यालय में सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# बाढ़ की आशंका: कृषि मंडी में 24 घंटे संचालित शरणालय तैयार

- रहने, भोजन, स्वास्थ्य और पशुओं के लिए अलग इंतजाम

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** तराई क्षेत्र में बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सर्वसुविधायुक्त बाढ़ शरणालय तैयार किया गया है। शरणालय की व्यवस्थाओं को 24 घंटे सुचारू रखने के लिए तीन लेखपाल, तीन संग्रह अमीन और एक सफाईकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारी आठ-आठ घंटे की रोटेशनल शिफ्ट में सेवाएं देंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के लिए एक फार्मासिस्ट और सहायता के लिए दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी तैनात किया गया है। बाढ़ शरणालय में एक कूलर, पांच पंखे, 20 गद्दे, कुर्सियां, मेज, ट्यूबलाइट और बल्ब लगाए गए हैं। पीड़ितों के मनोरंजन और जरूरी सूचनाओं के लिए एलईडी टीवी की भी व्यवस्था की गई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए शरणालय में व्हाइट बोर्ड भी लगाया गया है। शरणालय की व्यवस्थाएं देख रहे लेखपाल तामेश्वर राणा ने बताया कि तराई क्षेत्र में फिलहाल बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। मानव आश्रय के साथ पशुओं के ठहरने, चारे और पानी की अलग व्यवस्था की गई है। शरणालय में आने वाले बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन की आपूर्ति शमशाबाद स्थित मुख्य शरणालय से कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल तराई क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। प्रशासन ने आपदा की स्थिति में संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

# सर्राफा कारोबारी पर भाइयों के अपहरण का आरोप

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक गरीब महिला ने स्थानीय सर्राफा कारोबारी और उसके बेटे पर अपने दो नाबालिग बच्चों के अपहरण, परिवार को बंधक बनाने और जबरन जमीन का बैनामा कराने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। दबंगों ने जमीन नाम न करने पर अगवा किए गए बच्चों की किडनी बेचकर पैसे वसूलने की खौफनाक धमकी दी है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। फतेहगढ़ के मोहल्ला नवदिया की रहने वाली पीड़िता प्रीति देवी पत्नी राजीव नागर द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार पीड़िता के पति राजीव ने करीब एक साल पहले जरूरत पड़ने पर यूनिक ज्वैलर्स के मालिक योगेश गुप्ता से 30,000 ब्याज पर लिए थे। पीड़िता का दावा है कि उन्होंने 40,000 ब्याज सहित वापस कर दिए। आरोप है कि इसके बावजूद योगेश गुप्ता उनके दो नाबालिग बेटों, आकाश (16 वर्ष) और आर्यन (14 वर्ष) से अपनी दुकान पर जबरन काम करवाता था। शिकायत के मुताबिक 5 अगस्त को सुबह 7 बजे योगेश का बेटा आयुष गुप्ता छोटे बेटे आर्यन को घर से बुलाकर ले गया, जो अभी तक नहीं लौटा। वहीं, बड़े बेटे आकाश को जो फरीदाबाद में था, उसे भी आरोपी जबरन पकड़ लाए और दोनों बच्चों को कहीं गायब कर दिया है। आरोप है कि 6 अगस्त को सुबह 6 बजे आरोपियों ने पीड़िता और उसके पति को खाली हाथ बुलाकर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक बंधक बनाए रखा। आरोपियों ने कहा कि बच्चों ने दुकान से सामान गायब किया है, जिसकी भरपाई उन्हें करनी होगी। 6 अगस्त को ही दिन में करीब 11 बजे योगेश गुप्ता और भोला नामक व्यक्ति दंपति को जबरदस्ती छिबरामऊ तहसील ले गए और जमीन का बैनामा करने का दबाव बनाया। जब पीड़िता ने मना किया, तो आरोपियों ने धमकी दी कि जमीन बैनामा नहीं करोगे तो तुम्हारे लड़कों की किडनी बेचकर रुपया वसूल करेंगे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं और फतेहगढ़ से भगा देने की धमकी दी। आरोपी आयुष गुप्ता लगातार फोन करके जमीन का बैनामा करने और रुपयों की व्यवस्था करने की धमकियां दे रहा है। दोनों नाबालिग बच्चे अभी भी आरोपियों के चंगुल में हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनके नाबालिग बच्चों को सुरक्षित छुड़ाया जाए और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### कांग्रेस ने शिवाशीष तिवारी को बनाया बरेली का पर्यवेक्षक


शिवाशीष तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शिवाशीष तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर सीसीसी द्वारा जनपद बरेली का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा दी गई जिम्मेदारी के चलते प्रदेश के नेताओं को विभिन्न जनपद का जिम्मा दिया गया है। जिसमें जनपद बरेली का शिवाशीष तिवारी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उनके पर्यवेक्षक बनने पर समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है। इससे पहले शिवाशीष तिवारी जनपद एटा के पर्यवेक्षक रह चुके है।

# फर्रुखाबाद में शिवभक्ति की अनूठी मिसाल

- कीलों की सेज पर लेटकर 100 किमी की दंडवत कांवड़ यात्रा कर रहे भक्त

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


कीलों की सेज पर लेटकर दंडवत करता युवक

सावन माह में भगवान शिव के प्रति भक्तों की अगाध आस्था के कई रूप देखने को मिलते हैं, लेकिन फर्रुखाबाद में शिवभक्ति का एक बेहद कठिन और अनोखा रूप सामने आया है। यहाँ एक शिवभक्त लगभग 35 किलोग्राम वजनी कीलों की सेज पर लेटकर 100 किलोमीटर लंबी दंडवत कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा आस्था, तपस्या और दृढ़ संकल्प का एक अद्भुत उदाहरण बनी हुई है। फर्रुखाबाद के पांचालघाट गंगा तट से शाहजहांपुर के त्रिलोकीनाथ धाम तक कुल दूरी लगभग 100 किलोमीटर है। इस कठिन यात्रा के लिए 6 पहियों वाला एक विशेष लकड़ी का मंच तैयार किया गया है, जिस पर हजारों कीलें जड़ी हुई हैं। एक साथी रस्सी के सहारे इस तख्ते को करीब एक मीटर आगे खींचता है, जिसके बाद शिवभक्त कीलों वाली सेज पर लेटकर दंडवत करते हैं। गंगाजल से भरी मटकी को एक अलग पहियों वाले स्टैंड पर रखा गया है, जिसे शिवभक्त की गति के साथ ही समान दूरी तक आगे बढ़ाया जाता है। इस कठिन कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्त का नाम विशेष गुप्ता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक रोग से मुक्ति पाने की मनोकामना और भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी गहरी आस्था के चलते यह संकल्प लिया है। रास्ते की कठिनाइयां और सावन की भारी बारिश भी उनके इस संकल्प को तोड़ नहीं पा रही है और वे निरंतर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। अब इनकी मंजिल शाहजहांपुर का त्रिलोकीनाथ धाम है। वहां पहुंचकर विशेष गुप्ता इसी गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करेंगे। पूरे क्षेत्र में इस समय यह अनोखी कांवड़ यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई है।

# डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता में यूपी ने जीती चैंपियनशिप

- 4 स्वर्ण व 1 रजत पदक के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन
- 17 एनसीसी डायरेक्टरेट की टीमों ने किया प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

ऑल इंडिया इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश डायरेक्टरेट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर चैंपियनशिप अपने नाम करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई से 3 अगस्त तक तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु में किया गया। जिसमें देश के विभिन्न 17 एनसीसी डायरेक्टरेट की टीमों ने प्रतिभाग किया। एनसीसी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता में देश के 17 डायरेक्टरेट से लगभग 20-20 एनसीसी कैडेट्स, जिनमें 10 बालक एवं 10 बालिकाएं शामिल होती हैं, विभिन्न शूटिंग स्पर्धाओं में प्रतिभाग करते हैं। इस वर्ष उत्तर प्रदेश डायरेक्टरेट की 20 सदस्यीय टीम में 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के 7 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स के प्रशिक्षण एवं चयन की जिम्मेदारी 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ को सौंपी गई थी। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों से कैडेट्स को लंबे समय तक कठिन एवं अनुशासित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## फतेहगढ़ के कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन


ट्राफी के साथ विजेता छात्र-छात्राएं

प्रतियोगिता में 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ से चयनित कैडेट्स ने विभिन्न शूटिंग स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। इनमें एन.एल.बी.एन. इंटर कॉलेज छिबरामऊ की गुड़िया ने ओपन साइट राइफल 50 मीटर, एलवाईडीसी नवाबगंज की ज्योत्सना ने पीप साइट 3-पोजीशन 50 मीटर व इसी स्कूल की सानिया ने एयर राइफल 10 मीटर, एमआईसी फतेहगढ़ के अंकित नर ने पीप साइट 3-पोजीशन 50 मीटर, एसपीएसआईसी के मोहित ने पीप साइट प्रोन पोजीशन 50 मीटर, एवएलबीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ के रचित ने पीप साइट प्रोन पोजीशन 50 मीटर तथा जेडी जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ के धीरेंद्र ने एयर पिस्टल 10 मीटर स्पर्धा में प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त 4 यूपी गर्ल्स बटालियन की कात्यायनी ने ओपन साइट राइफल प्रोन पोजीशन 50 मीटर स्पर्धा में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एसपीएसआईसी के मोहित ने पीप साइट प्रोन पोजीशन 50 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। शानदार उपलब्धि पर एडीजी मेजर जनरल गौरव गौतम वीएसएम द्वारा आगरा ग्रुप हेडक्वार्टर में विजेता एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमनदीप सिंह खरोड़, मीडिया मैनेजर कैप्टन गिरिजा शंकर, प्रशिक्षण दल एवं बटालियन के एनसीसी अधिकारियों ने सभी विजेता एवं चयनित कैडेट्स को बधाई दी।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज,शमशाबाद।


प्रशस्ति पत्र के साथ मेधावी छात्राएं व नदीम अहमद फारूकी

विगत वर्ष की भांति नगर पंचायत कार्यालय शमसाबाद में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर के विभिन्न विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालयों से अपने-अपने स्कूल में प्रथम तीन स्थानों पर रहकर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कुल 28 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। एवी इंटर कॉलेज, सीकेजे इंटर कॉलेज, एमए फारूकी मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाबा रामरक्षपाल आदर्श इंटर कॉलेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

उपजिलाधिकारी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र पूरी लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन गरीब छात्र-छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई में किसी भी प्रकार की आर्थिक या अन्य दिक्कत आ रही है, हम उनकी मदद के लिए हमेशा तैयार हैं।

इस अवसर पर सभासद जयशरन प्रजापति, साजिद अंसारी, मुबीन आलम, विक्रम दिवाकर, ओमकार, सादिक अली और दीपक श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# एएसपी ने थाना मऊदरवाजा का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


थाने का निरीक्षण करते एएसपी

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना मऊदरवाजा का औचक निरीक्षण कर सीसीटीएनएस कार्यालय, विवेचना कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, भोजनालय, शस्त्रागार, थाना परिसर का निरीक्षण एवं विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। थाना परिसर में साफ-सफाई, जन शिकायतों एवं लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण आदि के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पुलिस की कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना मऊदरवाजा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में पहुँचकर विभिन्न महत्वपूर्ण अनुभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। सीसीटीएनएस कार्यालय और साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा को समर्पित मिशन शक्ति केंद्र, विवेचना कक्ष और पुलिसकर्मियों का भोजनालय, हथियारों के रखरखाव के लिए शस्त्रागार, थाने के विभिन्न रजिस्टरों और महत्वपूर्ण अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। थाना परिसर और विभिन्न कार्यालयों का मुआयना करने के बाद एएसपी ने थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। थाना परिसर और कार्यालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनने और जन-शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने पर जोर दिया गया। लंबे समय से लंबित पड़ी विवेचनाओं में तेजी लाने और उन्हें शीघ्र पूरा कर मामलों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विवेचकों को सख्त हिदायत दी गई।

## कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 5 उप निरीक्षकों का तबादला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण फेरबदल किए हैं। पुलिस लाइन में तैनात 5 उप निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से जिले के विभिन्न थानों में नई तैनाती दी गई है। स्थानांतरित किए गए सभी 5 उप निरीक्षक अब तक पुलिस लाइन में तैनात थे। राजेश कुमार को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना मऊदरवाजा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दीपक कुमार त्रिवेदी को पुलिस लाइन से थाना नवाबगंज में नई तैनाती दी गई है। ध्रुव कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर थाना मऊदरवाजा भेजा गया है। मोहित द्विवेदी को भी पुलिस लाइन से थाना मऊदरवाजा में तैनात किया गया है। राजेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली फर्रुखाबाद भेजा गया है। इस तबादला सूची में सबसे ज्यादा फोकस थाना मऊदरवाजा पर देखने को मिला है, जहाँ एक वरिष्ठ उप निरीक्षक सहित कुल तीन उप निरीक्षकों को एक साथ तैनाती दी गई है। पुलिस अधीक्षक का यह कदम जिले में अपराध नियंत्रण, आम जनमानस की सुरक्षा और थानों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- विजेताओं को मेडल देकर किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन केआर रस्तोगी इंटर कॉलेज की मेजबानी में आयोजित किया गया। बैडमिंटन के प्रति विद्यार्थियों के उत्साह का आलम यह था कि लगभग 10 से 12 विद्यालयों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 स्तरों पर हुई। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग में पार्थ, अथर्व, हर्षित सीपीवीएन कॉलेज से तथा प्रयाग रस्तोगी इंटर कॉलेज से अंडर 19 बालिका में दिव्या कश्यप, रोशनी मिश्रा एनएकेपी बालिका कॉलेज से तथा मांडवी तिवारी तथा अक्षरा अवस्थी कनोडिया इंटर कॉलेज से, जूनियर बालक वर्ग में उत्कर्ष एवं हर्ष यादव कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज से, अर्पित विद्या मंदिर श्याम नगर से तथा गौरव रस्तोगी इंटर कॉलेज से, जूनियर बालिका वर्ग में आराध्या यादव विद्या मंदिर श्याम नगर, आरुषि व श्रेया वाजपेई एनएकेपी इंटर कॉलेज तथा वरीरा कनोडिया इंटर कॉलेज से, सब जूनियर बालक वर्ग अंडर 14 में अचल, प्रत्यक्ष, अनुभव विद्या मंदिर श्यामनगर कॉलेज से तथा अंशुल महावीर इंटर कॉलेज से, सब जूनियर बालिका वर्ग में आमना खान एनएकेपी कॉलेज से तथा अनुष्ठा, मान्या व आरोही विद्या मंदिर श्याम नगर से चयनित हुए। यह सभी बालक एवं बालिका वर्ग के चयनित प्रतिभागी मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता संतोष कुमार त्रिपाठी प्रधानाचार्य, गजेंद्र सिंह प्रभारी व्यायाम शिक्षक एवं डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ की देखरेख में सम्पन्न हुई। निर्णायक मंडल में मोहन अग्रवाल, प्रशुभ गुप्ता, कुलदीप, एजाज अहमद सिद्दीकी, अर्जुन प्रताप सिंह, केशव कुमार गंगवार, सुब्रत शाक्य एवं नीता दुबे एवं सीमा तिवारी आदि का योगदान रहा। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत सिंह चौहान प्रधानाचार्य जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज ने मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा मुरलीधर निवासी जोगराज सिंह पुत्र द्वारिका ने गांव के ही बाइक चालक अभिषेक पुत्र राज बहादुर के विरुद्ध टक्कर मारकर घायल कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है। 13 जुलाई सुबह 11 बजे मेरी नातिन सुनैना उम्र 6 वर्ष पुत्री पुष्पेंद्र चौपाल से घर वापस आ रही थी, तभी उपरोक्त बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलते हुए सुनैना के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुनैना की जांघ की हड्डी व हंसुली टूट गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### न्यायालय के आदेश से आठ पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही सर्वेश, अवधेश, राकेश, अमित, हनी, सुमित, अनमोल, कपिल के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर गाली-गलौज मारपीट छेड़छाड़ एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है की मेरी बहू के साथ उपरोक्त सभी आरोपितों ने गाली गलौज की मना करने पर मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ की एवं मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी थी।

### आवास के लिये दर-दर भटक रहे गरीब का गिरा आशियाना

**असोहा, उन्नाव।** क्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी मोनू शुक्ल ने आवास के लिये मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर ग्राम प्रधान , खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आज तक आश्वासन , जांच के सिवा कुछ नही मिला , बीते चार दिनों से हो रही रुक रुक कर बरसात ने उसका टूटा व जगह जगह से टपकता कच्चा घर भी गिर गया ,मोनू के पास अब शर ढकने के लिये छत भी नही बची। मोनू को बीते 22 जुलाई को मुख्यमंत्री पोर्टल पर आवास के लिये आवेदन पर खण्ड विकास कार्यलय पर बुलाया गया था। और उसने अपनी आप बीती खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर को सुनाई थी इस सम्बंध में जब संवाद सूत्र ने खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी की तो उन्होंने बताया था कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को जॉच के आदेश दे दिए गए ।

### बाइक स्पीड ब्रेकर से उछलने से दो महिलायें घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** शारदा नहर पतेली खेड़ा पुल के पास तेज रफ्तार बाइक स्पीड ब्रेकर से उछलने के कारण बाइक सवार दो महिलाये सड़क पर गिर गई ।दोनों घायल महिलाओं को इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक वृद्ध महिला की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम महोलिया निवासी रामचंद्र की पत्नी राजरानी 40 वर्ष अपनी मां प्रमिला 65 वर्ष पत्नी गुरुप्रसाद निवासी दन्ना खेड़ा थाना कासिमपुर हरदोई के साथ क्षेत्र के ग्राम कुरसठ किसी रिस्तेदार की मौत होने पर वहां अपने पुत्र मोहित पुत्र रामचंद्र के साथ बाइक से जा रही।

### सांप के काटने से वृद्ध महिला की हालत गंभीर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** थाना बेहटा क्षेत्र निवासी वृद्ध महिला शौच क्रिया के लिए जाते समय सुबह रास्ते में उसके पैर में सांप ने काट लिया । घटना की सूचना पर मौके पर पहुँचे परिजन महिला की हालत गंभीर देख इलाज के लिए यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के ग्राम तेरवा जहाँगीरा बाद निवासी आविद की पत्नी असगरी 60 वर्ष शनिवार सुबह घर से शौच क्रिया के लिए बाहर जा रही थी । तभी रास्ते में उसके पैर में सांप ने डस लिया । सांप देख वृद्ध महिला की चीख निकल गई स उसकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण महिला के पास पहुँचे और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुँचे परिजन असगरी की हालत गंभीर देख इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये।

# ब्लॉक प्रमुख ने प्रशिक्षार्थियों को बांटी पुस्तकें व यूनिफॉर्म

समृद्धि न्यूज,हरदोई।



भरावन के शहजादे सिंह पीजी कालेज स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर शनिवार को प्रशिक्षुओं को पुस्तकें व यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भरावन ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को निशुल्क पुस्तक एवं यूनिफॉर्म सौंपी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने छात्रों को पुस्तक एवं यूनिफॉर्म वितरित करते हुए कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग पार्टनर इंप्रेशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में सेल्स मैनेजर अभिषेक शुक्ला, गौरव शुक्ला, शिव शंकर त्रिपाठी, हेमंत शुक्ला, पायल, कोमल, अलकमा और विमल रहे।

# राज्यमंत्री ने किया हॉकी व हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती कानपुर प्रान्त के तत्वावधान में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता (सत्र 2026-27) के अंतर्गत हॉकी एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जिलों से आए खिलाड़ी, उनके संरक्षक आचार्य-आचार्याएँ एवं 15 निर्णायकगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ शनिवार से होगा, जिसमें सैकड़ों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने कराया तथा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी जगदीश कुमार सिंह (पूर्वी उप्र क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख विद्या भारती) द्वारा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री (पशुधन एवं दुग्ध विकास) कृष्णा पासवान ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती कानपुर प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री रजनीश पाठक ने की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, चरित्र निर्माण एवं खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह, भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त के मंत्री प्रहलाद नारायण खण्डेवाल. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय मार्ग प्रमुख राजेंद्र सक्सेना. विभाग प्रचारक शिव शंकर. सरस्वती विद्या मंदिर खागा के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह. सरस्वती विद्या मंदिर बिन्दकी के प्रधानाचार्य बलराम सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर देवीगंज के प्रधानाचार्य पंकज, सरस्वती विद्या मंदिर चौक की प्रधानाचार्या तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया तथा खिलाड़ियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों एवं आचार्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# पूर्व विधायक ने कराया भंडारा, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



श्रावण मास के पावन अवसर पर शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। पिछले कई वर्षों से लगातार पूर्व विधायक इंद्रजीत कोरी द्वारा श्रावण मास में तांबेश्वर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन कराया जाता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। भंडारे में शामिल लोगों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य में सहयोग किया। श्रावण मास में भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए तांबेश्वर मंदिर में दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में भंडारे के आयोजन से भक्तों को प्रसाद के साथ सेवा का लाभ भी मिला।

आयोजकों ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का पवित्र महीना है और इस दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य माना जाता है। इसी भावना के साथ पिछले कई वर्षों से मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता नरेश कोरी, अखिलेश पांडे, चंद्रमणि भास्कर, राजू मिश्रा, जयचंद्र कोरी, कमलेश कोरी, के के निषाद, अनिल कुमार कमलेश कुमार, बदलू, अनबील सिंह, शुभम सिंह, आयुष, विनोद कुमार, सुनीता देवी, प्रधान प्राची, गोविंद, प्रीति वर्मा, मानसी आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

**उन्नाव।** जनपदीय माध्यमिक विद्यालययी बैडमिंटन प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागी छात्राओं ने प्रतिभा कियायह प्रतियोगिता अंडर 14 अंडर 17 तथा अंडर 19 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच में आयोजित की गई जिसमें अंडर-19 बालक वर्ग के विनर के रूप में प्रख्यात सिन्हा ने रुद्र प्रताप सिंह को सीधे सेटों में हराया तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में शिफा ने चांदनी को अंदर 17 बालक वर्ग में शिवम सिंह ने उदय प्रताप सिंह को अंडर 17 बालिका वर्ग में श्रेया शुक्ला ने शालिनी को अंडर 14 बालक वर्ग में अब्दुल शाद ने अनुराग सिंह को अंदर 14 बालिका वर्ग में तृप्ति शुक्ला ने काव्या शुक्ला को हराया तथा मंडल में जगह पक्की की मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता जो की 12 अगस्त को होगी इस प्रतियोगिता से जो प्रतिभागी छात्र-छात्राएं चयनित हुई हुए हैं वह 12 अगस्त को मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जन शिकायतें

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आज थाना मलवा में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग दोनों की आवश्यकता हो, उनमें संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विवादों का समय रहते निस्तारण आवश्यक है, अन्यथा वे बड़े विवाद का रूप ले सकते हैं। इसलिए सभी अधिकारी प्रत्येक शिकायत का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया।

## व्यापार मंडल के 45वें राष्ट्रीय अधिवेशन

# कानपुर से व्यापारियों का जत्था दिल्ली रवाना




समृद्धि न्यूज,कानपुर।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित 9 अगस्त के 45वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं व्यापार भामाशाह सम्मान दिवस के लिए कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों एवं बाजारों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर कार्यक्रम के लिए जागरूकता फैलायी। सम्मेलन में कानपुर की बंद मिलों के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाया जा रहा है,जिसकी अगुवाई जिला अध्यक्ष सुनील बजाज करेंगे। व्यापारियों के उत्पीड़न के संबंध में महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी प्रस्ताव रखेंगे। वहीं कानपुर नगर में सी.एम.ग्रिड की अव्यवस्था के संबंध में सुरेश गुप्ता खादी अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।दिल्ली जाने वाले व्यापारियों के उत्साहवर्धन एवं समस्त व्यवस्था की जिम्मेदारी युवा अध्यक्ष भाई महेंद्र गुप्ता को सौंपी गई थी। व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक रामेश्वर गुप्ता लाला भैया ने दिल्ली जाने वाले व्यापारियों को आशीर्वाद देकर रवाना किया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सुनील बजाज,कृपा शंकर त्रिवेदी,महेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,अशोक अग्रवाल,उदयभान सिंह, सुशील गुप्ता, शरद गुप्ता टोनी, राजेश गुप्ता,मोहम्मद यासीन चंद,सतीश गुप्ता,संदीप गुप्ता, सोनी राठौर,भूपेंद्र गुप्ता,राजू गुप्ता ,इस्लाम उल्ला,मो.असलम,जाजिव इलाही, सालिक इलाही, संतोष शर्मा, गुलशन जायसवाल आदि।



## विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**कानपुर।** उप्र में जियोटैग ऐप द्वारा वाहन टैगिंग व्यवस्था, प्रयोग के तौर पर लागू होने के दौरान व्यापारियों उद्यमियों को जारी नोटिसों, गेट पास की समय-सीमा संबंधी नियमों, प्रोपराइटरशिप फर्मों को पार्टनरशिप में परिवर्तित करने के जटिल प्रावधानों को वापस लेने सहित मंडी व्यवस्था से संबंधित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से उनके लाल बंगला स्थित आवास पर मुलाकात करके वार्ता की व 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस मामले में पुनः वार्ता करने का आश्वासन दिया आज भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में उ प्र में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा जटिल प्रावधानों को वापस लेने सहित मंडी व्यवस्था से संबंधित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से उनके लाल बंगला स्थित आवास पर मुलाकात कर के वार्ता की व 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ।

# पीडीए पंचायतें कर अभियान चलायेंगे अधिवक्ता

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



शनिवार ,समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारीओ, कार्यकारिणी, विधान सभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों,जोनल प्रभारियों,वार्ड अध्यक्षों की मासिक बैठक आज दिन में 3 बजे सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि पब्लिक स्कूलो ने छात्रों की मासिक फीस बढाकर अभिभावको की जेब काटी जा रही है जिसकी वजह से अभिभावक आर्थिक बोझ से दवा जा रहा है जिसकों सपा ने गम्भीरता से लेकर रणनीति तय की जा रही। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की सफाई कर्मचारीओ की नगर निगम उपेक्षा कर रही रही है उनको नियमित नही कर रहीहै तथा दूसरी ओर हाउस टैक्स बढ़ाकर जनता को परेशान कर रही है 2027 मे जनता जवाब देने को तैयार घूम रही रही है।

बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,प्रदेश सचिव के के शुक्ला, नंदलाल जयसवाल,दीपक खोटे, शादाब आलम, इशरत इराकी, सुधांशु मिश्रा, अरशद दद्दा,मो सारिया, हुकुम सिंह, सजल कुशवाह समीर सोनकर,के के मिश्रा,कीर्ती अग्निहोत्री, महिमा शर्मा, एहसास बॉबी,धीरज श्रीवास्तव, बृजलाल यादव, अकील अहमद, शादाब खान,तौसीफ सिद्दीकी,हेमंत गुप्ता, गुड्डू यादव,राजेंद्र जयसवाल, पारस श्रीवास्तव,राहुल यादव आदि लोग प्रमुख रहे।

## खबरें एक नजर में

### गलत साइड से आ रही कार ने दो मासूमों को रौंदा, एक की मौत

**प्रयागराज।** धूमनगंज एरिया के ट्रांसपोर्ट चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर गति चौराहे पर एक सफेद रंग की क्रेटा कार गलत दिशा से आ रही थी। उसी समय दो बच्चे उम्र करीब 10 साल स्कूल से एक ही साइकिल पर सवार होकर घर वापस जा रहे थे। तभी तेज गति से आ रही कार ने दोनों बच्चों को कुचल दिया। स्थानीय लोगों की मदद से पास के अस्पताल में दोनों बच्चों को ले जाया गया। लोगो के अनुसार एक बच्चे की मौत हो गई जब दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया जाता है कि कार के डेस्कबोर्ड पर पुलिस की टोपी रखी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया।

### नोटरीकृत हलफनामा रिट याचिका दाखिल करने के लिए स्वीकार्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस अमिताभ कुमार राय ने स्पष्ट किया है कि देश में कहीं भी विधिवत नोटरीकृत हलफ़नामा रिट याचिका दाखिल करने के चरण में पूरी तरह स्वीकार्य है। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिका दायर करने से पहले फोटो वेरिफिकेशन के लिए इलाहाबाद या लखनऊ स्थित हाईकोर्ट बेंच पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य नहीं है। यदि हलफ़नामा देश में कहीं भी विधिवत नोटरीकृत है, तो उसे स्वीकार किया जाएगा। कोर्ट ने यह भी दोहराया कि कोविड-19 के दौरान लागू की गई ई-फाइलिंग व्यवस्था अभी भी प्रभावी है, जिससे याचिकाकर्ताओं को अनावश्यक यात्रा से राहत मिलती है। कोर्ट ने यह भी माना कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा पहले ही स्पष्ट किया जा चुका था कि नोटरीकृत हलफ़नामे स्वीकार किए जाते हैं।

### कृषि रक्षा रसायनों की खरीद जारी

**महाराजगंज।** फसलों पर रोग तथा खेतों में उगने वाले पतले एवं चौड़ी पट्टी के खरपतवार को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न कृषि रक्षा रसायनों का किसानों द्वारा धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है।कृषि रक्षा रसायनो की गुणवत्ता को लेकर उपयोग के बाद प्रभावहीन दिखने पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं।ऐसे में किसान संसय के बीच कृषि रक्षा रसायनों की खरीद कर उपयोग करने में जुटे हैं।तमाम कृषि उपयोगी दवा विक्रेताओ द्वारा बगैर कैश मेमो के बिक्री किया जा रही हैं।इनमें तमाम प्रभावहीन दवाएं उपयोग के बाद ज्ञात हो रही हैं। ऐसे में गुणवत्ता युक्त कृषि रक्षा रसायनों की बिक्री सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि जनपद में कृषि रक्षा रसायन बिक्री करने की 459 दुकाने कृषि विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार एक्टिव हैं।किसान अपनी आवश्यकतानुसार कृषि रक्षा रसायनों का समय-समय पर खरीद कर उपयोग कर रहे हैं।प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार जनपद मे चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 93 कृषि रक्षा रसायनों के नमूने लेकर जांच को भेजे जाने का लक्ष्य है। जिसके सापेक्ष अब तक 24 नमूने लिए गए हैं।जिन्हें प्रयोगशाला को भेजा गया है।जांच रिपोर्ट के आधार पर करवाई की जाएगी।

### विभिन्न कारणों से टीकाकरण की ऑनलाइन फीडिंग प्रभावित

**महाराजगंज।** खुर वाले पशुओं में होने वाले अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग खुरपका- मुंहपका से बचाव के लिए गोवंशीय तथा महिषवंशी पशुओं को एफएमडी का टीका लगाया जाना जारी है।लेकिन पशुपालकों के असहयोग तथा बॉर्डर क्षेत्र एवं जंगल किनारे नेटवर्क की प्रॉब्लम के चलते ऑनलाइन फीडिंग समस्या बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि 22 जुलाई 2026 से शुरू हुए टीकाकरण कार्य के दौरान अब तक 56050 पशुओं को टीका लगा है वहीं मात्र 10770 पशु को टीकाकरण के बाद फीडिंग होने की खबर है।जबकि शासन के निर्देश के तहत टीकाकरण के बाद पशु को टैग लगवा कर भारत पशुधन ऐप पर पशु स्वामी का रजिस्ट्रेशन, टैग नंबर के साथ किया जाना है और पशु की उम्र, जाती, व्यात,रंग आदि पोर्टल पर फिड किया जाना है।लेकिन विभिन्न दिक्कतों के चलते फिडिंग का कार्य प्रभावित है। खुरपका -मुंहपका रोग से बचाव के लिए पशुपालन विभाग के जिम्मेदारों द्वारा पूर्व मे बाढ़ प्रभावित गांवों मे प्राथमिकता पर टीकाकरण किया गया है।वहीं टीकाकरण के बाद फीडिंग समस्या बनी हुई है। टीकाकरण के नोडल अधिकारी डा. दिलीप सिंह के अनुसार जहां नेटवर्क उपलब्ध नहीं है वहां फीडिंग में दिक्कत आ रही है। और तमाम पशुपालक अपने मोबाइल से ओटीपी देने में झिझक रहे हैं जिसके कारण फीडिंग कार्य प्रभावित हो रहा है।

### बरेसर पुलिस ने 6 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** थाना बरेसर पुलिस द्वारा 6 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.08.2026 को उ0नि0 रुस्तम खां मय हमराह द्वारा मा0 न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0 कक्ष सं0 03, मुहम्मदाबाद-गाजीपुर प्रकीर्ण फौ0 वाद सं0 490/26 धारा 323/324/504/506 भादवि व धारा 82 सीआरपीसी के वारंटी 1.शैलेन्द्र बिन्द पुत्र बैजनाथ बिन्द 2.महेन्द्र बिन्द पुत्र बैजनाथ बिन्द, न्यायालय जे0एम0 03 के ही फौ0सं0 884/26 धारा 352/504/506 भादवि के वारंटी 1. जयप्रकाश सिंह पुत्र स्व0 सुदामा 2. राजेश उर्फ भुल्लन पुत्र जयप्रकाश सिंह को व मा0 न्यायालय जे0एम0 03 के ही फौ0सं0 770/26 धारा 323/504/506 भादवि के वारंटी 1.जयप्रकाश उर्फ गुड्डू पुत्र कमला पाण्डेय को उनके घर से गिरफ्तार किया गया व उ0नि0 घनश्याम पाण्डेय द्वारा मय हमराह मा0 न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0 कक्ष सं0 03,मुहम्मदाबाद- गाजीपुर प्रकीर्ण फौ0 वाद सं0 370/26 धारा 324/323/504 भादवि से संबंधित निर्गत एनबीडब्लू व 82 सीआरपीसी के वारंटी 1.हरिनाथ राम पुत्र मोती राम को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।



### थाना समाधान दिवस में पांच फरियादियों ने सुनाई पीड़ा

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को हलिया थाने में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद से जुड़ी रहीं। हालांकि, किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। तहसीलदार ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच की जाए। और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें अनावश्यक रूप से अधिकारियों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर जांच के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों से भी अपील की कि भूमि संबंधी विवादों में कानून-व्यवस्था बनाए रखें और समस्या के समाधान के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें।

# अतीक के बेटे को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

▸ अतीक की कब्र के बगल में दफनाया गया

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज/झांसी।**

अतीक अहमद के 21 साल के बेटे अबान को प्रयागराज में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। शनिवार शाम 7 बजे उसे पिता अतीक की कब्र के बगल में दफनाया गया। तीनों भाइयों अली, उमर और अहजम ने अबान को कंधा दिया। जनाजे में शामिल होने के लिए 5-6 हजार लोग पहुंचे। सुरक्षा के लिए कब्रिस्तान के आसपास 1,000 से ज्यादा



पुलिसकर्मी तैनात रहे। अबान का शव लेकर उसका भाई अहजम रोते हुए कब्रिस्तान पहुंचा। भीड़ भी उसके पीछे अंदर घुसने लगी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेडिंग तोड़ दी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने 2-3 लोगों को बंदूक की बट मारी। इसके बाद भी कुछ युवक अंदर जाने पर अड़े रहे, तो पुलिसवालों ने थप्पड़ मारकर उन्हें हटाया। भीड़ तितर-बितर हुई तो पुलिसवालों ने खदेड़ दिया। मां शाइस्ता परवीन बेटे के जनाजे में शामिल नहीं हुई। वह पति अतीक और बेटे असद के जनाजे में भी नहीं पहुंची थी। शाइस्ता 2023 से फरार है। अबान की गुरुवार को सड़क हादसे में मौत हुई थी। अबान की गुरुवार को सड़क हादसे में मौत हुई थी। अबान को जिस कसारी-मसारी कब्रिस्तान में दफनाया गया। यहीं उसके दादा फिरोज अहमद, चाचा अशरफ और भाई असद की भी कब्रें हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट से पैरोल मिलने के बाद अली झांसी जेल और उमर लखनऊ जेल से प्रयागराज पहुंचे। दोनों को आखिरी वक्त में पुलिस वैन से बाहर निकाला गया। बाहर आते ही दोनों भाई एक-दूसरे से गले मिले। इसके बाद मस्जिद में नमाज पढ़ी और अबान को मिट्टी दी। पुलिस ने सिर्फ परिवार और रिश्तेदारों को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति दी।

## मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र हरसिंघपुर व मल्लेपुर का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने गंगा के जल स्तर में लगातार वृद्धि के दृष्टिगत संभावित ग्रामों में बाढ़ के लेकर मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने कोन विकास खण्ड के हरसिंघपुर व मल्लेपुर गांव में पहुंचकर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी से कहा कि बाढ़ के दौरान आने वाले सावधानियों के बारे में पहले से ग्रामीणों को अलर्ट किया जाए। आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था व पशुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत निचले इलाकों में रहने वाले सुरक्षित स्थान पर ले जाने हेतु पहले से ही बाढ़ राहत शिविर चिन्हित कर लिए जाए चिन्हित बाढ़ शिविरों में शौचालय, भोजन, पेयजल, आवश्यक दवाएं, प्रकाश व्यवस्था की समुचित व्यवस्था कर ली जाए तथा पशुओं के लिए चारा व ऊंचे स्थान पर पशु शिविर बनाए जाए। उन्होंने कहा कि गंगा का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए कि घाटों, पुलों व गंगा के किनारे न जाए। गोताखोर व नाव की व्यवस्था की तैनाती की जाए किसी के डूबने से कोई अप्रिय घटना न हो उसके लिए एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0 की टीमों को अलर्ट कर दिया जाए। मण्डलायुक्त ने राजस्व टीम को सक्रिय करने के साथ ही लेखपाल, ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से वार्ता कर जल स्तर, कटान व संभावित खतरे की जानकारी, फसल नुकसान आदि के बारे में जानकारी ली।

## प्रदेश मंत्री राकेश बिंद का विंध्यवासिनी की धरा पर प्रथम आगमन



▸ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री राकेश बिंद जी के मां विंध्यवासिनी की पावन धरा पर प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा के लोकप्रिय एवं यशस्वी जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी के नेतृत्व में कछवां मंडल के मिशन तिराहा, गुरसंडी, विसुंदरपुर, शुक्लहा एवं विंध्याचल सहित विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रदेश मंत्री का स्वागत किया।

## सड़क हादसे में युवा किसान की मौत

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

सैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरपुर गांव के पास शनिवार की सुबह सैदपुर देवचंदपुर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें सैदपुर धान की फसल में उगी घास को खत्म करने के लिए दवा लेने आ रहे एक 27 वर्षीय युवा किसान बहादुर पाल की मौत हो गई। घटना का पता चलने के बाद से मृतक के परिवार में भारी दुख व्याप्त है। सैदपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार सैदपुर देवचंदपुर गांव निवासी 27 वर्षीय बहादुर पाल पुत्र चंद्रमा पाल शनिवार की सुबह धान की फसल में उगी घास को खत्म करने के लिए सैदपुर बाइक से दवा



लेने आ रहा था। सैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरपुर गांव के पास देवचंदपुर सैदपुर मार्ग पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने बहादुर की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से तत्काल बहादुर को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। लेकिन जांच के उपरांत डॉक्टर ने बहादुर को मृत घोषित कर दिया। घटना का पता चलने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक युवा किसान बहादुर पाल का पूरा परिवार खेती किसानी पर निर्भर है। मृतक तीन भाइयों में बीच का था। सबसे बड़े भाई का नाम सुनील पाल है। जिसकी शादी हो चुकी है। वह जीवन यापन के लिए अपना टेंपो चलाता है। मृतक के सबसे छोटे भाई का नाम सतीश पाल है। जो पढ़ाई कर रहा है।

### कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, 20 लाख से अधिक का सामान खाक

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।** नगर के आजाद चौक पुलिस चौकी के सामने स्थित नव ज्योति वस्त्रालय में गत देर रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में लगभग 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि समय रहते परिवार के लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। कप्तानगंज कस्बे के आजाद चौक पुलिस चौकी के सामने स्थित नव ज्योति वस्त्रालय के प्रोपराइटर राजेश कुमार रौनियार प्रतिदिन की भांति गत रात दुकान बंद कर उसके ऊपर स्थित आवास में परिवार के साथ सोने चले गए। इसी दौरान लगभग 2:30 बजे दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते दुकान धुएं से भर गई और धुआं ऊपर स्थित आवास तक पहुंच गया। धुआं फैलने की जानकारी होने पर राजेश रौनियार ने परिवार के साथ छत पर पहुंचकर मदद के लिए शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे सामने पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों द्वारा भी तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए । आग बुझने तक दुकान में रखा अधिकांश कपड़ा और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया।

व्यापारी के बड़े भाई एवं भाजपा जिला महामंत्री रामगोपाल रौनियार ने बताया कि आग से करीब 20 लाख रुपये से अधिक का कपड़ा एवं अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया है।

## आदर्श चौहान हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासाः बाल अपचारी सहित 5 अभियुक्त गिरफ्तार

▸ पुलिस टीम को किया गया पुरस्कृत

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जनपद के तमकुहीराज थाना क्षेत्र में हुई हत्या की घटना का मुकामी पुलिस ने खुलासा करते हुए घटना में शामिल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया साथ ही एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। एसपी कार्यालय में बुलाई गई प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पत्रकारों को बताया कि बीते 01 अगस्त को तमकुहीराज थाना क्षेत्र के ग्राम चखनी खास में एक लड़का आदर्श चौहान उर्फ बुलेट पुत्र चन्देश्वर चौहान साकिन चखनी खास थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को पेट में चाकू मारकर कुछ लोगो द्वारा हत्या कर दी गई थी। हत्या के पश्चात मृतक के पिता चन्देश्वर चौहान पुत्र सुरूज चौहान सा0 चखनी खास थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर के द्वारा 05 नामजद व 04 अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ लिखित तहरीर



में नाम दिया गया था। इसके पश्चात सर्विलांस टीम व पुलिस टीम को लगाकर 24 घंटा के भीतर नामजद व्यक्तियो की हिरासत मे लिया गया हिरासत में लेने के पश्चात गहराई से एक एक बिन्दु व तथ्यो के आधार पर पूछ ताछ की गयी तो पूछ ताछ में यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त कोई और है मुकदमा में नामजद आरोपी नहीं है । गहराई से छानबीन की गयी व पूछ ताछ की गयी तो 05 अन्य अभियुक्तो का नाम प्रकाश में आया। घटना के हर बिन्दुओ पर साक्ष्य संकलन करते हुए सर्विलांस टीम, एसओजी टीम व मुकामी पुलिस की टीम बनाकर अगले 48 घंटे में प्रकाश में आये सभी अभियुक्तो को 07 व 08 अगस्त को अंगद पासवान पुत्र भरत पासवान सा0 मिश्रौली थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, सतीश कुशवाहा पुत्र रामविलास कुशवाहा सा0 राजी तलवंत राय थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, चंदन कुशवाहा पुत्र देवानन्द कुशवाहा सा0 राजी तलवंत राय थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, प्रीतम कुशवाहा पुत्र रविन्द्र कुशवाहा सा0 राजी तलवंत राय थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तारी करने के बाद जब इनसे पूछ ताछ की गयी तो पूछ ताछ में बताया कि हाँ साहब हम लोगो ने मिलकर आदर्श चौहान उपरोक्त को मार कर हत्या कर दिए थे। उक्त घटना का सीसीटीवी फुटेज, अभियुक्त के मोबाइल का टाईम लाईन, पेमेंट करने की दिनांक का मिलान किया गया तो घटना की कड़ी से कड़ी जुड़ गयी एवं यह बात पूर्णतया साबित हो गयी कि मृतक आदर्श चौहान को इन्ही लोगो ने मारा है और नामजद तहरीर गलत दी गयी है। इस तरह से एफआईआर में नामजद आरोपियों की नामजदगी गलत कर घटना कारित करने वाले सही अभियुक्तो को गिरफ्तार एवं एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। एसपी श्री कुमार ने घटना के कारण के बारे में बताया कि मृतक आदर्श चौहान पुत्र चन्देश्वर चौहान साकिन चखनी खास थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर ने घटना के करीब 15 से 20 दिन पूर्व अभियुक्तो से कहा सुनी व मारपीट हुई थी।

## डॉ. शशिकांत राय के निधन से खरडीहा में शोक की लहर

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

स्वामी सहजानन्द सरस्वती पीजी कालेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. शशिकांत राय का 6 अगस्त की रात लखनऊ में निधन हो गया। बताया गया कि 30 जुलाई की शाम लखनऊ में एक समान्य से लगने वाले एक्सीडेंट में उनके सिर में चोट लगी थी जो उनके लिए घातक हो गयी। उन्हें मैक्स अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया और वे वेंटीलेटर पर थे। डॉ. राय के दुःखद मृत्यु का समाचार मिलते ही संपूर्ण महाविद्यालय परिवार शोकग्रस्त हो गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव/प्रबंधक कुणाल शर्मा तथा प्राचार्य प्रो. वी. के. राय ने डॉ. राय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से महाविद्यालय की अपूरणीय क्षति हुई है। जिले के बुद्धिजीवियों, महाविद्यालयों के प्राचार्य व प्राध्यापकों व शुभ चिंतकों ने शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि मृतात्मा को अपने श्री चरणों में



स्थान दें और उनके परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति व सामर्थ्य प्रदान करें। भांवरकोल संवाददाता के अनुसार खरडीहा महाविद्यालय खरडीहा के प्रबंधक एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती पीजी कॉलेज, गाजीपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. शशिकांत राय का पार्थिव शरीर शुक्रवार की शाम पैतृक गांव खरडीहा पहुंचते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका पार्थिव शरीर पहले खरडीहा महाविद्यालय परिसर में रखा गया, जहां महाविद्यालय परिवार सहित क्षेत्र के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम दर्शन किए। इसके बाद पार्थिव शरीर को श्री सर्वोदय इंटर कॉलेज खरडीहा ले जाया गया। यहां विद्यालय परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय लोगों ने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय स्थित आमघाट कॉलोनी के उनके निजी आवास पर ले जाया गया। डॉ. शशिकांत राय के निधन पर शनिवार को खरडीहा महाविद्यालय तथा श्री सर्वोदय इंटर कॉलेज खरडीहा में शोक अवकाश रहा। विद्यालय परिवार ने उनके निधन को शिक्षा जगत के साथ ही क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। बताया गया कि गत 30 जुलाई को लखनऊ में टहलने के दौरान एक वाहन की चपेट में आने से डॉ. शशिकांत राय के सिर में गंभीर चोट लग गई थी। उनका मैक्स अस्पताल में उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान छह अगस्त को 72 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

### सपा सरकार बनने पर ही पीडीए वर्ग को न्याय मिलेगा व प्रदेश के हर वर्ग का विकास होगाः राम आसरे विश्वकर्मा

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री श्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा राज में लगातार विश्वकर्मा समाज पिछड़े समाज पर अत्याचार हो रहे है। गरीबों पिछड़ों दलितों पर हत्या बेटियों के दुष्कर्म जमीनों पर कब्जे आम बात हो गयी है। उत्पीड़न करने वाले भाजपा समर्थक हैं। जिसके डर से भाजपा सरकार में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। भाजपा राज में अब हम अत्याचार नहीं सहेंगे। सभी विश्वकर्मा समाज के लोग मिलकर मुकाबला करें संघर्ष करें और अपना सम्मान और अधिकार लेकर रहें। सभी मिलकर भाजपा को हटायें और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायें तब न्याय मिलेगा।पूर्वमंत्री ने कहा कि भाजपा राज में मंहगाई, बेरोजगारी,गरीबी अत्याचार भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। इसका शिकार सबसे ज्यादा गरीब पिछड़े दलित विश्वकर्मा समाज के हुए हैं। भदोही के याकूबपुर रंड़ई गांव में हुई लक्ष्मी विश्वकर्मा के हत्यारे आज तक पकड़े नहीं गए। गाजीपुर में निशा विश्वकर्मा की हत्या में विश्वकर्मा परिवार को आज तक न्याय नहीं मिला।देवरिया में राजू विश्वकर्मा की हत्या प्रकरण में भाजपा सरकार के मंत्री का सरकार से नौकरी और आर्थिक मदद का किया गया वादा आज तक पूरा नहीं हुआ।कानपुर देहात में रामबीर विश्वकर्मा सत्यनारायण विश्वकर्मा की हुई हत्या में हत्यारे आज भी परिवार को धमकी दे रहे हैं और जमीन और गांव छोड़ने के लिये मजबूर कर रहे हैं। अब तो विश्वकर्मा समाज का भरोसा भाजपा से उठ गया है।

## मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप वन विभाग ने रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के बन्हैता गांव में शुक्रवार रात नौ बजे के करीब विशालकाय मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पड़कर बेलन नदी के गहरे जलाशय में छोड़ दिया।थाना क्षेत्र के बन्हैता गांव में राजपूत कारपेट के पास स्थित खेत में आठ फिट लंबा विशालकाय मगरमच्छ चहल कदमी करते हुए कोल बस्ती की तरफ जा रहा था ग्रामीणों ने मगरमच्छ को देखा तो हड़कंप मच गया मौके पर पहुंचे बन्हैता गांव



निवासी राकेश सिंह समाजसेवी ने मगरमच्छ निकलने की सूचना वन विभाग को दिया सूचना पर वन दरोगा सिद्धार्थ कुमार,वनरक्षक शीतला बक्स सिंह तथा अनिरुद्ध श्रीवास्तव मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को सुरक्षित पड़कर बेलन नदी के गहरे जलाशय में छोड़ दिया मगरमच्छ के सुरक्षित पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## कलश वंदन यात्रा में सांसद ने पूजन कर संत रविदास को किया नमन

▸ दलित बस्ती में सांसद ने सिर पर कलश रखकर किया भ्रमण
▸ सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से वाराणसी स्थित संत रविदास जी की पावन धरती से निकाली गई कलश वंदन यात्रा शनिवार को हाटा विधानसभा क्षेत्र के सुकरौली मंडल पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलश का विधिवत पूजन-अर्चन कर संत रविदास जी को नमन किया। ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। सुकरौली मंडल के वार्ड संख्या नौ स्थित



सुभाष चंद्र बोस नगर तितला की दलित बस्ती में पहुंची यात्रा में कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने स्वयं सिर पर कलश रखकर बस्ती में भ्रमण किया। सांसद के इस भावपूर्ण सहभागिता से कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। इसके बाद यात्रा सुकरौली नगर के विभिन्न वार्डों एवं आसपास के गांवों में पहुंची, जहां लोगों ने श्रद्धा के साथ कलश का पूजन किया। इस अवसर पर हाटा विधायक मोहन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मोतिचक अर्चना प्रदीप सिंह, अभियान संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला मंत्री ज्ञान विक्रम सिंह, सभासद जटाशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। **संत रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प**

सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि भाजपा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की पैतृक भूमि से कलश वंदन यात्रा की शुरुआत कर सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। संत रविदास जी ने समाज को बिना किसी भेदभाव के एकता और समानता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य संत रविदास जी के समतामूलक विचारों एवं सामाजिक एकता के संदेश को प्रत्येक गांव और घर तक पहुंचाना है। अभियान के सह संयोजक विश्वरंजन कुमार आनंद 'रिंकू' ने बताया कि कलश वंदन यात्रा सुकरौली मंडल के सभी वार्डों एवं ग्राम सभाओं में भ्रमण करेगी। इसके बाद रात्रि में यात्रा का हाटा नगर में विश्राम होगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुकरौली राम प्रवेश कसौधन, भाजपा नेता शिव कुमार जायसवाल, मंडल संयोजक कन्हैया लाल गौड़, डॉ. रविश सिंह, पूर्व जिला मंत्री बाबू नंदन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषि त्रिपाठी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा दलित बस्ती की महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।